वर्ष-31, अंक- 238, पृष्ठ-12 | असाढ़ कृष्ण पक्ष 04, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
रविवार
15 जून 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 10

एक नजर

कल से 19 जून तक दस्तक दे सकता है मॉनसून

रांची। झारखंड में पड़ रही भीषण गर्मी से लोग काफी परेशान हैं। ऐसे में हर कोई मॉनसून के आने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, ताकि इस चिलचिलाती गर्मी से कुछ राहत मिल सके। मौसम विभाग के अनुसार 16 जून से 19 जून के बीच कभी भी मॉनसून का आगमन झारखंड में हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 16 जून से बारिश की शुरुआत हो जाएगी। मौसम वैज्ञनिक अभिषेक आनंद ने कहा कि वैसे तो मॉनसून नार्थ झारखंड से अमूमन आता है, लेकिन इस बार फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं कि जा सकती है। वहीं, मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार इस वर्ष अच्छी बारिश होने की संभावना है।

अनगड़ा में सड़क हादसा, 2 की मौत

रांची। रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना सिकिदिरी क्षेत्र के भूसूर जंगल मोड़ पर की है। मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार एक बाइक, सड़क किनारे रखे लोहे के बड़े पाइप से टकरा गई, जिससे बाइक पर सवार तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चालक और पीछे बैठी एक किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई।

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

आज / कल

उत्तरदायित्व व टीम भावना से होगा पलामू का विकास : उपायुक्त समीरा एस

- **राष्ट्रीय नवीन मेल से विशेष बातचीत में डीसी ने बताए योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के मंत्र, कहा- जनभागीदारी से आएगा स्थायी परिवर्तन**

मेदिनीनगर। आईएएस अधिकारी समीरा एस, जिनकी जड़ें केरल की मिट्टी में हैं, उनका प्रशासनिक दृष्टिकोण अनुशासन, संवेदनशीलता और व्यावहारिक सोच का एक उत्कृष्ट संगम है। यह उनकी डीसी के रूप में पहली पदस्थापना है। थोड़े ही समय में उन्होंने पलामू जिले में योजनाओं की समीक्षा, जवाबदेही का निर्धारण और जमीनी स्तर पर कार्यों की पड़ताल शुरू कर दी है। उनका व्यक्तित्व जितना सौम्य है, उतनी ही स्पष्ट उनकी कार्यशैली सधी हुई। उनकी बातचीत में दक्षिण भारत की सहज विनम्रता और तीव्र स्पष्टता दोनों का संतुलन झलकता है। वे मानती हैं कि योजनाओं की सफलता केवल संरचना या आदेश से नहीं, बल्कि टीम भावना और उत्तरदायित्व के स्पष्ट निर्वहन से संभव है। **राष्ट्रीय नवीन मेल** के **स्थानीय संपादक राणा अरुण सिंह** से विशेष बातचीत में उन्होंने पलामू के विकास की चुनौतियों और योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रस्तुत हैं प्रमुख अंशः

सवाल : पलामू जैसे बड़े और चुनौतीपूर्ण जिले में यह आपकी पहली पोस्टिंग है। शुरुआती अनुभव कैसे रहे?

जवाब : हां, यह मेरी पहली पोस्टिंग है डीसी के रूप में और अब तक का अनुभव सशक्त और चुनौतीपूर्ण दोनों रहा है। मैंने सभी विभागों की समीक्षा शुरू कर दी है और हर क्षेत्र में सुधार की दिशा में टीम भावना से काम किया जा रहा है।

सवाल : पलामू जिले में आपकी प्रमुख प्राथमिकताएं क्या होंगी?

जवाब : पलामू आकांक्षी जिला है और यहाँ के लगभग सभी इंडिकेटर पर सुधार की

आवश्यकता है - विशेषकर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और पेयजल के क्षेत्र में। हमें यह भी आकलन करना है कि सबसे अधिक समस्या किस क्षेत्र में है ताकि उसी अनुरूप संसाधन और कार्यनीति तय की जा सके।

सवाल : आपके अनुसार विकास की रफ्तार धीमी क्यों रही है?

जवाब : मुझे लगता है कि यहाँ ऑनरशिप की भावना की कमी रही है। सिर्फ डीसी या वरीय अधिकारी के भरोसे चीज़ें नहीं चल सकतीं। हर अधिकारी को अपनी कुर्सी की जिम्मेदारी समझनी होगी और जवाबदेही निभानी होगी, तभी हम विकास की गति को तेज़ कर सकते हैं।

सवाल : क्या कहीं इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी भी है?

जवाब : नहीं, बुनियादी ढांचा उपलब्ध है। लेकिन प्रणालीगत उत्तरदायित्व की कमी के कारण व्यवस्थाएं जमीनी स्तर तक नहीं पहुँच पा रही हैं। जब एम्बुलेंस, डॉक्टर और संसाधन सब मौजूद हों फिर भी समुचित संचालन न हो, तो यह सिस्टम की खामी को दर्शाता है।

सवाल : शिक्षा के क्षेत्र में आपकी क्या प्राथमिकता है?

जवाब : बच्चों की उपस्थिति की स्थिति ठीक नहीं है, और पोर्टल पर नियमित अटेंडेंस दर्ज नहीं हो पा रहा है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि उपस्थिति को सुनिश्चित करें और पोर्टल पर अपडेट रखें। नामांकन प्रक्रिया में भी ढिलाई रही है, जिसे जून तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है।

सवाल : आरटीई के तहत सीटें खाली हैं, इस पर क्या कहेंगी?

जवाब : यह चिंता का विषय है। संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि समय पर नामांकन, किताबें, ड्रेस आदि उपलब्ध हों। इसमें सुधार की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

सवाल : कोई नया प्रयोग या बदलाव जो आप करना चाहें?

जवाब : कोई क्रांतिकारी प्रयोग नहीं, बल्कि जो योजनाएं चल रही हैं- उन्हें सही ढंग से क्रियान्वित करना ही मुख्य उद्देश्य है। जब चेयर को सम्मान और जवाबदेही दोनों मिलेगा, तभी वास्तविक बदलाव दिखेगा।

सवाल : अंत में पलामू के नागरिकों के लिए कोई संदेश?

जवाब : मैं सिर्फ अधिकारियों से नहीं, जनभागीदारी की अपेक्षा भी करती हूँ। जब प्रशासन, अधिकारी, कर्मचारी और आम जनता मिलकर चलेंगे, तभी पलामू में बदलाव संभव है।

गुमला के चैनपुर में महिला की टांगी से मारकर हत्या

- **हत्या से पहले हमलावार ने दो अन्य महिलाओं और एक बच्चे को घायल किया**
- **हमला करने के आरोपी बलिराम को ग्रामीणों ने घेरा, तो वह कुएं में कूद गया**

नवीन मेल संवाददाता

चैनपुर। गुमला जिले के चैनपुर अंचल अंतर्गत कुरूमगाड़ थाना क्षेत्र के कमलपुर गांव में शनिवार को बलिराम खड़िया नाम के एक व्यक्ति ने रीना देवी नाम की महिला की टांगी से वार कर हत्या कर दी। यह दिल दहला देने वाली घटना दिन में करीब 11:00 बजे की बताई जा रही है, जिसने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, हत्या की इस वारदात को अंजाम देने से पहले, बलिराम ने जंगल में लकड़ी इकट्ठा कर रही दो महिलाओं - कमलटोली निवासी चंद्रमुनी देवी और चंदगो निवासी कोरवाइन - से उनकी टांगी छीनकर

उन पर भी हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गईं। इतना ही नहीं, उसने गांव में ही साढ़े चार साल के एक मासूम बालक अनुज खड़िया को डंडे से मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद, तीनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। वहीं, मृतक रीना देवी की बहन रंजिता कुमारी ने बताया कि घटना के वक्त रीना के बच्चे स्कूल गए हुए थे और वह घर में अकेली थीं। बलिराम ने रीना से पानी मांगा, और जैसे ही रीना पानी लेकर आईं, उसने बेरहमी से टांगी से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में रीना की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। रीना के पति अनिल खड़िया तमिलनाडु में मजदूरी करते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, हमलावर बलिराम हर्रा करचा का निवासी है। हत्या और मारपीट का स्पष्ट कारण अभी तक सामने नहीं आया है। हालांकि, दबे स्वरों में ग्रामीण इस घटना का कारण अंधविश्वास या बलिराम की मानसिक स्थिति ठीक न होने की आशंका जता रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक, हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद भाग रहे बलिराम को ग्रामीणों ने घेरने का प्रयास किया। अपने आप को घिरा देखकर, वह गांव के ही एक कुएं में कूद गया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और कुएं को अपने कब्जे में ले लिया। हत्यारोपी बलिराम को कुएं से बाहर निकालने का प्रयास खबर लिखे जाने तक जारी थी। इस घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है और ग्रामीण सदमे में हैं। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और घटना के पीछे के वास्तविक कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

सीआरपीएफ के शहीद जवान को राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल डेस्क

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को रांची के सेक्टर-2, धुर्वा के 133 बटालियन स्थित शहीद स्मारक उद्यान पहुंचकर सीआरपीएफ के शहीद जवान सत्यवान कुमार सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ईश्वर से शहीद जवान की आत्मा की शांति एवं उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। राज्यपाल ने कहा कि हमारे सुरक्षा बलों के अद्वितीय योगदान को राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीद जवान सत्यवान कुमार सिंह के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान मुख्य सचिव अलका तिवारी और डीजीपी अनुराग गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने भी शहीद जवान को श्रद्धांजलि दी। विदित हो कि शनिवार की सुबह चाईबासा स्थित झारखंड एवं ओडिशा के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान के दौरान आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट की चपेट में आने से सीआरपीएफ, 134वीं बटालियन के एएसआई सत्यवान कुमार सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। उन्हें बेहतर इलाज के लिए राउरकेला स्थित एक अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के क्रम में वे वीरगति को प्राप्त हुए।

भारतीय सेना को कोटि-कोटि नमन

राष्ट्रीय नवीन मेल

'ऑपरेशन सिंदूर' ने हिंद सेना की डंका पूरे विश्व में बजाई है। आधुनिक युग की सेना अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित नई तकनीक में कदम रख चुकी है, जिसका लोहा अब दुनिया भी मान रही है। भारतीय सेना ने पराक्रम, अदम्य साहस और वीरता का जीता जागता उदाहरण पेश किया है। भारतीय सेना हर एक मोर्चे पर मजबूती से खड़ी थी। बफीर्ली घाटी, जलती रेत, सागर हो या ऊंचा व्योम, अपनी ताकत से दुश्मनों को धूल चटाई। भारत एक शांतिप्रिय देश है। किंतु, अगर कोई दुश्मन आम जन या सेना पर वार करे, तो उसका

नामो-निशां धरती से हम मिटा देते हैं। अपने शौर्य का परिचय देते हुए जो वीर जवान शहीद हुए, उनके शौर्य और जज्बे को सलाम करती हूं। कोटि-कोटि नमन। जय हिंद की सेना।

एक्सिओम-4 मिशन की लांचिंग अब 19 जून को

नई दिल्ली (हि.स.)। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को लेकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए बहुप्रतीक्षित एक्सिओम-4 वाणिज्यिक मिशन अब 19 जून को लांच होगा। यह मिशन भारत के लिए गर्व का क्षण होगा, क्योंकि शुभांशु शुक्ला, राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय होंगे, जो इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर कदम रखेंगे। इससे पहले शुभांशु का एक्सिओम-4 मिशन कई बार टल चुका है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेंद्र सिंह ने शनिवार को एक्स पोस्ट में बताया कि एक्सिओम-4 **शेष पेज 11 पर...**

लोहरदगा में 30 लाख के गांजे के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। पुलिस अधीक्षक लोहरदगा सादिक अनवर रिजवी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बगडू थाना क्षेत्र के ग्राम अरैया में एक बड़े गांजा तस्करी रैकेट का पदार्फाश किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने संदीप साहू (33 वर्ष) के घर से कुल 42 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। गांजा 28 पैकेटों में भरा हुआ था। इसकी अनुमानित बाजार कीमत 30 लाख रुपए आंकी जा रही है। इसकी बरामदगी वरिष्ठ पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) समीर कुमार तिर्की के नेतृत्व में गठित छापामारी दल ने की। छापामारी के दौरान दंडाधिकारी की उपस्थिति में संदीप साहू के घर की विधिवत तलाशी ली गई, जहां गांजा का यह जखीरा मिला। पुलिस पूछताछ **शेष पेज 11 पर...**

अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान में जन भागीदारी की जरूरत : एसपी

लोहरदगा। बड़े पैमाने पर गांजा समेत अन्य मादक पदार्थों का लोहरदगा में खपत को गंभीर मामला मानते हुए पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि इस पर रोकथाम और पूर्ण नियंत्रण लगाना नितांत जरूरी है। अवैध नशे के कारोबारियों का कारोबार और रैकेट ध्वस्त कर आर्थिक चोट लगातार देनी होगी। इस अभियान में पुलिस प्रशासन के साथ जागरूक नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं को आगे जाकर भागीदारी निभानी होगी। लोहरदगा पुलिस अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान में जन भागीदारी की अपील करती है।

इंडिया

जब अपने बच्चे बिगड़ जाते हैं तब पिता समझ में आता है, उसके जाने के बाद

किसी भी अच्छे या बुरे नागरिक पर सबसे गहरा प्रभाव दो व्यक्तियों का अवश्य पड़ता है पहला उसकी माता का जो अपनी ममतामयी गोद में बैठाकर अपने बच्चे को संसार की पहली सीख देती है और दूसरा उसके पिता का जो उसे संसार की वास्तिवकता से परिचित कराता है। दोनों का उसके व्यक्तित्व पर स्पष्ट प्रभाव दिखाई पड़ता है जिससे कई बार किसी युवा के अच्छे या बुरे कार्यों के बाद उसके माता-पिता का उल्लेख समाज से लेकर देश-विदेश तक में होता है। प्राचीन भारतीय सनातन समाज मनोविज्ञान को अच्छी तरह जानता था इसलिए कहावतों,कहानियों,लोक कथाओं से लेकर नीति के श्लोकों के माध्यम से चरित्र निर्माण और आदर्श व्यक्तित्व के मानक उपस्थित करता था । इसमें दान-पुण्य,उदार मानवीय पक्ष और क्षमा को

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

परम धर्म जैसे अनेक दूरगामी सिद्धांतों को युद्ध और हिंसा के दुष्परिणामों के बाद धर्म के नाम पर शामिल किया गया। पहले सविधान नहीं था तो धर्म को ही संविधान जैसी मान्यता थी और विधर्मी को समाज से बहिष्कृत करने के अनेक प्रसंग हैं । भारत के इतिहास में कहीं वर्णन नहीं है कि किसी देश को लूटने के लिए भारत ने किसी पर आक्रमण किया हो पर भारत आक्रमणकारियों के पसंदीदा स्थलों में से एक था। आक्रमणकारी भारत को मुख्य रूप से इसकी अपार संपदा, कृषि क्षमता, मसाला व्यापार, उपजाऊ नदी घाटियों आदि के कारण उपनिवेश बनाना चाहते थे। भारत में प्रत्येक विदेशी विजेता ने निर्दयतापूर्वक लोगों का शोषण किया क्योंकि भारत में मानव और प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता थी।भारत पर आक्रमण करने वाले सभी आक्रान्ताओं का भारत पर असर पडा और साथ ही पिता से होते हुए बच्चों पर जिसका नवीनतम रूप हम आज देख सकते हैं जहां राजा तक को कहा जाता था कि राजन आप धर्म के मार्ग से भटक गए हैं । आज की इंडिया में पुत्री जिसे पिता का सबसे प्रिय माना जाता है तक माता-पिता की हत्या में

शामिल मिल रही है पुत्र से लेकर माता तक कुमाता साबित हो रही है तो कहीं न कहीं पिता पर भी उंगलियां उठ रहीं हैं क्योंकि उसे ही परिवार के मार्गदर्शक की कठोर भूमिका निभानी पड़ती है। बचपन में शिशु पिता के साथ खेलता है, मस्ती करता है लेकिन कई सारे परिवारों में ऐसा होता है कि जैसे-जैसे पुत्र युवावस्था की दहलीज पर कदम रखता है पिता और पुत्र के बीच दूरियां आने लगती हैं। जबकि यह वो समय है जब पिता और बच्चों के बीच का संबंध और प्रगाढ़ होना चाहिए था इसका कारण एक पीढ़ी का अंतर तो होता ही है साथ में बड़ा कारण समाज में फैला प्रदूषण भी है जो तुरंत सब कुछ दिलाना चाहता है । ऐसे में दोनों के बीच एक दूरी आ जाती है पिता को लगता है कि वे अनुभवी हैं उम्र के इस पड़ाव पर बच्चे किसी गलत दिशा में न चले जाएं इसलिए वे उसे हर जगह जाने के लिए या हर काम के लिए हां नहीं कह पाते हैं। इस रोक-टोक में बच्चों के भविष्य की चिंता छिपी होती है लेकिन बच्चों को लगता है कि पिता अभी भी उसे छोटा बच्चा ही समझते हैं इसलिए इतनी रोक-टोक कर रहे हैं। मन ही मन दूरियां बढ़ जाती है।मां और पिता का स्वभाव बहुत अलग होता है। मां जहां बच्चों को डांटकर पुचकार लेती हैं वहीं पिता का स्वभाव ऐसा नहीं होता है। पिता को नारियल की उपमा दी गई है, बाहर से सख्त और अंदर से कोमल। कई बार नौकरी या रोजगार की मजबूरियों में पिता अपने प्रेम की अभिव्यक्ति नहीं कर पाते हैं और बच्चों को लगता है कि पिता को उनसे कोई मतलब ही नहीं है, वो अपनी बातों को पिता से साझा करना भी छोड़ देते हैं । ऐसे में उनके जीवन में प्यार पाने के लिए किसी लडके या लड़की प्रवेश होता है जैसा फिल्मों में दिखाया जाता है प्यार-जीने मरने की कसमें जो हमेशा सही नहीं होता और बच्चे माता-पिता कि हत्या तक पर उतारू हो जाते हैं । चाणक्य नीति और आचार्य कौटिल्य की नीतियों में कई ऐसे गुण छिपे हुए हैं, जिनका पालन करने से व्यक्ति कई विषम परिस्थितियों को आसानी से पार कर लेता है पर आधुनिक अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई में उन्हें अछूत बना दिया गया है ।चाणक्य कहते थे -लालयेत् पंचवर्षाणि दशवर्षाणि ताडयेत् ।प्राप्ते तु षोडशे वर्षे पुत्रं मित्रवदाचरेत् ।।अर्थात पुत्र का 5 वर्ष तक लालन करना चाहिए। 10 वर्ष तक तारण करना चाहिए। 16 वर्ष में उसके साथ मित्र के समान व्यवहार करना चाहिए।पैरेंटिंग की आधुनिक शिक्षा में बच्चों के अंदर सॉफ्ट स्किल्स यानी व्यावहारिक और सामाजिक कौशल भी विकसित किए जाने की बात कही जाती है ।अपनी बात को प्रभावी ढंग से, स्पष्ट रूप से और समझदारी भरे लहजे में दूसरे तक पहुंचाना सुनना, समझना, बॉडी लैंग्वेज और भावनाओं को व्यक्त करना भी शामिल है। आज वैश्विक युग में समय के हिसाब से अपने को अपडेट करना जरुरी है पर पिता को भी समझना चाहिए कि बच्चे उनकी प्रॉपर्टी या रेस के घोड़े नहीं और अपनी अधूरी इच्छाएं उनपर थोपने नहीं चाहिए उन्हें समाज का ऊंच-नीच समझाना तो चाहिए पर विश्वास भी करना चाहिए।

अपराध नियंत्रण व सार्वजनिक सुरक्षा हेतु दुकानों के सामने लगाए जाएं सीसीटीवी कैमरे : डीआईजी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू क्षेत्र के डीआईजी ने क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सभी थाना, पोस्ट व पिकेट प्रभारियों को निर्देश जारी किया है कि वे अपने कार्यक्षेत्र में सामर्थ्यवान व्यवसायियों से अपील करें कि वे अपनी दुकानों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। डीआईजी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अपराधियों की पहचान, अपराध के उद्भेदन और रोकथाम में सीसीटीवी फुटेज एक महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में कार्य करता है। साथ ही यह कैमरे सार्वजनिक स्थलों पर निगरानी और आम लोगों की सुरक्षा के लिए भी उपयोगी सिद्ध होते हैं।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कैमरों की स्थापना ऐसे प्रमुख स्थानों पर की जाए जिससे अधिकतम क्षेत्र की निगरानी संभव हो सके। यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिकतम दुकानों के सामने

कैमरे लगे हों और उनका एंगल सड़क, फुटपाथ और सार्वजनिक गतिविधियों वाले क्षेत्रों को कवर करता हो। डीआईजी ने कहा है कि स्थानीय थाना प्रभारी व पुलिस निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्र के व्यवसायियों को इसके लिए प्रोत्साहित करें, जिससे अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जा सके।

डीआईजी का यह निर्देश सभी पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, थाना, पोस्ट व पिकेट प्रभारियों को भेजा गया है। साथ ही लातेहार, गढ़वा व पलामू के पुलिस अधीक्षकों को भी निर्देश दिए गए हैं।

पांकी में सड़क दुर्घटना, दो युवक गंभीर रूप से घायल

नवीन मेल संवाददाता

पांकी। मेदिनीनगर मुख्य पथ पर तेतराई नहर के पास शनिवार को एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में केकरगढ़ निवासी लोकेन्द्र यादव और प्रमोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद प्रमोद कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक मेदिनीनगर से पांकी की ओर जा रही थी और सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। घटना के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पांकी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार को जब्त कर लिया है और आगे की जांच की जा रही है।

पांकी के ठेकही गांव में महिला से मारपीट, थाने में की शिकायत

नवीन मेल संवाददाता

पांकी। प्रखंड के ठेकही गांव में एक महिला के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है। पीड़िता रिंकू देवी ने पांकी थाना में लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया कि गांव के उपेंद्र भुइयां और कुणाल भुइयां ने उनके साथ बुधवार की रात मारपीट की। महिला ने यह भी बताया कि उसके पति और बच्ची के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

◀◀ बकाया रुपये मांगने पर मारपीट, महिला ने लगाया गंभीर आरोप

महिला ने देवर व ननद पर मारपीट व छेड़खानी का लगाया आरोप

हुसैनाबाद। थाना क्षेत्र के पतरा खुर्द गांव में एक महिला ने अपने देवर और ननद पर मारपीट व छेड़खानी का गंभीर आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है।

महिला बबीता देवी, मूल रूप से छतरपुर के तेलाडी.गांव की निवासी, फिलहाल अपने मायके में रह रही हैं। प्राथमिकी में उन्होंने बताया कि देवर जयप्रकाश गुप्ता और ननद ने घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट की और बाल नोचने के साथ छेड़खानी भी की। साथ ही पेट्रोल छिड़क कर घर जलाने की धमकी दी। शोर सुनकर ग्रामीणों के आने पर दोनों फरार हो गए। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

चपरना गांव में प्रेमिका की हत्या का आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

नीलाम्बर-पीताम्बरपुर। लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के चपरना गांव में युवती मालती कुमारी की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी साजन भुइयां को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि साजन को कांड संख्या 73/2025 में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पीड़िता की मां लीलावती देवी द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

बंद घर से डेढ़ लाख की चोरी, भुक्तभोगी कोल्काता से इलाज कर लौटे तो टूटा ताला

हुसैनाबाद। थाना क्षेत्र के कुशा नारायणपुर गांव में चोरों ने एक बंद घर का ताला तोड़कर नकदी, आभूषण, गैस सिलेंडर, टीवी, इनवेटर बैटरी और रसोई सामान सहित करीब डेढ़ लाख रुपए की संपत्ति चुरा ली। प्रभावित परिवार के मुखिया अर्जुन विश्वास अपने पिता के इलाज के लिए कोलकाता गए हुए थे। 5 जून की रात चोरी की घटना हुई। लौटने के बाद उन्होंने थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। चोरी की इस घटना से ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना है।

नशामुक्त समाज निर्माण चुनौतीपूर्ण, गांव-गांव में फल-फूल रहा नशे का अवैध कारोबार

▶ नया कानून बना सहारा, लेकिन मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश अब भी चुनौती

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। नशा समाज के हर तबके को अपनी चपेट में ले रहा है, विशेषकर युवा पीढ़ी तेजी से इसके दलदल में फंस रही है। गांव-गांव में मादक पदार्थों और कच्ची शराब का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। गरीब तबका इसका सबसे बड़ा शिकार बनता जा रहा है। एक सर्वेक्षण के अनुसार, 30 वर्ष से कम आयु के लोग सबसे अधिक नशे के आदी पाए गए हैं। ये युवा न केवल मानसिक व शारीरिक रूप से बीमार हो रहे हैं, बल्कि अपराध के रास्ते पर भी बढ़ते जा रहे हैं। इससे न केवल उनका व्यक्तिगत जीवन बल्कि पारिवारिक और सामाजिक तानाबाना भी प्रभावित हो रहा है। बिहार में शराबबंदी के बाद झारखंड में भी छत्तीसगढ़ से महुआ की तस्करी और उससे बनी कच्ची शराब की खुलेआम बिक्री देखी जा रही है। इस पूरे अवैध कारोबार पर अंकुश लगाना नई सरकार और प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। फिलहाल सिर्फ जेएसएलपीएस द्वारा कुछ क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन सरकार की घोषित संकल्पना को साकार करने के लिए गांव-गांव में कड़ी कार्रवाई और जनभागीदारी की जरूरत है।

पांकी में धड़ल्ले से हो रहा अवैध लकड़ियों का कारोबार, वन प्रशासन मौन

नवीन मेल संवाददाता

पांकी। प्रखंड के कारीमाटी, अंदाग, बीरवीर पुंडरू के जंगलों से अवैध लकड़ियों का कारोबार बीते कई वर्षो से धड़ल्ले से हो रहा है,जंगलों को काटकर लकड़ी माफिया रात के अंधेरे से लेकर दिन के उजाले तक वाहनों पर लादकर उसे बेचने का कार्य बेखौफ होकर कर रहे हैं जिस पर ना तो वन प्रशासन की नजर है और ना ही जनप्रतिनिधियों की। वर्षों से चल रहा है इस अवैध कारोबार के कारण प्रखंड के जंगलों का अस्तित्व अब खतरे में है, शाम होते ही अवैध लकड़ियों को बेचने का कारोबार शुरू हो जाता है जो पूरी रात एवं सुबह तक चलता है, यदा कदा वन प्रशासन इस कारोबार को रोकने का प्रयास तो करती है लेकिन लकड़ी माफियाओं की सतर्कता के आगे उनका प्रयास विफल हो जा रहा है। एक तरफ सरकार जंगल बचाने को लेकर अनेकों योजनाएं चला रही है एवं वनों के संरक्षण हेतु लाखों रुपए खर्च भी हो रहे हैं एवं वन संबंधित क्षेत्र के देखभाल एवं बचाव हेतु वनपाल सहित अन्य कर्मियों की नियुक्ति भी है बावजूद माफियाओं की सक्रियता सरकार के सिस्टम को ठेंगा दिखा रही है एवं माफिया बेखौफ होकर अवैध लकड़ियों के व्यापार से चांदी काट रहे हैं।

बहु विभागीय प्रयास से मिलेगा बटाने नदी को पुनर्जीवन, डीपीआर के लिए जिला तकनीकी टीम ने किया स्थल भ्रमण

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज (पलामू)। बटाने नदी के पुनर्जीवन के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार करने को लेकर जिला स्तरीय तकनीकी टीम ने शनिवार को बटाने नदी तट और बटाने डेम का स्थल भ्रमण किया। इस टीम का नेतृत्व डीडीसी शब्बीर अहमद ने किया। टीम ने नदी क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक संरचनाओं की पहचान की, जिससे प्रभावी पुनर्जीवन कार्य को आगे बढ़ाया जा सके। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि नदी संरक्षण के लिए बहु-विभागीय समन्वय जरूरी है। भूमि संरक्षण विभाग और जल संसाधन विभाग द्वारा वाटरशेड डेवलपमेंट की योजना बनाई जाएगी। वहीं, डेम जैसी संरचनाओं के लिए डीपीआर का जिम्मा लघु सिंचाई विभाग को सौंपा गया है। नदी के किनारों पर भूमि उपचार से जुड़े कार्य मनरेगा के माध्यम से कराए जाएंगे। डीडीसी ने बताया कि यह प्रयास नदी के दीर्घकालिक संरक्षण, जल प्रबंधन और आसपास के लोगों की आजीविका में सुधार लाने की दिशा में एक बड़ी पहल है। स्थल भ्रमण के आधार पर एक ठोस और व्यावहारिक डीपीआर तैयार कर राज्य और केंद्र सरकार को अनुमोदन हेतु भेजा जाएगा। तकनीकी टीम में डीडीसी के साथ डीएफओ सत्यम कुमार, एसडीओ मेदिनीनगर सुलोचना मीणा, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी (छत्तरपुर, नौडीहा बाजार, हरिहरगंज), संबंधित अंचलाधिकारी, डीएमएफटी परियोजना पदाधिकारी, लघु सिंचाई विभाग एवं मनरेगा के अभियंता सहित संबंधित अधिकारी शामिल थे।

अतिक्रमण हटाओ अभियान फिर शुरू प्रशासनिक कार्रवाई से मचा हड़कंप

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। हैदरनगर बाजार क्षेत्र में वर्षों से जारी अतिक्रमण हटाओ अभियान में शुक्रवार को प्रशासन ने फिर से कार्रवाई शुरू की। अंचलाधिकारी संतोष कुमार के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस बल के साथ बुलडोजर की सहायता से आंशिक अतिक्रमण हटाया गया। वर्ष 2018 के सीमांकन के अनुसार जिन 19 घरों को नोटिस दिया गया था, उनमें से कुछ पर ही कार्रवाई हुई, जिससे लोगों में असंतोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कार्रवाई नाम मात्र की हो रही है। सदाबह नदी, नालों और सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण अब भी जारी है। पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं ने निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि न्याय न मिलने पर वे न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। पूर्व विधायक कमलेश सिंह और जिला पार्षद अंजू देवी के प्रयास से 12.47 लाख की प्रशासनिक

स्वच्छता मिशन में शामिल बीडब्ल्यूसी ने लिया प्रशिक्षण, अब गांवों को स्वच्छ बनाने की तैयारी

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। रांची के कांके स्थित विश्वेश्वरैया स्वच्छता एवं जल अकादमी में जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन के तहत कार्यरत ब्लॉक वॉश कॉर्डिनेटरों (बीडब्ल्यूसी) का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। धन्यवाद ज्ञापन मोहम्मदगंज की बीडब्ल्यूसी प्रीति कुमारी दुबे ने दिया। इस प्रशिक्षण में हैदरनगर व मोहम्मदगंज के बीडब्ल्यूसी हरसु कुमार दयानिधि और प्रेमतोष पांडेय सहित राज्य भर के बीडब्ल्यूसी ने भाग लिया। तीन चरणों में हुए इस प्रशिक्षण में कुल 21 जिलों के बीडब्ल्यूसी को स्वच्छता, पर्यावरणीय संतुलन, ठोस-तरल कचरा प्रबंधन, जैविक कचरे का निपटान, ब्लैक वाटर ट्रीटमेंट, गोबर्धन योजना, प्लास्टिक प्रबंधन और शौचालय से निकले जल के उचित उपयोग से संबंधित गहन जानकारी दी गई। यूनिसेफ के प्रेमचंद, लक्ष्मीकांत शिंदे और शैलेश द्वारा संचालित इस प्रशिक्षण में सभी प्रतिभागी काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने इसे बेहद उपयोगी और जमीनी स्तर पर बदलाव लाने वाला बताया।

'नशे को ना, जीवन को हां' अभियान के तहत सतबरवा में क्विज प्रतियोगिता आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

सतबरवा। झारखंड सरकार के ₹नशे को ना, जीवन को हां₹ अभियान के तहत शनिवार को प्लस टू सर्वोदय उच्च विद्यालय सतबरवा में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिलेभर के सभी विद्यालयों में एक जैसे प्रश्न पूछे गए, जिन्हें जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराया गया था। कार्यक्रम में जिला मादक पदार्थ निषेध प्रशिक्षक अभिषेक तिवारी और दिलीप कुमार ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि ऐसे प्रतियोगिता छात्रों में जागरूकता, आत्म-नियंत्रण और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देती है। प्रशिक्षकों ने कहा कि नशे से न केवल स्वास्थ्य प्रभावित होता है, बल्कि यह सामाजिक और पारिवारिक जीवन को भी छिन्न-भिन्न कर देता है। कार्यक्रम में सत्य प्रकाश शर्मा, सुबोध कुमार, रवि रंजन कुमार, भीम यादव और मेघा कुमारी सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

दो दशक बाद भी अधूरा है काशीस्त्रोत डैम का विकास, किसान व सैलानी कर रहे इंतजार

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। गोडाडीह पंचायत स्थित काशीस्त्रोत डैम से सिंचाई और पर्यटन की उम्मीदें अब तक अधूरी हैं। बीते दो दशकों में दो बार शिलान्यास और विकास के प्रयास हुए, लेकिन नतीजा शून्य रहा। पंचम खान, पूर्व मुखिया, ने बताया कि रमवां बाध की जमींदारी पर बने इस डैम से आज भी सीमित सिंचाई हो रही है। 2003 में तत्कालीन मंत्री रामचंद्र केसरी और 2013 में मंत्री अन्नपूर्णा देवी व विधायक संजय कुमार सिंह यादव द्वारा शिलान्यास हुआ था। हाल ही में विधायक ने इस डैम में सोन नदी से पाइपलाइन के जरिए पानी लाकर सिंचाई विस्तार की घोषणा की है। स्वीकृति भी मिली थी, परंतु यह राशि मुआवजा भुगतान में खर्च हो गई। इस डैम से पंचपोखरी, डाली, माली, बेगमपुरा, पटखौलिया, तेंदुआ सहित दो दर्जन गांवों की जमीन सिंचित हो सकती है। साथ ही पिकनिक स्पॉट भीमचूल्हा और डैम स्थल को यदि विकसित किया जाए, तो यह एक प्रमुख पर्यटक स्थल बन सकता है। युवा कांग्रेस के राहुल सिंह ने इसके सौंदर्यीकरण पर सुझाव दिए हैं, लेकिन विभागीय सक्रियता अभी भी शून्य है।

नावाबाजारः फर्जी प्रमाण पत्र पर आंगनबाड़ी सेविका का चयन, लोगों ने की चयन रद्द करने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

नावाबाजार। प्रखंड के सिंजो गांव स्थित माधी पिपरा टोला में आंगनबाड़ी सेविका पद पर नियुक्त दुर्गा कुमारी के चयन पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दुर्गा कुमारी छतरपुर प्रखंड के हुटुकदाग गांव की निवासी हैं और उन्होंने फर्जी स्थानीय प्रमाण पत्र के आधार पर यह नियुक्ति पाई है। संगीता कुमारी सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और समाज कल्याण विभाग को भेजते हुए सेविका के चयन को रद्द कर पुनः चयन प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि प्रमाण पत्र में जिन जमीन दस्तावेजों का उल्लेख है, वे सत्यापित नहीं हैं और नामों में भी भिन्नता पाई गई है।

जागरूकता | **'नशे को ना, जिंदगी को हां' थीम पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित**

एनएसएस इकाई द्वारा युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एके सिंह कॉलेज जपला इकाई के तत्वावधान में शुक्रवार को महाविद्यालय परिसर में मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने हेतु एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने की। इस सेमिनार का मुख्य थीम 'नशे को ना, जिंदगी को हां' था।

नशे की लत से मानसिक असंतुलन, हृदय रोग, जैसी होती है बीमारियां

एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी सह पलामू जिला नोडल पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशे की लत से मानसिक असंतुलन, हृदय रोग, संक्रामक बीमारियां और सामाजिक दूरी जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि नशीली दवाएं मस्तिष्क के कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं, लेकिन इलाज और परामर्श से इससे बाहर निकला जा सकता है। इस अवसर पर प्रो. शशिभूषण सिंह, प्रो. अशोक कुमार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अमरेंद्र कुमार सिंह, विवेक कुमार सहित अनेक शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. राहुल कुमार सिंह ने किया।

अवैध लकड़ी लदे ट्रैक्टर जब्त चालक समेत दो गिरफ्तार

◀◀ पुलिस की सक्रियता से आधी रात को ऊपरी कला मोड़ के पास हुई कार्रवाई, वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध लकड़ी लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। साथ ही ट्रैक्टर चालक और एक बाइक सवार को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार देर रात गश्ती के दौरान रात्रि लगभग दो बजे सूचना मिली कि इंटबांध गांव की ओर से एक ट्रैक्टर में अवैध रूप से लकड़ी लादकर जपला की तरफ लाया जा रहा है। सूचना मिलते ही एएसआई अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को अलर्ट किया गया। पुलिस वाहन जब ऊपरी कला गांव मोड़ के समीप पहुंचा, तो एक ट्रैक्टर और बाइक सवार पुलिस को देख भागने लगे। जवानों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में ट्रैक्टर चालक की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत बेला गांव निवासी अजय राजवंशी के रूप में हुई, वहीं बाइक सवार टंडवा थाना क्षेत्र के मेहंदी बिगहा निवासी राहुल मेहता बताया गया। दोनों से जब लकड़ी के संबंध में वैध कागजात मांगे गए, तो वे प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने लकड़ी लदे ट्रैक्टर व बाइक को जब्त करते हुए थाना लाया और दोनों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

नीट यूजी परीक्षा में आरिफ को मिली सफलता, ऑल इंडिया रैंक 11630

मेदिनीनगर। नगर निगम क्षेत्र के पहाड़ी मोहल्ला स्थित राहत नगर निवासी नसीम आलम और खुशबू निशा के पुत्र आरिफ ने नीट यूजी परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया 11630वीं और ओबीसी कैटिगरी में 4945वीं रैंक प्राप्त की है। उसने कुल 720 अंकों में से 551 अंक अर्जित किए। आरिफ ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता को दिया। उसके पिता की कचहरी परिसर में फोटोकॉपी की दुकान है और माता गृहिणी हैं। आरिफ ने बताया कि वह पिछले तीन वर्षों से घर पर रहकर ऑनलाइन क्लास के माध्यम से तैयारी कर रहा था और प्रतिदिन आठ घंटे अध्ययन करता था। उसने कहा कि पढ़ाई में समय की गुणवत्ता मायने रखती है, जितना समय दें, पूरी निष्ठा से दें तो सफलता निश्चित है।

बनाही ग्राम में स्कूली बच्चों ने निकाली नशा मुक्ति जागरूकता रैली

- अभियान में बच्चों ने ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। विश्रामपुर के पिथौरा स्कूल के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को बनाही ग्राम में नशा मुक्ति को लेकर एक जागरूकता रैली निकाली। सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से प्रेरित इस अभियान में बच्चों ने ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी और नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया।

रैली के दौरान डायल 112 सेवा, महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और पुलिस-पब्लिक संबंधों पर भी छात्रों को विस्तार से बताया गया। बच्चों ने स्लोगन और पोस्टर के माध्यम से नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

इस आयोजन में ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने बच्चों के इस प्रयास की सराहना की और इसे समाज में बदलाव लाने वाला कदम बताया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक व पुलिस विभाग के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

ब्राउन शुगर मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़, मुख्य सरगना सरहज के साथ गिरफ्तार, लाखों की सामग्री जब्त

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चतरा पुलिस ने ब्राउन शुगर की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। इस दौरान मुख्य सरगना रौशन कुमार दांगी उर्फ भगीरथ दांगी को उसके सरहज रूबी देवी के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों को शनिवार को जेल भेज दिया गया।

एसपी ने प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों के पास से 287 ग्राम ब्राउन शुगर, 11.172 किलोग्राम अफीम, 44 लाख 57 हजार 350 रुपये नकद, एक ब्राउन शुगर मशीन, एक बाइक एक मोबाइल और एक बाइक की चाबी जब्त की गई है।

मुख्य आरोपी रौशन दांगी, ग्राम तेतरीया, थाना पत्थलगड़ा का निवासी है जबकि उसकी सरहज रूबी देवी, ग्राम बूढ़ीगढ़ा, थाना राजपुर, चतरा की रहने वाली है। पुलिस के अनुसार रौशन दांगी का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ 2021 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

छापेमारी अभियान में कई थाना प्रभारी, डीएसपी और प्रशिक्षु अधिकारी शामिल थे। अन्य तस्करों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

पशुओं में रोग नियंत्रण हेतु टीकाकरण जारी

- अब तक एफएमडी के 90 हजार और एलएसडी के 79 हजार से अधिक टीके
- 19 मई से 16 जुलाई तक चलाया जा रहा अभियान, छह लाख पशुओं को टीकाकरण का लक्ष्य

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले में पशुपालन विभाग द्वारा खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) और लंपी स्किन डिजीज (एलएसडी) के रोकथाम हेतु व्यापक टीकाकरण अभियान जारी है। यह अभियान 19 मई से शुरू होकर 16 जुलाई तक चलेगा। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि 2025 तक एफएमडी पर नियंत्रण और 2030 तक इसका उन्मूलन किया जा सके। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. प्रभाकर सिन्हा ने जानकारी दी कि जिले में छह लाख टीकों की आपूर्ति की गई है। भारत पशुधन ऐप पर डेटा अपलोड करने पर प्रत्येक पशु के टीकाकरण पर 5 का मानदेय भी निर्धारित है। पहले चरण में छह लाख गाय एवं भैंसों को टीका देने का लक्ष्य है। अब तक एफएमडी के 90,969 पशुओं और एलएसडी के 79,366 पशुओं को टीका लगाया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि एफएमडी टीकाकरण हेतु कुल लक्ष्य 7,31,123 है जबकि एलएसडी के लिए 6,39,496 पशुओं को चिह्नित किया गया है। टीकाकरण की प्रगति में चैनपुर प्रखंड अग्रणी बना हुआ है।

15 से 30 जून तक चलेगा धरती आबा जन भागीदारी अभियान : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर 15 से 30 जून तक जिले में धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत जागरूकता एवं लाभ शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त समीरा एस ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य अनुसूचित जनजाति व विशेष पिछड़ी जनजाति (समुदायों को केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है।

जिले के सभी प्रखंडों के चयनित पंचायतों में पूर्वाह्न 10:30 बजे से शिविर लगाए जाएंगे। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को पंचायतवार शिविरों के आयोजन का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने नोडल पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर सघन समन्वय के साथ अभियान सफल बनाने की अपील की है।

लाभुकों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

शिविर में आधार कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, सिक्ल सेल टेस्टिंग, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन योजना, आय/जाति/आवासीय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, केसीसी कार्ड जैसे लाभ सीधे लाभुकों तक पहुंचाए जाएंगे। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने स्टॉल शिविरों में लगाएं और लाभुकों को योजना का लाभ ऑनसाइट प्रदान करें। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, कल्याण पदाधिकारियों और तकनीकी टीमों को शिविर में सक्रिय भागीदारी के निर्देश दिए हैं ताकि अधिक से अधिक पात्र समुदाय लाभान्वित हो सकें।

बिजली आपूर्ति की खराब स्थिति से लोग परेशान, बढ़ रही नाराजगी

- गर्मी में बदहाल बिजली आपूर्ति, ग्रामीण व शहरी क्षेत्र दोनों प्रभावित

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिले भर में गर्मी के बढ़ते प्रकोप के साथ बिजली आपूर्ति की दयनीय स्थिति ने आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। बीते कुछ दिनों से जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मात्र 10–12 घंटे ही बिजली मिल रही है। शनिवार को पूरे दिन बिजली आंख-मिचौली खेलती रही।

स्थानीय लोगों ने बताया कि बिजली की अनियमितता से जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मोटर से पानी नहीं चढ़ पा रहा, मोबाइल-इन्वर्टर चार्ज नहीं हो पा रहे, जबकि विद्युत-आधारित अधिकांश कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ रही है।

गौरतलब है कि शुक्रवार को दिशा की बैठक में विधायक ने बिजली विभाग को आपूर्ति में सुधार लाने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ है। जिले को जहां 125 मेगावाट बिजली की आवश्यकता है, वहीं डाल्टनगंज डिवीजन को 90 मेगावाट चाहिए, लेकिन वर्तमान में आपूर्ति की स्थिति बेहद कमजोर बनी हुई है।

पुलिस लाइन स्टेडियम में नए खेल परिसरों का उद्घाटन आज

मेदिनीनगर। पुलिस लाइन स्टेडियम, मेदिनीनगर में शनिवार 15 जून को विशेष रूप से पुलिसकर्मियों के लिए निर्मित बास्केटबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट तथा क्रिकेट प्रैक्टिस पिच का उद्घाटन किया जाएगा। एसपी रिशमा रमेशन ने बताया कि यह पहल पुलिस बल की शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य तथा सामूहिक सौहार्द को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने कहा कि "खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व कौशल का माध्यम है – जो हर पुलिस अधिकारी के लिए आवश्यक है।"

शहर थाना प्रभारी ने डीआईजी से ली मार्गदर्शन, कानून-व्यवस्था व पुलिस-पब्लिक संबंध पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने शुक्रवार को पलामू क्षेत्र के डीआईजी नौशाद आलम से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने शहर की वर्तमान विधि-व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को सामने रखा और क्षेत्र में शांति एवं बेहतर कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए अपनी कार्ययोजना साझा की।

थाना प्रभारी ने डीआईजी से यह भी आग्रह किया कि शहरी क्षेत्र में पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय कैसे स्थापित किया जाए, इस पर उन्हें मार्गदर्शन दिया जाए।

डीआईजी नौशाद आलम ने सकारात्मक सुझाव देते हुए कहा कि आज के दौर में पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद की मजबूत कड़ी आवश्यक है। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि वे सामुदायिक पुलिसिंग पर विशेष ध्यान दें और जनसहयोग से अपराध नियंत्रण के प्रयास तेज करें। डीआईजी ने कहा कि जब तक पब्लिक और पुलिस के बीच मित्रवत संबंध नहीं होंगे, तब तक प्रभावी पुलिसिंग संभव नहीं है।

'आधुनिक शिक्षा और शिक्षक की भूमिका' विषय पर नेतरहाट में कार्यशाला आयोजित

शिक्षा केवल किताबी नहीं जीवनोपयोगी भी हो : शिक्षा मंत्री

- नैतिकता, समावेशिता और तकनीक आधारित शिक्षा पर दिया गया विशेष जोर

नवीन मेल संवाददाता

महुआडांड़। प्रसिद्ध नेतरहाट आवासीय विद्यालय में शनिवार को "आधुनिक शिक्षा एवं शिक्षक तथा वर्तमान चुनौतियां" विषय पर एक दिवसीय राज्यस्तरीय शैक्षणिक कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने दीप प्रज्वलन कर किया।

इस अवसर पर राज्य के प्रतिष्ठित शिक्षाविद, केंद्रीय विद्यालय संगठन के अधिकारी, प्रशासनिक प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि और शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के आलोक में शिक्षकों की भूमिका को नए दृष्टिकोण से परिभाषित करना, शिक्षा में नैतिक मूल्यों का समावेश और तकनीक-संलग्न शिक्षण पद्धति को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में पौधारोपण से की गई, जिसमें शिक्षा मंत्री ने खुद भी भाग लिया। उन्होंने पर्यावरण संतुलन और वृक्षारोपण को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि प्रकृति की रक्षा करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

इसके बाद अष्टम आश्रम का उद्घाटन और नामकरण किया गया। आश्रमों का नाम स्वतंत्रता संग्राम के महापुरुषों नीलाम्बर-पिताम्बर, सिद्धू-कान्हू और वीर बुधु भगत के नाम पर रखा गया। इसके उपरांत दीप प्रज्वलन और अतिथियों का पारंपरिक स्वागत हुआ।

विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को तकनीक के साथ अपने शिक्षण को और प्रभावशाली बनाना होगा।

विद्यालय के सभापति संतोष उरांव ने कहा कि गुरु का कार्य केवल पाठ पढ़ाना नहीं है, बल्कि वह एक मार्गदर्शक, प्रेरक और भावनात्मक सहयोगी होता है। उन्होंने शिक्षक की भूमिका को युगांतकारी बताते हुए कहा कि एक शिक्षक समाज को दिशा देने वाला होता है।

केंद्रीय विद्यालय संगठन रांची के उपायुक्त डी. पी. पटेल ने नई शिक्षा नीति की चर्चा करते हुए कहा कि इसका मूल उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास है। उन्होंने छात्रों को स्वाध्याय की आदत डालने और विद्यालय के पुस्तकालय का अधिकतम उपयोग करने की सलाह दी।

शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव कुवर सिंह पाहन ने कहा कि शिक्षकों को अपनी शिक्षण शैली को लचीला और छात्र-केंद्रित बनाना चाहिए। वहीं रांची विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ. कामिनी कुमार ने शिक्षक-छात्र संबंधों में संवाद और सहजता को ज़रूरी बताया।

विधायक रामचंद्र सिंह ने नेतरहाट विद्यालय की गरिमा का उल्लेख करते हुए इसे राज्य की शिक्षा व्यवस्था का गौरव बताया और शिक्षकों से उनके सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की अपेक्षा जताई।

मोटिवेशनल ट्रेनर डॉ. मनुकूल ने मॉडल के माध्यम से शिक्षकों को बेहतर शिक्षण कौशल विकसित करने के सुझाव दिए।

मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने अपने विस्तृत संबोधन में कहा कि नेतरहाट विद्यालय न केवल राज्य बल्कि पूरे देश में शिक्षा का आदर्श केंद्र है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय की स्थापना का उद्देश्य ही गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और जीवनमूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करना रहा है। मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार शिक्षा की बेहतरी को लेकर पूरी तरह चिंतनशील और प्रयत्नशील है। स्कूली शिक्षा में सुधार के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में छात्रों को केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन कौशल, नैतिकता, व्यवहारिकता और तकनीकी समझ भी देना ज़रूरी है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें। शिक्षा केवल नौकरी तक सीमित न रहे, बल्कि वह छात्रों को बेहतर इंसान बनाए—इस दिशा में शिक्षक अपने कर्तव्य का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पालन करें। उन्होंने इस प्रकार की कार्यशालाओं को आवश्यक बताते हुए कहा कि ऐसे मंचों से शिक्षकों में नवाचार और आत्ममंथन की भावना जागृत होती है।

अंत में कार्यक्रम का समापन शिक्षक रवि प्रकाश सिंह द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन से हुआ, जिसमें सभी अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों का आभार प्रकट किया गया।

चतुर्थ वर्गीय बहाली विज्ञापन पर शुरू हुआ विरोध, स्थानीय युवाओं को वरीयता व लिखित परीक्षा की मांग तेज

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला अंतर्गत चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी की नियुक्ति से संबंधित हालिया प्रकाशित विज्ञापन पर विरोध शुरू हो गया है। उपायुक्त कार्यालय द्वारा सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के आलोक में छह महीने के भीतर नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु 585 चतुर्थ वर्गीय पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। इसमें 18 से 35 वर्ष की आयु सीमा निर्धारित की गई है, जबकि पूर्व में परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को अधिकतम 15 वर्षों की अतिरिक्त छूट दी गई है। बहाली प्रक्रिया में मैट्रिक परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेधा सूची तैयार कर अभ्यर्थियों को शारीरिक परीक्षण व साइकिल चलाने की क्षमता के लिए आमंत्रित किया जाना है। शनिवार को दर्जनों अभ्यर्थियों ने उपायुक्त समीरा एस को ज्ञापन सौंपकर बहाली प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और स्थानीय अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य के सभी जिलों के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन आमंत्रित करने से पलामू के स्थानीय युवाओं का हक मारा जा रहा है। साथ ही विज्ञापन में पाठ्यक्रम (सिलेबस) का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है और बिना लिखित परीक्षा के मेधा सूची बनाने से पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

अभ्यर्थियों ने मांग की है कि चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा को अनिवार्य किया जाए, सिलेबस स्पष्ट किया जाए, तथा पूर्व में कार्यरत 251 अनुसेवकों को समायोजित कर पुनः संशोधित विज्ञापन प्रकाशित किया जाए। अभ्यर्थियों के इस विरोध का नेतृत्व कर रहे सत्यनारायण शुक्ला ने कहा कि पूर्व की नियुक्ति प्रक्रिया को ही मॉडल मानकर इस बार भी बहाली होनी चाहिए और स्थानीय युवाओं को ही प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इधर, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बर्खास्त किए गए पूर्व चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों ने भी उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर समायोजन की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे 16 जून को रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन करेंगे, और इसके बाद राज्य के मुख्यमंत्री का घेराव करने की योजना बनाई गई है।

डीसी से मिला शिक्षक संघ शिक्षकों की समस्याओं को रखा

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। झारखंड पल्स टू शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को उपायुक्त दिनेश कुमार यादव से मुलाकात की और उन्हें शॉल ओढ़ाकर व पुष्पगुच्छ भेंटकर जिले में पदस्थापन के लिए स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पलामू प्रमंडलीय अध्यक्ष सह गोविंद पल्स टू विद्यालय के प्राचार्य विश्व विजय सिंह ने किया। मुलाकात के दौरान संघ ने उपायुक्त को एक मांग-पत्र सौंपा और शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में शिक्षकों को सम्मानजनक वेतन देने की बात कही गई है, लेकिन राज्य में लागू नई नियमावली में टीजीटी और पीजीटी

शिक्षकों का वेतन कम कर दिया गया है, जिससे योग्य अभ्यर्थी शिक्षा क्षेत्र से दूर हो रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अधिकांश विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक के भरोसे संचालित हो रहे हैं, जिन्हें अतिरिक्त जिम्मेदारी के बदले कोई मानदेय नहीं मिलता, जबकि कार्य में कमी पर दंडित किया जा रहा है। संघ ने स्थायी प्रधानाध्यापक की नियुक्ति को आवश्यक बताया। इसके अलावा उन्होंने एसीपी और एमएसीपी लाभ, शिक्षक पदोन्नति के बंद रास्ते, विद्यालयों में कंप्यूटर और उपकरणों की सुरक्षा के लिए रात्रि प्रहरी की नियुक्ति, सफाईकर्मी की व्यवस्था, आउटसोर्सिंग की सुविधा, विद्यालयों की भूमि अतिक्रमण से मुक्ति और चहारदीवारी निर्माण, बिजली बिल एवं होल्डिंग टैक्स भुगतान हेतु फंड की मांग रखी। संघ ने यह भी कहा कि कुछ उत्क्रमित विद्यालयों में नामांकन बहुत कम है जबकि कुछ में अत्यधिक, ऐसे में पोषक क्षेत्र आधारित प्रवेश नीति और नामांकन बढ़ाने के अभियान की आवश्यकता है। प्रतिनिधिमंडल में गोविंद कुमार, सुधाकर सिंह, विवेक सिंह, अंतू यादव, राकेश गुप्ता, मनोज कुमार, चंद्रमौलेश्वर पांडे सहित कई सदस्य शामिल थे।

मेराल पूर्वी पंचायत में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

मेराल। पूर्वी पंचायत भवन में शनिवार को मुखिया रामसागर महतो के नेतृत्व में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इंटर और मैट्रिक परीक्षा में श्रेष्ठ अंक लाने वाले 11 छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ सतीश भगत, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन तथा रुपू महतो थे। मुखिया रामसागर महतो ने बताया कि यह कार्यक्रम 2022 से उनके निजी खर्च पर आयोजित होता है। प्रथम सम्मान इंटर साइंस में 91.6% लाने वाले प्रभात कुमार कुशवाहा को दिया गया। अन्य छात्रों में अनामिका कुमारी, चन्दन कुमार, अभय कुमार, विवेक कुमार गुप्ता, नंदनी कुमारी, पायल कुमारी, रुकसार खातून, नितिश कुमार, खुशबू राज और खुशबू अंजली कुमारी शामिल थे।

झोपड़ी में आग लगने से दो बछड़ों की मौत, लाखों की संपत्ति राख

नवीन मेल संवाददाता

कांडी। थाना क्षेत्र के बलियारी गांव स्थित टोला बरवाडीह में शनिवार दोपहर एक झोपड़ी में अचानक आग लगने से दो बछड़ों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गायें और एक भैंसा झुलस गए। झोपड़ी में रखा लगभग दो लाख रुपये मूल्य का अनाज, उपकरण और अन्य सामग्री भी जलकर खाक हो गया। घटना अरुण कुमार पिता कृष्णा मेहता के घर की है। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। पीड़ित के अनुसार झोपड़ी में 5 क्विंटल गेहूं, एक डीजल पंप, एक बिजली मोटर पंप, एक चारा मशीन, 50 किलो डिलिवरी पाइप, 40 क्विंटल भूसा, 10 क्विंटल पौटा और बड़ी मात्रा में लकड़ी-बांस रखे थे। ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया, अन्यथा आसपास के कई घरों को नुकसान हो सकता था। घटना की जानकारी मिलते ही जिला पार्षद सुषमा कुमारी के प्रतिनिधि दिनेश कुमार 1967 पर कॉल कर एंबुलेंस और पशु चिकित्सक के साथ घटनास्थल पहुंचे तथा घायल मवेशियों का इलाज कराया।

माझिगावां में नशा मुक्ति रैली निकाली गई, गूंजे प्रेरणादायक नारे

खरौंधी। उत्क्रमित मध्य विद्यालय माझिगावां एवं आंगनबाड़ी केंद्र पछेरा टोला के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को नशा मुक्ति रैली निकाली गई। रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर गांव की गलियों से होते हुए पछेरा टोला आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुँची। रैली में 'कुछ पल का नशा, सारी उम्र की सजा', 'नशे को ना कहो, जीवन को हां कहो' जैसे नारों से माहौल जागरूकतापूर्ण बन गया। रैली का नेतृत्व प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर सेविका अजंता देवी, डीआरजी अरविंद कुमार गुप्ता, बीटीटी वीरेंद्र मिश्रा, अध्यक्ष मुहब्बत हुसैन, सहिया रीना देवी, सुनील गुप्ता सहित शिक्षक और सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल थे। वक्ताओं ने नशा को समाज के लिए घातक बताते हुए इससे दूर रहने की अपील की। रैली का उद्देश्य बच्चों और ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और नशा मुक्त समाज की दिशा में लोगों को प्रेरित करना था।

20 वर्षों के बाद गड़ई टोला की जमीन पर कोर्ट के आदेश से हुआ दखल-दहानी

रमना। थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलीदाग पंचायत के गड़ई टोला में 20 वर्षों से चले आ रहे तीन एकड़ जमीन के विवाद में आखिरकार कोर्ट का फैसला रण देव सिंह (सुखाड़ी सिंह) के पक्ष में आया। शनिवार को सिविल जज जूनियर डिवीजन वंशीधर नगर के आदेश पर न्यायालय कर्मियों और पुलिस बल की मौजूदगी में दखल-दहानी की प्रक्रिया पूरी की गई। इस कार्रवाई में सिविल कोर्ट के नाजीर रविकिशोर सिंह, प्रोसेस सर्वर महेंद्र राम, श्याम बिहारी राम तथा महिला और पुरुष आरक्षी बल के साथ रमना थाना पुलिस मौजूद रही। ढोल-नगाड़े की परंपरागत प्रक्रिया के तहत दस्तावेज पढ़कर सुनाए गए और दोनों पक्षों के हस्ताक्षर के बाद विधिसम्मत दखल प्रक्रिया संपन्न हुई।

ऑल राइट्स ड्राइवर महासंघ ने थाना प्रभारी को किया सम्मानित

श्री बंशीधर नगर। ऑल राइट्स ड्राइवर मजदूर महासंघ के राज्य कमेटी सदस्य संजय बैठा के नेतृत्व में शनिवार को थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक को अंगवस्त्र, डायरी व कलम भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महासंघ ने ड्राइवरों की सुरक्षा और नियमों को लेकर अपने सुझाव भी रखे। थाना प्रभारी ने संगठन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि सभी चालकों को नियमों का पालन करना चाहिए। महासंघ की ओर से बताया गया कि जिन चालकों के पास लाइसेंस और वाहन के कागजात नहीं होंगे, उन पर संगठन की ओर से कार्रवाई की जाएगी। राज्य कमेटी सदस्य संजय बैठा ने चेतावनी दी कि वर्दी में नशा करके वाहन चलाने वाले चालकों का तीन माह के लिए लाइसेंस निलंबित किया जाएगा और थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाएगी। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी रेयाजुद्दीन अंसारी, नंदन मेहता, जाकिर अंसारी, अयोध्या, मोजसम खान, मंगल चौधरी, प्रमोद विश्वकर्मा, सैफ अली, जाहिर अंसारी समेत बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ असजद अंसारी सम्मानित

गढ़वा। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉ असजद अंसारी को रक्तदान क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए तीन बार सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मिलाप मेडिकल सेंटर और लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम द्वारा आयोजित रक्तदान शिविरों के सफल संचालन पर दिया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम संजय पांडेय, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार और नगर परिषद ईओ सुशील कुमार ने उन्हें सम्मानित किया। डॉ अंसारी ने अब तक 36 बार रक्तदान किया है और समाज सेवा, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, गरीबों की सहायता आदि क्षेत्रों में लगातार कार्य कर रहे हैं।

नीलाम्बर-पीताम्बर सभागार में सम्मान समारोह सीबीएसई और जैक बोर्ड के टॉपर्स को मिला पुरस्कार

◀◀ गढ़वा में टॉपर विद्यार्थियों का सम्मान, उपायुक्त बोले–अगले वर्ष मिलेगा 1 लाख का पुरस्कार

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। नीलाम्बर-पीताम्बर सांस्कृतिक भवन में उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में वार्षिक परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मैट्रिक और इंटर के छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जैक बोर्ड मैट्रिक में साक्षी यादव (97%) और इंटर साइंस में प्रभात कुशवाहा (91.6%) समेत अन्य विषयों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को टैबलेट, मोबाइल, बैग व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वहीं सीबीएसई बोर्ड से जानवी गुप्ता (97.6%), कृष

मिश्रा (93.4%) सहित अन्य छात्रों को भी सम्मान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने कहा कि कठिन परिस्थिति में भी जिले के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने घोषणा की कि अगले सत्र में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को 1 लाख की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता की पहली सीढ़ी है। मेहनत, संकल्प और अध्ययन से ही आगे की उपलब्धियाँ सुनिश्चित की जा सकती हैं। सम्मान समारोह में एसडीओ संजय कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अलका लकड़ा, विभिन्न स्कूलों के शिक्षक, टॉपर्स के अभिभावक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। समारोह में सात शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

माझिगावां बस स्टैंड का चापाकल एक साल से खराब, ग्रामीणों में आक्रोश

नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी। प्रखंड के माझिगावां स्कूल के समीप स्थित बस स्टैंड पर पीएचडी विभाग द्वारा लगाया गया चापाकल बीते एक वर्ष से खराब पड़ा है। तेज गर्मी के इस दौर में पानी की गंभीर समस्या के चलते ग्रामीणों एवं राहगीरों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों मुन्ना गुप्ता, नंदकिशोर गुप्ता, रामचंद्र साह, कुलदीप सिंह, अनिल गुप्ता, प्रदीप सिंह, प्रमोद गुप्ता, संजय विश्वकर्मा समेत अन्य लोगों ने बताया कि यह चापाकल वर्षों से सैकड़ों लोगों की प्यास बुझा रहा था। विद्यालय का चापाकल भी बंद हो चुका है, जिससे बच्चे भी परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार विभाग को इसकी सूचना दी गई, लेकिन कोई सुनवाई

नहीं हुई। विभाग की उदासीनता से लोगों में गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मरम्मत या नया चापाकल नहीं लगाया गया तो वे प्रखंड कार्यालय का घेराव कर आंदोलन करेंगे।

शराब के नशे में गिरने से ग्रामीण की मौत

रंका। शनिवार को रंका प्रखंड अंतर्गत मानपुर में शराब के नशे में गिरकर घायल हुए बाहुकुदर गांव के 60 वर्षीय ग्रामीण रातों सिंह की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार मृतक बीते शाम से मानपुर में घूम-घूम कर शराब पी रहा था। शनिवार सुबह करीब 10 बजे वह बेहोशी की हालत में गिरा मिला। लोगों ने तत्काल उसे रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। चिकित्सकों ने बताया कि व्यक्ति अत्यधिक नशे में था और स्थिति गंभीर थी। मौत की सूचना रंका थाना और परिजनों को दे दी गई है। खबर लिखे जाने तक शव अस्पताल में सुरक्षित रखा गया था और परिजनों का इंतजार किया जा रहा था।

भोजपुरी-मगही को क्षेत्रीय भाषा में शामिल करने की मांग

श्री बंशीधर नगर। विधायक अनंत प्रताप देव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा में क्षेत्रीय भाषाओं की सूची में भोजपुरी और मगही को शामिल करने की मांग की। उन्होंने बताया कि वर्तमान सूची में पलामू प्रमंडल के लिए केवल कुड़ुख और नागपुरी भाषा शामिल है, जबकि गढ़वा और पलामू जिलों में भोजपुरी और मगही बोलने वालों की संख्या अधिक है। उन्होंने कहा कि इन भाषाओं की उपेक्षा से युवाओं में असंतोष है और पूर्व में इस मुद्दे को लेकर आंदोलन भी हो चुके हैं। मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया है कि छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सूची में संशोधन कर भोजपुरी/मगही को जोड़ा जाए।

धुरकी में आम उत्सव बागवानी मेला आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

धुरकी। शनिवार को धुरकी प्रखंड मुख्यालय परिसर में मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धुरकी विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मेले में विभिन्न पंचायतों के किसानों ने दशहरी, लंगड़ा, खीरसाप, खरबूजा सहित अन्य फलों की प्रजातियों की प्रदर्शनी लगाई। बीडीओ जुल्फिकार अंसारी ने कहा कि इस योजना से किसान आत्मनिर्भर



बनेंगे और स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम में धुरकी बीपीओ, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, मुखिया समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। आयोजन से किसानों में बागवानी को लेकर उत्साह देखा गया।

निरीक्षण | **विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में बताई गई भूमिका व जिम्मेदारियां**

उत्क्रमित विद्यालयों का निरीक्षण, शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई पर जोर

नवीन मेल संवाददाता

रंका। उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरदरी और उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हाड़ीघाट का निरीक्षण संकुल साधनसेवी देवेंद्र नाथ उपाध्याय ने शनिवार को किया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक उपस्थित पाए गए। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक नीरज राम, शिक्षक जितेंद्र चौबे, शंकर दयाल सिंह, विजय प्रसाद, देवेंद्र कुमार सिंह, उद्धेश्वर सिंह सहित अन्य शिक्षक एवं समिति सदस्य उपस्थित थे।

निरीक्षण के बाद विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

साधनसेवी ने शिक्षकों को पाठ योजना के अनुसार पठन-पाठन कराने, टीएलएम, मैथ और साइंस किट के प्रयोग पर विशेष जोर दिया। उन्होंने प्रार्थना सभा में क्विज, समाचार वाचन, आज का सुविचार और संविधान की प्रस्तावना जैसे कार्यक्रमों के आयोजन का निर्देश भी दिया। निरीक्षण के बाद विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता स्वयं साधनसेवी ने की। उन्होंने समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयोजिका व अन्य सदस्यों को उनके दायित्वों की जानकारी दी तथा अनुदानों के उचित उपयोग के निर्देश दिए।

कार्यालयः उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी पलामू, मेदिनीनगर

(जिला स्थापना शाखा)

दूरभाष सं0–06562–224033 का/224044 (आ)

Email ID dc-pal@nic.in/edcpalamu@gmail.com

पलामू जिला अन्तर्गत चतुर्थ वर्ग के पद पर पैनल निर्माण हेतु विज्ञापन

(विज्ञापन सं0–01/2025)

आवेदन दिनांक– 05.07.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक स्वीकार किया जायेगा।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा Civil Appeal No. (s) 13950-13951/2024 (Arising out of SLP Civil no. 6120-6121/2023) में दिनांक–10.02.2025 को (कंडिका 41(IV)) में पारित अंश निम्नवत है :– "In the interest of justice, we direct that the fresh notification shall be issued in terms of our direction(supra) within six months from today and will specifically provide suitable age relaxation in order to accommodate all such aspirants, who would have in the supervening period and during the pendency of the present litigation crossed the age limit for selection on the subject posts".

पलामू जिला के अन्तर्गत समाहरणालय एवं अन्य विभिन्न कार्यालयों में चतुर्थ वर्ग (जिलास्तरीय) के रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति/पैनल निर्माण हेतु योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवारों से निबंधित डाक द्वारा विहित प्रपत्र में जिला नियोजनालय कार्यालय पलामू के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। (कोई भी आवेदन सीधे स्वीकार नहीं किया जायेगा)।

1. पदनाम :– चतुर्थ वर्ग
2. वेतनमान :– PB-I (5200-20200) ग्रेड वेतन–1800, सातवें वेतन पुनरीक्षण के आलोक में लेबल–01
3. रिक्त पदों की सं0–585
4. पैनल निर्माण हेतु रिक्त पदों की संख्या का दुगुना अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।

क्र0 सं0	विभाग/कार्यालय का नाम	जिला स्तरीय चतुर्थ वर्गीय पद के रिक्त पदों की विवरणी						
		अनारक्षित	अ0जा0	अ0ज0जा0	अ0पि0वर्ग	पि0वर्ग	आ0क0वर्ग	कुल रिक्त पद
1	पलामू समाहरणालय	79	38	00	07	02	06	132
2	जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, पलामू	115	75	21	20	13	29	273
3	स्वास्थ्य विभाग, पलामू जिला	61	40	13	13	09	15	151
4	जिला सहकारिता कार्यालय पलामू	2	1	.	.	.	.	03
5	वन प्रमण्डल मेदिनीनगर	11	8	01	02	01	03	26
	योगः–	268	162	35	42	25	53	585

5. नियोजनालय में आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 05.07.2025 के अपराह्न 5 बजे तक होगी। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन, अधूरे आवेदन एवं वांछित प्रमाण–पत्र के बिना दिये गये आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आवेदक द्वारा दी गई सूचना गलत पाये जाने पर किसी भी समय अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता/पात्रता निरस्त करते हुये यथोचित कानूनी कार्यवाई की जायेगी।
6. माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा **Civil Appeal no. (s) 13950-13951/2024 (Arising out of SLP Civil no. 6120-6121/2023)** में दिनांक–10.02.2025 को पारित न्याय निर्णय एवं कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाशा विभाग झारखण्ड राँची का पत्रांक–1325 दिनांक–05.03.2025, पत्रांक 3577 दिनांक–25.04.1997, 16441 दिनांक–03.12.1980 एवं वित्त विभागीय पत्र संख्या 1859 दिनांक–02.09.2011 द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में चतुर्थ वर्गीय पद पर नियुक्ति हेतु पैनल निर्माण निम्न बिन्दुओं के आलोक में तैयार की जायेगी :–
   - उम्मीदवार को नियोजनालय में निबंधित होना अनिर्वाय होगा।
   - शैक्षणिक योग्यता दसवीं उत्तीर्ण होगी।
   - उम्मीदवार को स्वस्थ्य होना अनिवार्य होगा।
   - साईकिल चालन का ज्ञान अनिवार्य होगा।
   - अन्य बातें समान होने की स्थिति में अधिक उम्र वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जायेगी।
   - तैयार पैनल की मान्यता एक वर्श के लिए होगी तत्पश्चात इसकी मान्यता स्वतः समाप्त हो जायेगी।
   - स्थानीय क्षेत्रों के उम्मीदवारों को यथा साध्य प्राथमिकता दी जायेगी।
   - विज्ञापन सं0 01/2010 के आलोक में दिनांक 05.11.2017 को आयोजित परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को ही उम्र सीमा में 15 वर्शो की छुट दिया जायेगा।
   - कुल रिक्ति का 2 (दो) गुणा उम्मीदवारों का पैनल तैयार किया जायेगा।
7. आरक्षणः– झारखण्ड सरकार के द्वारा जिला स्तरीय मुफस्सिल स्थापना के लिए लागू आदर्श आरक्षण।

क्षैतिज आरक्षण :–

(I) खेल कूद कोटा के खिलाडियो को 2 प्रतिशत क्षैतिज रूप से आरक्षित होगा। (पर्यटन कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प 1709 दिनांक 12.09.2007)

(II) निःशक्त व्यक्ति हेतु 4 (चार) प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण अनुमान्य होगा (कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाशा विभाग, झारखण्ड राँची के संकल्प सं0 2249, दिनांक–03.04.2018)

(III) अनुसूचित जनजाति के आरक्षित कोटि में से 2 (दो) प्रतिशत पद क्षैतिज रूप से आदिम जनजाति के लिए आरक्षित होगा। (का0 प्र0 सु0 तथा रा0 वि0 झा0 राँची के संकल्प सं0 5555, दिनांक 28.06.2016)

(IV) महिलाओं के लिए 5 प्रतिशत पद क्षैतिज रूप से आरक्षित होगा। (कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाशा विभाग, झारखण्ड राँची के संकल्प सं0 8281, दिनांक–03.12.2021)

8. शैक्षणिक योग्यता :– चतुर्थ वर्ग के पद पर नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान/बोर्ड से दसवीं उर्तीण (वित विभागीय पत्र सं0 1859/वि0 दिनांक 02.09.2011)।
9. चरित्र :– अभ्यर्थी का चरित्र अच्छा हो एवं अपराधिक इतिहास न रहा हो। अंचल अधिकारी से अन्यून स्तर के पदाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण प्रत्र मान्य होगा, जिसे नियुक्ति के पूर्व प्रमाण पत्र सत्यापन के समय मूल रूप में उपलब्ध कराना होगा।
10. उम्र सीमा :– (उम्र की गणना तिथि 15.06.2025 से की जायेगी)।

(i) माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के न्यायादेश के आलोक में वैसे उम्मीदवार जिन्हें दिनांक 5.11.2017 को आयोजित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र निर्गत किया गया, तथा उक्त तिथि को आयोजित परीक्षा में शामिल हुए है, वैसे सभी कोटि के उम्मीदवारों को सरकार द्वारा निर्धारित अधिकतम उम्र सीमा में 15 वर्श की छुट दी जायेगी।

(ii) क्रमांक (I) के अलावे अन्य उम्मीदवार :– सामान्य वर्ग के लिये आवेदक की आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष, पिछड़े/अत्यंत पिछड़े वर्ग के लिये 18 से 37 वर्ष, महिला वर्ग के लिये 18 से 38 वर्ष एवं अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति के लिये 18 से 40 वर्ष के बीच होना चाहिए। दिव्यांग उम्मीदवारों को निर्धारित आयु सीमा में 5 वर्श की अतिरिक्त छुट प्रदान की जायेगी।

11. नियुक्ति प्रक्रिया :–
   - दसवीं में प्राप्त अंक के आधार पर मेधासूची तैयार की जायेंगी।
   - समान अंक प्राप्त उम्मीदवारों को उम्र के आलोक में अधिमानता प्रदान की जायेगी।
   - दसवीं में प्राप्त अंक एवं उम्र में समानता होने पर स्थानीय (पलामू जिला) उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जायेगी।
   - पैनल संधारण हेतु निर्धारित संख्या का दो गुना (अर्थात 1170x2=2340) अभ्यर्थियों कों स्वास्थ्य जाँच एवं साईकिल चालन हेतु आमंत्रण पत्र निर्गत किया जायेगा।
   - स्वास्थ्य जाँच एवं साईकिल चालन में योग्य पाये गए अभ्यर्थियों की पैनल तैयार की जायेगी जिसकी मान्यता एक वर्श होगी। एक वर्श के पश्चात् तैयार पैनल की मान्यता स्वतः समाप्त समझी जायेगी।
   - तैयार पैनल से रिक्ति अनुसार संबंधित कार्यालय/विभाग में नियुक्ति हेतु अनुशंसा भेजी जायेगी।
12. आवेदन करने की प्रक्रियाः–

(क) उपरोक्त योग्यता–सह–अहर्त्ता रखने वाले उम्मीदवार विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित कागजातों/दस्तावेजो की स्वअभिप्रमाणित प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करेंगेः–
   - (i) दसवीं उर्त्तीणता संबंधी शैक्षणिक अंक–पत्र एवं मूल प्रमाण पत्र की प्रति।
   - (ii) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत अद्यतन स्थानीय निवासी एवं जाति प्रमाण पत्र।
   - (iii) स्वअभिप्रमाणित दो अद्यतन पासपोर्ट साईज फोटो।
   - (iv) फोटो युक्त स्वहस्ताक्षरित अद्यतन पहचान पत्र की प्रति।
   - (v) शपथ पत्र
   - (vi) दिनांक–05.11.2017 को आयोजित परीक्षा का प्रवेश पत्र (यदि हो तो)
   - (vii) नियोजन कार्यालय से निर्गत निबंधन प्रमाण पत्र की प्रति।
   - (viii) अन्य कोई विशेश योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र। (यथा– खेलकूद/दिव्यांग्यता इत्यादि)
   - (ix) स्वपता लिखा लिफाफा जिसके उपर 26 रू0 का डाक टिकट लगा हो।

(ख) आवेदन को लिफाफे में बंद कर लिफाफे के उपर स्पश्ट रूप से विज्ञापन संख्या, आवेदित पद का नाम एवं कोटि अंकित कर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से जिला नियोजनालय कार्यालय, पलामू में निर्धारित तिथि तक भेजना आवश्यक है। किसी भी स्थिति में हाथों–हाथ आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(ग) नियोजनालय में आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 05.07.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक होगी। आवेदन पत्र केवल निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से ही प्राप्त किये जायेंगे। आवेदन पत्र अंतिम तिथि/समय के बाद प्राप्त होने पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

(घ) अन्य विवरणी जिला के अधिकृत वेबसाईट http://palamu.nic.in पर देखा जा सकता है एवं प्रपत्र/आवेदन पत्र को डाउनलोड किया जा सकता है।

(ड़) परीक्षा शुल्क के रूप में अनारक्षित/पिछड़ा वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 250 रू0 एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/महिला वर्ग के लिए 125 रू0 का भारतीय पोस्टल ऑडर/बैंक ड्राफ्ट जो उपायुक्त, पलामू के पदनाम से भुगतेय होगा, संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(च) स्वास्थ्य जाँच एवं साईकिल चालन टेस्ट हेतु तिथि दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से अलग से सूचना जारी की जाएगी जिसे जिला के अधिकृत वेबसाईट http://palamu.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

(छ) उक्त विज्ञापन में निहित शर्ते, राज्य सरकार द्वारा प्राप्त निदेश अथवा माननीय न्यायालय के न्यायादेश से प्रभावित होगा। तद्नुसार विज्ञापन, नियुक्ति प्रक्रिया एवं रिक्तियो की संख्या में आंशिक/पूर्ण संशोधन अथवा विज्ञापन/नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द किया जा सकता है।

(ज) आवेदन भेजने का पता :– जिला नियोजन कार्यालय, राँची रोड रेडमा, (सरकारी ITI के बगल में) मेदिनीनगर, पलामू, झारखण्ड, पिन 822101

उपायुक्त,
पलामू

PR 355057 Palamu (25-26)_D

करकट में सड़क हादसा: महिला की मौत, दो घायल

● बाइक से गिरने के बाद बस की चपेट में आई महिला

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। जिला मुख्यालय के करकट स्थित वनशक्ति होटल के सामने शनिवार को एक तेज़ रफ्तार बस की चपेट में आकर एक महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक महिला की पहचान लालमनी देवी, निवासी खैरा, मनकेरी, तरवाडीह पंचायत के रूप में हुई है। घायलों में अमेता देवी और रामपृत उरांव शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि तीनों लोग बाइक से होटवाग की ओर जा रहे थे, तभी मोड़ पर बस को देख बाइक चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे महिला गिर गई और बस के नीचे आ गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायलों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर किया गया है।

बोलेरो की टक्कर से मोपेड सवार की मौत

लातेहार। सदर थाना क्षेत्र के लूटी गांव में शनिवार की सुबह एक तेज़ रफ्तार अज्ञात बोलेरो वाहन ने मोपेड सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मोपेड सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान हेरहंज प्रखंड के आराहरा ग्राम निवासी 45 वर्षीय आज़ाद खान के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार आज़ाद खान अपने मोपेड से आराहरा से लातेहार की ओर जा रहे थे। सुबह करीब साढ़े सात बजे जब वे लूटी गांव के पास पहुंचे, तभी एक अज्ञात बोलेरो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने क जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, लातेहार भेज दिया। परिजनों को भी सूचना दे दी गई है।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल रिम्स रेफर

चंदवा। शनिवार को एनएच-99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर भूषाढ़ नदी के समीप बाइक और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना जबर्दस्त था कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। टक्कर में बाइक सवार युवक मो. हमजा, पिता मुस्लिम मियां (निवासी-चकला) गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही चंदवा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायल हमजा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉ. प्रकाश बड़ाईक के नेतृत्व में प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार हमजा के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमजा चंदवा से चकला अपने घर लौट रहा था जबकि कार बालूमाथ की ओर से आ रही थी। भूषाढ़ नदी के समीप तीखे मोड़ पर यह आमने-सामने की टक्कर हुई।

सड़क दुर्घटनाओं को लेकर ग्रामीणों ने शुरू किया आंदोलन

वैकल्पिक ट्रांसपोर्टिंग मार्ग की मांग को लेकर प्रस्ताव लाने का निर्णय

टंडवा (चतरा)। कोयला वाहनों से हो रही लगातार दुर्घटनाओं को लेकर चुंदरु धाम में शनिवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में कई गांवों के लोगों ने हिस्सा लिया और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर आंदोलन की घोषणा की। बैठक की अध्यक्षता जिप सदस्य देवन्ती देवी ने की, जबकि संचालन प्रो. जयप्रकाश रजक ने किया। निर्णय लिया गया कि सभी गांवों की ग्राम सभाओं में प्रस्ताव पारित कर वैकल्पिक ट्रांसपोर्टिंग मार्ग की मांग की जाएगी।

प्रो. जयप्रकाश रजक और प्रेम विकास उर्फ मंटू के नेतृत्व में आंदोलन चलाया जाएगा।

विश्व रक्तदाता दिवस पर चंदवा सीएचसी में रक्तदान शिविर का आयोजन

● 38 यूनिट रक्त संग्रहित

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर शनिवार को चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, हिंडाल्को के एचआर हेड प्रकाश कुमार, डॉ. तरुण जोश लकड़ा और डॉ. मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा किया गया, जिसमें हिंडाल्को चकला कोल माइंस की सक्रिय भागीदारी रही। लातेहार से आई मेडिकल टीम ने कुल 38 यूनिट रक्त का संग्रह किया।

डॉ. मनोज कुमार ने रक्तदान को स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताते हुए इसे जीवन रक्षक कार्य बताया। एचआर हेड प्रकाश कुमार ने कहा कि रक्तदान किसी की जान बचा सकता है, इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया, जिनमें प्रमुख रूप से आशीष कुमार, सतीश सिंह, सुशील कुमार, कुमार नवनीत, विकास रंजन, दिवाकर सिंह मुंडा, अनुराग कुमार, पवन वैध, रजनीश देव, अनुज तिवारी, मो. शाहिद अख्तर, रुपेश मुंडा, वीरेंद्र कुजूर, नगीना देवी, आदर्श कुमार, पीयूष अग्रवाल समेत 38 रक्तदाता शामिल थे।

इस दौरान लैब टेक्नीशियन चंदन कुमार, शोएब अख्तर, काउंसलर प्रमिला कुमारी, बीपीएम अमित कुमार सिंह सहित सीएचसी के अधिकारी व कर्मियों ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया।

माता भद्रकाली मंदिर के लेखापाल रामप्रवेश सिंह का निधन

इटखोरी (चतरा)। इटखोरी स्थित प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थल माता भद्रकाली मंदिर के लेखापाल 75 वर्षीय प्रो. रामप्रवेश सिंह का शुक्रवार रात निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे और जयप्रकाश नगर स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उन्होंने 1983 से लेकर 2024 तक मंदिर कार्यालय में लेखापाल के रूप में सेवा दी। इससे पहले वे जेजे कॉलेज, झुमरीतिलैया में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत थे। मंदिर के प्रबंधन समिति, दुकानदारों और पुरोहितों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

अफीम और ब्राउन शुगर के साथ 66 लाख नकद जब्त, तस्करी का बड़ा नेटवर्क बेनकाब

चतरा। चतरा जिले में मादक पदार्थ तस्करी का बड़ा नेटवर्क उजागर हुआ है। पहली बार पुलिस को करोड़ों की ब्राउन शुगर, अफीम और 66 लाख से अधिक नकदी बरामद करने में सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर पत्थलगड़ा, गिद्धौर व राजपुर क्षेत्र में छापेमारी की गई। रोशन उर्फ भगीरथी नामक सरगना की साली मधु कुमारी और सरहज रुबी देवी को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से भारी मात्रा में ब्राउन शुगर, अफीम, सफेद पाउडर व नकदी जब्त की गई है। पुलिस का मानना है कि रोशन तस्करी में माहिर है और पूर्व में जेल जा चुका है।

कुआं में डूबने से युवक की मौत, गांव में शोक

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर थाना अंतर्गत मारंगी गांव में शनिवार को 20 फुट गहरे कुएं में एक अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव की पहचान हजारीबाग के पिपराडीह गांव निवासी 28 वर्षीय राजेश भुइंया के रूप में की गई, जो दो महीने से अपने बहनोई राजू भुइंया के घर रहकर मजदूरी कर रहा था। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार मृतक युवक कुएं के पास ही रात में सोता था और दो दिनों से लापता था। सूचना पर गिद्धौर थाना के एसआई विद्यानंद शर्मा दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेजा। बाद में शव परिजनों को सौंप दिया गया। मुखिया प्रतिनिधि मुकेश साव ने पीड़ित परिवार को सहायता प्रदान की।

देवालगड़ा में रैयत विस्थापित मोर्चा का क्षेत्रीय सम्मेलन संपन्न

टंडवा (चतरा)। सीसीएल के मगध आम्रपाली क्षेत्र अंतर्गत देवालगड़ा मेला टांड़ में रैयत विस्थापित मोर्चा द्वारा एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में टंडवा, केरेडारी, बड़कागांव, बालूमाथ सहित कई क्षेत्रों से सैकड़ों लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं ने औद्योगिक कंपनियों पर विस्थापितों के अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष फागु बेसरा ने कहा कि विस्थापितों को उजाड़ने से पहले बसाने की प्रक्रिया पूरी नहीं की जाती। सम्मेलन में नौकरी, मुआवजा और पुनर्वास नीति के पालन की मांग उठाई गई।

दाखिल-खारिज, जाति व आवासीय प्रमाण पत्र के लिए पंचायत स्तर पर विशेष शिविर शुरू

● नशा मुक्ति अभियान के तहत दिलाई गई शपथ, लोगों को किया जा रहा जागरूक

नवीन मेल संवाददाता

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में दाखिल-खारिज, जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र, ऑनलाइन रसीद निर्गत सहित राजस्व से जुड़े कार्यों को लेकर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों को जरूरी सरकारी सेवाएं उनकी पंचायत स्तर पर ही उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिविर की शुरुआत शनिवार को मंझगांवा पंचायत भवन से हुई। इस अवसर पर मुखिया सरिता देवी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। मौके पर अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा, राजस्व उप निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह एवं प्रदीप कुमार यादव ने ग्रामीणों को विभिन्न प्रमाण पत्रों की प्रक्रिया की जानकारी दी। इसके साथ ही ₹नशा मुक्त भारत अभियान₹ के तहत लोगों को जागरूक किया गया और शपथ भी दिलाई गई। प्रशासन की ओर से बताया गया कि इन शिविरों के माध्यम से आम जनता को सुगम और पारदर्शी तरीके से लाभ दिलाना उद्देश्य है। साथ ही, युवाओं और ग्रामीणों में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान को भी जोड़ा गया है, जिससे सामाजिक बदलाव संभव हो सके।

फरार अभियुक्तों के घर चिपकाया गया इश्तेहार

बारियातू। बरियातू थाना पुलिस ने कांड संख्या 71/24 तहत फरार चल रहे चार अभियुक्तों के घरों पर विधिवत इश्तेहार चिपकाया है। मामले में बीएनएस धारा लागू हैं। फरार अभियुक्तों में गणेश गंझु, राहुल गंझु, परमेश्वर गंझु और प्रवीण राम शामिल हैं, जो सभी भगिया (बरवाटोला), थाना बालूमाथ, जिला लातेहार के निवासी हैं। पुलिस द्वारा उन्हें शीघ्र न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है।

विमान हादसे में मृतकों की याद में चिल्ड्रन पैराडाइज स्कूल में श्रद्धांजलि सभा

● विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मौन धारण कर जताया शोक

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए 250 से अधिक लोगों की स्मृति में शनिवार को चिल्ड्रन पैराडाइज स्कूल, अलौदिया में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप ठाकुर ने हादसे को मानवता की गहरी क्षति बताया।

इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। हादसे में बीजे मेडिकल कॉलेज के कई छात्र भी शामिल थे।

विद्यालय परिवार ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और मृतकों के परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

नावाडीह स्कूल को हाईस्कूल का दर्जा, विधायक ने किया उद्घाटन

● बरवाडीह के नावाडीह में अब नौवीं कक्षा तक की पढ़ाई होगी

नवीन मेल संवाददाता

बेतला। बरवाडीह प्रखंड के चुघंरू पंचायत अंतर्गत नावाडीह मिडिल स्कूल को हाईस्कूल का दर्जा मिलने के बाद शनिवार को विधिवत उद्घाटन मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने विधायक का जोरदार स्वागत किया। विधायक रामचंद्र सिंह ने बताया कि झारखंड सरकार को 34 मिडिल स्कूलों को हाईस्कूल में अपग्रेड करने का प्रस्ताव भेजा गया था, जिसमें लातेहार जिले से तीन स्कूल शामिल थे। नावाडीह स्कूल का नाम इस सूची में शामिल होने पर क्षेत्रवासियों को अब बच्चों को दूर नहीं भेजना पड़ेगा।

कस्तूरबा विद्यालय चंदवा में वर्ग 6 नामांकन में 75 छात्राओं का चयन, विभिन्न आरक्षित कोटियों से हुआ चयन

चंदवा। पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, चंदवा में वर्ग 6 में नामांकन हेतु चयन समिति की बैठक शनिवार को संपन्न हुई। बैठक में 75 छात्राओं को शॉर्टलिस्ट किया गया, जिनमें 25 एसटी, 15 एससी, 12 ओबीसी, 19 बीपीएल एवं 4 अल्पसंख्यक कोटा से चयनित हुई हैं।

बैठक में बीडीओ चंदन प्रसाद, उपप्रमुख अश्वनी मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि आदर्श रविराज, जिप सदस्य सरोज देवी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

16 जून से शुरू होंगे पंचायत स्तर पर विशेष शिविर

चतरा। जनता दरबार और अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर चतरा जिला प्रशासन ने 16 जून से सभी प्रखंडों के पंचायत सचिवालयों में विशेष शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। शिविरों में आयुष्मान कार्ड बनवाने, राशन कार्ड में सुधार कराने और सिकल सेल एवं एनीमिया जैसी बीमारियों की स्क्रीनिंग की जाएगी। पहले दिन चतरा, गिद्धौर, हंटरगंज, प्रतापपुर, कुंदा, लावालौंग, सिमरिया, इटखोरी, मयूरहंड, कान्हाचट्टी, पत्थलगड्डा और टंडवा प्रखंडों के चयनित पंचायत सचिवालयों में शिविर लगाए जाएंगे।

कार्यालय, नगर पंचायत, हुसैनाबाद, पलामू

पार्किंग बन्दोबस्ती की सूचना सं0:–01/2025-26

क्र0	डाक की विवरणी	डाक की न्यूनतम राशि	अग्रधन की राशि डाक की न्यूनतम राषि का 10 प्रतिशत आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य है।	डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय	डाक खोलने की तिथि, समय एवं स्थान	बन्दोबस्त में भाग लेने के लिए आवेदन शुल्क जो वापस नहीं किया जायेगा।	निर्धारित वसूली दर
01	पार्किंग की व्यवस्था (कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद से विजय पेट्रोलियम फ्लाई ओवर के नीचे तक)	3,50,000.00 दिनांक–01.07.2025 से 31.03.2026 हेतू	35,000.00	दिनांक– 21.06.2025 समय:– 11:00 बजे पूर्वाहन्	दिनांक– 21.06.2025 समय:– 11:30 बजे पूर्वाहन्	1000.00	बाईक – 5.00रु/ प्रतिदिन, कार – 10.00 रु प्रति घंटे के लिए

डाकवक्ता के लिए अन्य शर्त्त नोटिस बोर्ड पर किसी कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 355051 (District)25-26*D

कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ..... दिनांक .....

अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 18/2025–26

मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय हेतु डस्टबीन क्रय किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में कोटेशन दिनांक 24.06.2025 को 1:00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 10,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। निविदा/कोटेशन दिनांक 24.06.2025 **को 2:00** बजे **अपराह्न** नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। सामग्री क्रय किये जाने से संबंधित विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

SL NO	NAME OF ITEM	Quantity
1	Dustbin 30 Ltr. & 100 Ltr. With Stand	01 Pcs.
2	Dustbin 30 Ltr. & 100 Ltr. (Fiver) With Stand	01 Pcs.
3	Dustbin 30 Ltr. & 100 Ltr. (Steel) With Stand	01 set

ह0/–
सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 355086 District(25-26).D

स्वास्थ्य योजनाओं व योग दिवस की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। जिला समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में स्वास्थ्य, पोषण, अस्पताल प्रबंधन तथा आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार सहित सभी प्रखंडों के सीडीपीओ, स्वास्थ्य प्रबंधक एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी योजनाएं सीधे आम जनता से संबंधित होती हैं, अतः इनके क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन समितियों को सक्रिय कर नियमित बैठकें सुनिश्चित करने और सेवाओं की गुणवत्ता पर जोर दिया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रातः 6 बजे जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। उपायुक्त ने आयुष विभाग को प्रचार-प्रसार तेज करने का निर्देश दिया।

कोरोना संक्रमण, वैक्सीनेशन, दवा और ऑक्सीजन की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों, पोषण कार्यक्रमों, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण और लिंग अनुपात से जुड़े सूचकों पर चर्चा हुई। जहां कुपोषण उपचार केंद्र कार्यरत हैं वहां दाल-भात केंद्र संचालित करने का निर्देश भी दिया गया।

उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना को गति देने हेतु 16 जून से प्रत्येक प्रखंड के दो पंचायतों में कैंप लगाने का आदेश दिया। सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग भी की जाएगी। उन्होंने सिविल सर्जन को प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य संकेतकों की समीक्षा बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया।

अंत में उपायुक्त ने निर्देशों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा अगली बैठक में करने की बात कही और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, रांची
कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, पलामू
Email Id-dhopalamau@gmail.com

आम सूचना

विभागीय राज्यादेश सं0–18 दिनांक 29.05.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष–2025–26 में उद्यान विकास की योजना अन्तर्गत उपयोजना "मधुमक्खी पालन की योजना" के तहत् प्राप्त भौतिक लक्ष्य के अनुसार पलामू जिला के लघु एवं सीमांत कृषक, कृषक समूह, महिला कृषकों से आवेदन की माँग की जाती है। मधुमक्खी पालन योजना अन्तर्गत मधुमक्खी बक्सा 20 इकाई एवं 20 इकाई मधुमक्खी छत्ता तथा एक मधु प्रोसेसिंग इकाई प्रति लाभुक दिया जायेगा साथ ही कृषकों को मधुमक्खी पालन से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। इस योजना का कार्यान्वयन 80 प्रतिशत सरकारी अनुदान एवं 20 प्रतिशत कृषक अंशदान पर किया जायेगा। दिनांक–12.07.2025 तक जिला उद्यान कार्यालय, पलामू में आवेदन जमा कर सकते हैं। कार्य विवरणी निम्न प्रकार है:–

क्र0 सं0	अवयव	प्राप्त भौतिक लक्ष्य (इकाई/संख्या)
1	मधुमक्खी बक्सा	620
2	मधुमक्खी छता	620
3	मधु प्रोसेसिंग इकाई	31
4	प्रषिक्षण (तीन दिवसीय)	31 लाभुकों को

नोट:–
1. ST, SC तथा लघु एवं सीमांत कृषक, कृषक समूह, महिला स्वयं सहायता समूह, कृषक उत्पादक समूह को प्राथमिकता दी जायेगी।
2. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
3. आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि/पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
4. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी एवं आवेदन प्रपत्र की प्राप्ति हेतु जिला उद्यान कार्यालय, पलामू से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी
पलामू

PR 355064 (District)25-26*D

शंख नदी घाट पर बालू खनन की अफवाह निकली झूठी, कैरो में 3 ट्रैक्टर जब्त

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। शहर के शंख नदी घाट और मुक्तिधाम परिसर से बालू के अवैध खनन की खबरें सोशल मीडिया और कुछ मीडिया माध्यमों में हाल के दिनों में फैलाई गई थीं। इन खबरों को गंभीरता से लेते हुए जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) राजा राम प्रसाद ने शनिवार को स्थल निरीक्षण किया। मुक्तिधाम समिति के सदस्य मनोज कुमार गुप्ता भी उनके साथ मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान इंटेक वेल, रेलवे पुल और सड़क पुलिया के आसपास के क्षेत्रों का जायजा लिया गया, जहां कथित रूप से बालू दोहन की बात कही जा रही थी। डीएमओ ने स्पष्ट किया कि इन स्थलों पर पथरीली चट्टानों का विस्तार है और बालू खनन की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि वायरल चित्र और विवरण पूरी तरह भ्रामक व तथ्यहीन हैं।

इस बीच, कैरो व कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत जिंगी-ऐडादोन पुल के पास अवैध बालू खनन पर खनन विभाग ने कार्रवाई की। डीएमओ की अगुवाई में चली छापेमारी में अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टरों को जब्त किया गया। एक ट्रैक्टर पर चिप्स लोड भी पाया गया। पुलिस और खनन विभाग की मौजूदगी देखकर कई वाहन चालक मौके से भाग निकले।

जब्त ट्रैक्टरों को कैरो थाना लाया गया है और संबंधित लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। डीएमओ ने दो टूक कहा कि जिले में अवैध खनन किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

पत्रकार पप्पू खान की माँ का निधन

लोहरदगा। हिंदी दैनिक समाचार पत्र के कुडू संवाददाता शाहीर रजा खान (पप्पू) खान की मां अम्मा 85 वर्षीय जामना खानम का आकस्मिक निधन शनिवार सुबह लगभग 6 बजे हो गया। उनका सुपुर्दे खाक कार्यक्रम अम्मा का पैतृक निवास औरंगाबाद में असर नमाज के बाद किया गया। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

प्राचार्य,मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू का कार्यालय पलामू

सूचना

ई0 निविदा संख्या–01/25–26 के द्वारा मेडिकल पूस्तक एवं जर्नल की आपूर्ति हेतू प्रकाशित निविदा का निविदाशर्त कंडिका 4 का आंशिक भाग ख एवं ग विलोपित किया जाता है, जिसका PR353945(District)25-26(D) है।

प्राचार्य
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू

PR 355049 District(25-26).D

सड़क चौड़ीकरण को लेकर ग्रामसभा आयोजित

भूमि अधिग्रहण व मुआवजा पर चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

भंडरा (लोहरदगा)। शनिवार को भंडरा पंचायत भवन परिसर में भंडरा-अम्बेरा-लोहरदगा मुख्य सड़क चौड़ीकरण परियोजना के तहत होने वाले भूमि अधिग्रहण को लेकर ग्रामसभा सह जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भंडरा अंचल कार्यालय एवं भू-अर्जन शाखा की ओर से किया गया था, जिसमें भंडरा पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों ने भाग लिया।

जनसुनवाई में स्थानीय मुखिया इंद्रदेव उरांव एवं ग्राम प्रधान सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। भंडरा अंचल कार्यालय से अंचल निरीक्षक फेकूवा उरांव एवं सुमित जायसवाल ने ग्रामीणों को सड़क निर्माण हेतु चिन्हित रैयतों के नाम एवं रकबा (भूमि की मात्रा) की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे विकास कार्यों में सहयोग करें, जिससे सड़क निर्माण कार्य समय पर संपन्न हो सके।

मुखिया इंद्रदेव उरांव ने अधिकारियों से आग्रह किया कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि ना हो तथा प्रभावित रैयतों को समय पर और उचित मुआवजा मिले, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी रैयतों की सूची क्रमबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से तैयार की जाए।

ग्रामसभा में उपस्थित ग्रामीणों ने भी अपनी बात रखी और परियोजना को लेकर कई सुझाव दिए। इस अवसर पर रैयत हसमुद्दीन अंसारी, राजू उरांव, हेमंत यादव, सत्यनारायण यादव, मंगरा उरांव, सीताराम उरांव, जगरनाथ उरांव सहित कई ग्रामीण एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

विश्व रक्तदाता दिवस पर 52 यूनिट रक्त संग्रह किया गया

"रक्तदान आत्मिक संतोष व सामाजिक उत्तरदायित्व की अभिव्यक्ति" : डीसी

- "रक्त दें, आशा दें, साथ मिलकर जीवन बचाएं" संदेश को मिला व्यापक जनसमर्थन

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में मेगा रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त-सह-अध्यक्ष इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी डॉ. कुमार ताराचंद के नेतृत्व में जनसेवा, समर्पण और सामाजिक चेतना का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत हुआ। शिविर का शुभारंभ अतिथियों को पौधा भेंट कर किया गया। शिविर में जिले भर से आए स्वयंसेवकों, युवाओं, सरकारी कर्मियों, सामाजिक संगठनों, छात्रों और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी रही। इस दौरान 52 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जो ज़रूरतमंदों के लिए जीवन रक्षक सिद्ध होगा। कई युवाओं ने प्रथम बार रक्तदान किया, जिनमें 18 वर्षीय हर्षित राज और जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रमुख रहे। मौके पर डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आईटीडीए निदेशक नीलिमा सोरेन, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, रेड क्रॉस चेयरमैन डॉ. गणेश प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी तथा रेड क्रॉस सचिव अरुण राम उपस्थित थे।

कार्यक्रम का समापन एक सामूहिक संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने नियमित रक्तदान करने और दूसरों को इसके लिए प्रेरित करने की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन रेड क्रॉस सचिव अरुण राम ने कुशलतापूर्वक किया। सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी ने बताया कि रक्त समूह की खोज करने वाले डॉ. कार्ल लैंडस्टाइनर के जन्मदिवस पर ही यह दिवस मनाया जाता है।

उनका यह योगदान सुरक्षित रक्तदान की दिशा में मील का पत्थर है। कार्यक्रम में देशराज गोयल, समीर अंसारी, पवन प्रजापति, निखिल बर्मन, सोमनाथ दत्ता, सुधांशु कुमार, नीरज साहू, दीपक महतो, अनिल अग्रवाल, राहुल कुमार, जीवन महतो, प्रदीप साहू, अरुण राम समेत कई रक्तदाताओं और प्रेरकों को अंगवस्त्र, पौधा, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न और "जीवनदाता" उपाधि से सम्मानित किया गया। इसी के साथ वीबीडीए, इमरजेंसी केयर, श्रीराम समिति, रेड क्रॉस सोसाइटी जैसी संस्थाओं की भी सराहना की गई।

शिविर को सफल बनाने में डॉ. विनीता हीरो (चिकित्सा प्रभारी, ब्लड बैंक), उमेश प्रसाद, विवेक कुमार, सद्दाम हुसैन, प्रवीण कुमार, स्नेह कुमार, मनीष कुमार, अंकिता कुमारी, ऋषभ प्रशांत, शिल्पा सोरेंग, सरिता सोरेंग, एंजिलिना परवीन, रेणु देवी, नाजिश अख्तर, स्वेता वर्मा सहित सभी कर्मियों और स्वयंसेवकों की भूमिका सराहनीय रही।

डीसी ने अपील की रक्त नहीं, जीवन दीजिए के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं

डीसी डॉ. ताराचंद ने कहा कि रक्तदान केवल शारीरिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह आत्मिक तृप्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व की अभिव्यक्ति है। उन्होंने युवाओं से अपील की वे रक्तदान को अपने जीवन का नियमित हिस्सा बनाएं और "रक्त नहीं, जीवन दीजिए" के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड में कुपोषण के कारण रक्त की भारी कमी रहती है, जिसे सामूहिक प्रयासों से ही दूर किया जा सकता है।

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, रांची
कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, पलामू
Email Id-dhopalamau@gmail.com

आम सूचना

विभागीय राज्यादेश सं0–17 दिनांक 28.05.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष–2025–26 में उद्यान विकास की योजना अन्तर्गत उपयोजना "प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग" के प्राप्त लक्ष्य के अनुसार शहरी इलाकों एवं उनसे सटे हुए आस–पास के शहरी क्षेत्रों में बसे हुए परिवार के घरों के आवासीय परिसर में खाली पड़े भू–खण्ड़ों एवं सरकारी परिसरों जहाँ स्थान उपलब्ध हो एवं Terrace Gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्तायुक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों, फूलों एवं फलों के उत्पादन किये जाने हेतु इच्छुक लाभुकों से आवेदन की माँग की जाती है। इस योजना का कार्यान्वयन सरकारी परिसर में शत प्रतिशत अनुदान पर एवं निजी व्यक्तियों के Terrace Gardening एवं आवासीय परिसर में खाली पड़े भू–खण्ड़ों पर 75 प्रतिशत अनुदान पर किया जायेगा। दिनांक–12.07.2025 तक जिला उद्यान कार्यालय, पलामू में आवेदन जमा कर सकते हैं।

नोट :–
1. ST, SC तथा लघु सीमांत एवं महिला कृषक को प्राथमिकता दी जायेगी।
2. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
3. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी एवं आवेदन प्रपत्र की प्राप्ति हेतु जिला उद्यान कार्यालय, पलामू से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी
पलामू

PR 355062 District (25-26)_D

हिंडालको सीएसआर की पहल से ग्रामीण बच्चों को दी जा रही नई उड़ान

बिमरला खनन क्षेत्र के उड़ान सेंटर में बच्चों से अधिकारी हुए रूबरू

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। बिमरला खनन क्षेत्र अंतर्गत हिंडालको सीएसआर द्वारा संचालित उड़ान सेंटर के तहत घोड़ापथर ग्राम स्थित बालवाड़ी केंद्र का भ्रमण सीआईआई सर्वेक्षण दल के वरीय अंकेक्षक राजीव अंबष्ट एवं हिंडालको लोहरदगा क्लस्टर के महाप्रबंधक खान राजेश रंजन अंबस्ठा सहित खान प्रबंधक किरण शंकर सिंह, खनन टीम एवं सीएसआर टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर बालवाड़ी केंद्र के नन्हें बच्चों ने पारंपरिक झारखंडी वेशभूषा में लोकनृत्य प्रस्तुत कर सभी आगंतुकों का आत्मीय स्वागत किया। अतिथियों को साल के पत्तों से बनी माला एवं टोपी पहनाकर अभिनंदन किया गया।

गौरतलब है कि उड़ान सेंटर में अध्ययनरत सभी बच्चे ड्रॉपआउट की श्रेणी में आते हैं। यह केंद्र अप्रैल 2024 में केवल 8 बच्चों के साथ शुरू किया गया था, जिसमें अब 54 बच्चे अध्ययनरत हैं। इस पहल के माध्यम से बच्चों में उल्लेखनीय शैक्षणिक और व्यवहारिक बदलाव देखा जा रहा है। समय-समय पर विशेष दिवसों के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित की जाती है, जिससे उनमें आत्मविश्वास का संचार हो रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी बच्चों को अध्ययन सामग्री के रूप में डेस्किट बैग भी वितरित किए गए। मौके पर महाप्रबंधक राजेश रंजन अंबस्ठा ने कहा कि यह पहल न केवल बच्चों के भविष्य निर्माण की दिशा में एक सार्थक कदम है, बल्कि इससे ग्रामीण समुदाय में भी विश्वास और सकारात्मक भावना भी सुदृढ़ हो सकेगी।

मौके पर खान प्रबंधक किरण शंकर सिंह, बीमरला खनन टीम में सहायक प्रबंधक चंद्रकांत दुबे, प्रत्यूष रावत, अभय भारती, धर्मेंद्र कुमार, सीएसआर टीम द्वारा उड़ान सेंटर के तहत हिंडाल्को सीएसआर से संचालित बालवाड़ी केंद्र, घोड़ापाथर ग्राम का भ्रमण किया गया। जिसमें बालवाड़ी केंद्र के अध्ययनरत बच्चों ने पराम्परागत झारखंडी वेश भूषा में आगत अतिथियों का नागपुरी ठेठ गीत कर स्वागत किया गया। साल के पत्तों से बना माला एवं टोपी पहनाकर सभी का स्वागत किया गया।

सांसद प्रतिनिधि ने किया 25 केवीए ट्रांसफर्मर का उद्घाटन

कैरो / लोहरदगा। लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से प्रखण्ड के खंडा चौक के समीप लगवाए गए 25 केवीए ट्रांसफर्मर का उद्घाटन प्रखण्ड सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी, महताब आलम,जोरावर खान के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी ने कहा कि झारखण्ड की गठबंधन सरकार गरीब किसान, महिला, मजदूर सभी के हित मे कार्य कर रही है।मण्डल अध्यक्ष महताब आलम ने कहा कि लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगत क्षेत्र के विकास के प्रति संवेदनशील हैं।वे जनता के हित में लगातार काम कर रहें है शिक्षा,स्वास्थ्य,पेयजल,ऊर्जा समेत अन्य क्षेत्रो में भी विकास के लिए कृतसंकल्पित हैं।अभी हाल में ही लोहरदगा के गरीब लाचार जावेद कुरैसी के बीमार पुत्र वकार जावेद को बेहतर इलाज के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष से तीन लाख रुपये दिलाने का सराहनीय काम किये हैं। मौके पर मुस्लिम अंसारी, अख्तर अंसारी, एकरार खान, तौहीद अंसारी, मुस्ताक खान, मजूल अंसारी, उमेश सिंह, राजकुमार उराँव, विक्रम उराँव, खुदी उराँव आदि उपस्थित थे।

भंडरा में पंचायत समिति की बैठक संपन्न

योजनाओं के क्रियान्वयन पर दिया गया जोर

नवीन मेल संवाददाता

भंडरा। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभा भवन में शनिवार को पंचायत समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख बरिया देवी ने की, जबकि संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी द्वारा किया गया। बैठक की शुरुआत में प्रखंड प्रमुख और बीडीओ ने सांसद प्रतिनिधि राधेश्याम साहू का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। बैठक के दौरान कई पंचायत समिति सदस्यों की अनुपस्थिति पर खेद जताया गया। इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया की अनदेखी करार देते हुए वक्ताओं ने जनप्रतिनिधियों की सहभागिता को आवश्यक बताया। बैठक में बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने सरकार की विभिन्न प्रमुख योजनाओं एवं कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने योजनाओं की सफलता के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से समन्वय एवं सक्रिय सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप योजनाओं को जमीन पर उतारना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई। संबंधित विभागों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बीडीओ ने स्पष्ट किया कि समय पर कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इस अवसर पर उप प्रमुख राजमुनि उरांव, लाल विजय चौहान, बीपीओ अभिषेक किशोर, बीएचओ मनोज कुमार, सीडीपीओ, जेई रेहान अंसारी, मनीष अग्रवाल, पंचायत समिति के सदस्यगण सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना
(नोटिस)

नाम–(1) अभिमन्यु किशोर पासवान, पिता–नन्द किशोर पासवान, पता–खरौंधी ग्रामीण बैंक के पास, थाना–खरौंधी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप महिला थाना नगरउंटारी कांड सं0–09/2025 दिनांक–09.04.2025 धारा–69, 351(2), 3(5) भा0न्या0सं0 के कांड के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरुद्ध दिनांक–12.06.2025 को माननीय न्यायालय, श्री अरविन्द कच्छप, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, व्यवहार न्यायालय नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड, के द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया है, जिसमें आपको दिनांक–30.07.2025 तक माननीय न्यायालय श्री अरविन्द कच्छप, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, व्यवहार न्यायालय नगरउंटारी, जिला–गढ़वा राज्य–झारखण्ड के न्यायालय अथवा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पन करने का समय दिया गया है। दिनांक–12.06.2025 को आपके स्थाई पते के घर पर ढ़ोल–तासा पार्टी एवं दो स्वतंत्र साक्षियों के समक्ष इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार चल रहे है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–30.07.2025 तक माननीय न्यायालय श्री अरविन्द कच्छप, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, व्यवहार न्यायालय नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के न्यायालय अथवा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पन करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 355030 (Police)25-26*D

अव्यवस्था | सेन्हा प्रखंड के घाटा व गगेया गांव में अधूरी जल नल योजना

3 वर्षों से बूंद-बूंद पानी को तरस रही 1700 की आबादी

- सरकार व प्रशासन से लगाई गुहार

नवीन मेल संवाददाता

सेन्हा (लोहरदगा)। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी जल नल योजना से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने की मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है। सेन्हा प्रखंड के झलजमीरा पंचायत अंतर्गत घाटा और गगेया गांव में यह योजना पिछले तीन वर्षों से अधूरी पड़ी है। लगभग 1700 की आबादी वाले इन गांवों में लोग आज भी कुएं, नदी और तालाब का पानी पीने को मजबूर हैं।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जल नल योजना का काम आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है। गांवों में जलमीनार निर्माण के लिए चबूतरे बनाए गए, पाइपलाइन बिछाई गई, लेकिन नल से अब तक एक बूंद पानी नहीं आया। कुछ घरों में तीन वर्षों से पाइप तो पड़े हैं, मगर जलापूर्ति आज तक शुरू नहीं हुई। सिंटेक्स टैंक के लिए बनाए गए चबूतरे भी सूने पड़े हैं।

पंचायत प्रतिनिधियों की भी इस दिशा में कोई गंभीरता नहीं है। ग्रामीणों ने कहा कि जल नल योजना के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत के मुखिया की होती है, लेकिन अधिकांश मामलों में वे भी उदासीन बने हुए हैं। शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं होती, और नल की मरम्मत की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है।

ग्रामीणों ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से मांग की है कि घाटा और गगेया गांव समेत पूरे प्रखंड क्षेत्र में अधूरी जल नल योजनाओं को अविलंब पूर्ण कराया जाए। लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं ताकि जल संकट से राहत मिल सके।

प्रशासन की चुप्पी से ग्रामीणों में नाराजगी

झरी उरांव, मुकेश दास गोस्वामी, अमित उरांव, बंशीधर दास गोस्वामी, भीखराम उरांव सहित दर्जनों ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि योजना की स्थिति सिर्फ इन दो गांवों तक सीमित नहीं है। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अन्य पंचायतों में भी जल नल योजना की हालत खस्ता बनी हुई है। उन्होंने बताया कि गांवों में स्थापित कई नल खराब पड़े हैं। न तो उनकी मरम्मत हो रही है और न ही कोई पूछने वाला है। विभाग और संवेदक दोनों की निष्क्रियता साफ दिख रही है।

झारखण्ड सरकार
कारा निरीक्षणालय
कारा एवं सुधारात्मक सेवाएँ
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड
कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा, गढ़वा
E-Mail ID:- dj-garhwa@jharkhandmail.gov.in
jailsuperintendent.garhwa@gmail.com • Phone No. 06561-222104

अति अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना
HJ AND DM/DJ GARHWA/Q-3/2025/856

01	कारा का नाम	मंडल कारा, गढ़वा
02	विषय	कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादि की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यानों, हरी सब्जियों, आलू, फल, एंव चीनी आपूर्ति के निमित्त ई0 निविदा का आमंत्रण। (1) तृतीय त्रैमासिक ई0 निविदा दिनांक–01.07.2025 से 30.09.2025 तक।
03	निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी।	₹ 5000.00 (पाँच हजार) मात्र।
04	बेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय।	दिनांक–18.06.2025, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–23.06.2025 के अपराह्न 04.00 बजे तक।
05	निविदा Online Upload करने की तिथि।	दिनांक–18.06.2025, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से दिनांक–23.06.2025 के अपराह्न 04.00 बजे तक।
06	आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि।	दिनांक–24.06.2025, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक।
07	अग्रधन राषि (EMD)(₹ 2500/–.से अधिक होने पर जमा करने की तिथि)	दिनांक–24.06.2025, समय–पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक।
08	निविदा खुलने की तिथि/समय/ स्थान	दिनांक–26.06.2025, समय–पूर्वाह्न 11.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्त्ता की उपस्थिति में।

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखंड सरकार की बेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, गढ़वा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online Upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No.- 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह/0
काराधीक्षक,
मंडल कारा, गढ़वा

PR 355076 (District) 25-26 (D)

डिजिटल युग में भी विकास से कोसों दूर आदिम जनजातियां

सरकारी योजनाएं कागजों तक सीमित, ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित

- 'डाकिया योजना' अधूरी, ग्रामीण ढिबरी युग में जीने को विवश
- 'हर घर नल से जल' एक दिवास्वप्न ग्रामीण आज भी दूषित पानी पीने को मजबूर

सुंदरम केशरी

चैनपुर। एक ओर जहां भारत सरकार देश को डिजिटल युग में ले जाने और प्रत्येक नागरिक तक विकास का लाभ पहुंचाने का दावा कर रही है, वहीं चैनपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती जनावल पंचायत के लिगिर पाठ और कांकरंग पाठ में निवास करने वाले विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में आदिम जीवन जीने को मजबूर हैं। सरकार की कई महत्वाकांक्षी योजनाएं, जो विशेष रूप से इन हाशिए पर पड़े समूहों के लिए बनाई गई हैं, जमीनी हकीकत से कोसों दूर प्रतीत होती हैं, जिससे सरकारी दावों की पोल खुलती नजर आ रही है।

सरकार की अति-महत्वाकांक्षी 'डाकिया योजना', जिसका उद्देश्य पीवीटीजी परिवारों को सीलबंद राशन उनके घर तक पहुंचाना है ताकि उन्हें राशन के लिए भटकना न पड़े, जनावल पंचायत में दम तोड़ती नजर आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिल रहा है और उन्हें आज भी राशन के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता है।बिजली की स्थिति तो और भी दयनीय है। गांव में बिजली के खंभे तो बरसों पहले लग चुके हैं, लेकिन उन पर न तो तार हैं और न ही लोगों को कनेक्शन मिला है। कई जगहों पर तो सिर्फ खंभे ही खड़े हैं, जो केवल शोभा की वस्तु बनकर रह गए हैं। ऐसे में, पीवीटीजी परिवार आज भी ढिबरी युग में जीवन यापन करने को विवश हैं, जहां आधुनिक प्रकाश व्यवस्था एक दूर का सपना है।

सरकार 'हर घर नल से जल' योजना के तहत प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का दावा करती है। परंतु, जनावल पंचायत में इस दावे की सच्चाई उजागर हो जाती है। यहां के ग्रामीण आज भी कई किलोमीटर पैदल चलकर कुएं से दूषित पानी लाने और पीने को मजबूर हैं। उनका आरोप है कि सरकारी पैसों का ठेकेदारों द्वारा बंदरबांट किया गया है, जिसके कारण योजनाएं पूरी तरह से लागू नहीं हो पा रही हैं। ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों और मुखिया को इस संबंध में सूचित किया है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

टूटी सड़कें व 'पीएम जनमन' योजना की विफलता

गांव तक पहुंचने का मुख्य मार्ग आज भी कच्चा और जर्जर है, जिससे ग्रामीणों को दैनिक जीवन में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सरकार पीवीटीजी परिवारों के विकास के लिए 'पीएम जनमन' जैसी योजनाएं चला रही है, जिसके तहत उन्हें सड़क, आवास, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं देने की बात की जाती है। परंतु, जनावल में ये दावे भी विफल होते दिख रहे हैं। अधिकारियों द्वारा सड़क की नापी तो कई बार की गई है, लेकिन आज तक कोई निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है।

उपमुखिया ने बयां किया दर्द: अधिकारियों की उदासीनता

गांव के उपमुखिया इनाम असुर ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा, "इंजीनियर हमारे गांव में आए थे, रोड का निरीक्षण किए, साथ ही मापी भी किए, पर आज तक सड़क का कोई नामोनिशान नहीं मिल रहा। वहीं हमारे गांव की समस्या को उपायुक्त को भी अवगत कराए हैं, पर वो भी कुछ कारगर नहीं दिख रहा। प्रखंड विकास पदाधिकारी जब आते हैं, सभी बातों का अवगत कराते हैं, पर कोई इस पर असर नहीं होता है।" उन्होंने डाकिया योजना पर भी निराशा व्यक्त करते हुए कहा, "ग्रामीणों एवं मेरे द्वारा भी बोला गया कि डाकिया योजना के तहत हम सभी को घर तक राशन दिया जाए।

सरकार से अपील कागजी नहीं, जमीनी विकास की दरकार

जनावल पंचायत के लिगरपाठ और कांकरंग पाठ के आदिम जनजाति के लोग सरकार से मार्मिक अपील करते हैं कि वे केवल योजनाओं की घोषणाएं न करें, बल्कि जमीनी स्तर पर उनकी हकीकत का जायजा लें और उन तक विकास का वास्तविक लाभ पहुंचाएं। इन वंचित समुदायों को डिजिटल युग में लाने और उन्हें मूलभूत सुविधाओं से लैस करने के लिए तत्काल ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि वे भी देश के समग्र विकास का हिस्सा बन सकें और एक सम्मानजनक जीवन जी सकें।

नेटवर्क का अभाव और अधूरी शिक्षा बच्चों का भविष्य अंधकार में

गांव में बीएसएनएल का नेटवर्क टावर तो लगा है, लेकिन वह आज तक चालू नहीं हुआ है, जिससे ग्रामीण डिजिटल दुनिया से कटे हुए महसूस कर रहे हैं। बच्चों की प्राथमिक शिक्षा के लिए आंगनबाड़ी केंद्र वर्षों से अधूरा पड़ा है, जिसका कोई सुध लेने वाला नहीं है। ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों से शिकायत की है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। गांव में स्थित विद्यालय में केवल एक शिक्षक है, जो अक्सर चैनपुर में मीटिंग के लिए जाते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है। बच्चे स्कूल जाने की इच्छा तो रखते हैं, लेकिन शिक्षकों की अनुपस्थिति उनके भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगा रही है।

गुमला सदर अस्पताल से चोरी हुई नवजात 24 घंटे में सकुशल बरामद

बच्ची को ले जाने वाले दंपति गिरफ्तार

- सीसीटीवी फुटेज बना अहम सुराग
- बच्ची सकुशल, परिजनों को सौंपी गई

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। जिले के सदर अस्पताल स्थित एसएनसीयू वार्ड से शुक्रवार रात चोरी हुई मात्र 14 दिन की नवजात शिशु को गुमला पुलिस ने उल्लेखनीय तत्परता दिखाते हुए महज 24 घंटे के भीतर रांची जिले के चान्हो थाना क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया। इस हृदयविदारक घटना में शामिल आरोपी दंपति — बबीता टोप्पो (30) और उसका पति सूरज लोहार — को गिरफ्तार कर लिया गया है। शुक्रवार रात करीब 7:30 बजे की घटना है। नवजात की मां अस्पताल वार्ड में आराम कर रही थी, तभी एक महिला नकली नर्स की वर्दी में वार्ड में पहुंची और टीकाकरण कराने का बहाना बनाकर बच्ची को अपने साथ ले गई। महिला के व्यवहार पर तत्काल संदेह नहीं हुआ, लेकिन कुछ देर बाद बच्ची की अनुपस्थिति ने परिजनों को चिंतित कर दिया। उन्होंने तत्काल अस्पताल प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस सक्रिय हुई।

अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से महिला की पहचान की गई। कैमरे में कैद फुटेज से यह स्पष्ट हो गया कि आरोपी महिला सुनियोजित ढंग से बच्ची को लेकर बाहर निकली थी। तकनीकी जांच और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी दंपति को चान्हो थाना अंतर्गत बीजूपाड़ा गांव से दबोच लिया।

बरामद नवजात पूरी तरह स्वस्थ है। उसे गुमला जिले के सिसई प्रखंड स्थित रेडवा गांव निवासी रतनी इंदवार और नागो खड़िया को सौंप दिया गया। बच्ची की सकुशल वापसी पर परिजनों ने गुमला पुलिस और जिला प्रशासन के प्रति गहरा आभार जताया।

बरामद सामान

- बच्ची को भगाने में प्रयुक्त बाइक (जेएच 01एफ क्यू 2072), गुलाबी रंग का थैला, गमछा, दूध पाउडर, फ़ीडिंग बोतल
- नकली नर्स की वर्दी (जिसका इस्तेमाल अपराध के लिए किया गया)

रोघाडीह जंगल से 21 गोवंशीय पशु जब्त

चैनपुर। कुरूमगाड़ थाना क्षेत्र के रोघाडीह जंगल से शुक्रवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर 21 गोवंशीय पशुओं को जब्त किया गया। कुरूमगाड़ थाना प्रभारी मुनेश तिवारी और एएसआई अनुज पासवान के नेतृत्व में थाना के जवानों ने यह कार्रवाई की। हालांकि, पशु तस्कर मौके से फरार होने में कामयाब रहे।थाना के जवानों द्वारा जब्त किए गए गोवंशीय पशुओं को थाना परिसर लाया गया। इसके बाद, बरडीहा मुखिया ईश्वर खेस और थाना प्रभारी मुनेश तिवारी की देखरेख में इन पशुओं को आदिम जनजाति परिवारों और उन किसानों के बीच वितरित किया गया, जिन्हें खेती करने में समस्या का सामना करना पड़ता है और जिनके पास हल चलाने के लिए गाय नहीं हैं। कुरूमगाड़ थाना प्रभारी मुनेश तिवारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रोघाडीह जंगल से बड़ी संख्या में गोवंशीय पशुओं को तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम ने जंगल में घेराबंदी की, जिसके परिणामस्वरूप पशुओं को सफलतापूर्वक जब्त कर लिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि फरार तस्करों को पकड़ने के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

गुमला से रवाना हुआ "धरती आबा जनभागीदारी अभियान" जागरूकता रथ, डीसी ने कहा-

616 गांवों में शिविर आयोजित होंगे

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। जिले के आदिवासी बहुल क्षेत्रों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शनिवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने चंदाली स्थित समाहरणालय परिसर से "धरती आबा जनभागीदारी अभियान" के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक आईटीडीए रीना हांसदा, जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक कुमार, समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

यह अभियान 15 से 30 जून 2025 तक जिले के चिन्हित 616 जनजातीय बहुल गांवों में संचालित किया जाएगा। इसके अंतर्गत गांव-गांव में विशेष शिविरों का आयोजन कर कमजोर जनजातीय समूहों और अनुसूचित जनजाति बहुल परिवारों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जाएगा।

शिविरों में जिन प्रमुख योजनाओं का लाभ मिलेगा उनमें आधार पंजीकरण, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम जनधन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम नेशनल डायलिसिस प्रोग्राम, और पीएम आवास योजना शामिल हैं।

उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि यह अभियान अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक सशक्त पहल है। हमारा लक्ष्य 15 नवंबर 2025 तक जिले के सभी पात्र नागरिकों को इन योजनाओं से पूर्ण रूप से लाभान्वित करना है।

परियोजना निदेशक रीना हांसदा ने बताया कि जागरूकता रथ गांव-गांव जाकर लोगों को अभियान की जानकारी देगा और शिविरों में भाग लेने के लिए प्रेरित करेगा। प्रत्येक शिविर में विभागीय कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है, ताकि मौके पर ही पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण एवं लाभ वितरण किया जा सके।

नशा नहीं, ज्ञान का नशा अपनाएं, डीसी ने की युवाओं से अपील

गुमला। जिले की उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने निषिद्ध मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं, अभिभावकों और समाज के सभी वर्गों से नशे के विरुद्ध एकजुट होकर जागरूकता फैलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि "नशा एक धीमा ज़हर है, जो न केवल शरीर बल्कि सोच, संबंध, सपनों और पूरे समाज को खोखला कर देता है।" उपायुक्त ने इस सामाजिक अभिशाप के विरुद्ध जागरूकता को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया है। उपायुक्त ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी आधुनिकता की दौड़ में जब मानसिक दबाव, अकेलापन या गलत संगति की चपेट में आती है, तब नशे की ओर आकृष्ट होती है। इससे न केवल उनका मानसिक संतुलन प्रभावित होता है, बल्कि पारिवारिक कलह, घरेलू हिंसा, अपराध और आर्थिक क्षति जैसे गहरे संकट जन्म लेते हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया की समय, साधन और शक्ति को सकारात्मक दिशा में लगाएं। खेल, संगीत, सेवा या अध्यात्म को जीवन का हिस्सा बनाएं।" उपायुक्त ने जोर देकर कहा कि परिवार, स्कूल, पंचायत, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन यदि एक मंच पर आकर कार्य करें, तो नशे के विरुद्ध एक सशक्त आंदोलन खड़ा किया जा सकता है।

विश्व रक्तदाता दिवस पर डीसी ने किया रक्तदान, कहा-

रक्तदान कर बचाएं जीवन

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर शनिवार को सदर अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित स्वयं रक्तदान कर शिविर में उपस्थित रहीं और आम नागरिकों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त ने कहा, "रक्तदान, महादान है। इससे थैलेसीमिया व सिकल सेल एनीमिया जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों का जीवन बचाया जा सकता है। गुमला जिले में ऐसे मरीजों की संख्या अधिक है, इसलिए रक्त की नियमित उपलब्धता अनिवार्य है।" उन्होंने यह भी बताया कि प्रसव के दौरान गर्भवती महिलाओं को रक्त की आवश्यकता हो सकती है, ऐसे में समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी बनती है कि वह समय-समय पर रक्तदान करें। उपायुक्त ने विशेष रूप से ओ-, ए- व बी- जैसे दुर्लभ रक्त समूह वाले लोगों से अपील की कि वे आगे आकर रक्तदान करें। उन्होंने मिथकों को तोड़ते हुए कहा, "रक्तदान से न तो कमजोरी आती है और न ही चक्कर। बल्कि यह शरीर को और भी स्वस्थ बनाता है। इस संदेश को मजबूत करने के लिए मैंने आज स्वयं रक्तदान किया है।" उन्होंने जिले के समस्त अधिकारियों, कर्मियों व आमजन से भी रक्तदान अभियान में भाग लेकर इस पुण्य कार्य में योगदान देने का आग्रह किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी व कर्मी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। शिविर में लोगों में रक्तदान को लेकर उत्साह देखा गया।

रक्तदान शिविर का आयोजन, डीसी ने रक्तदान कर किया शुभारंभ, 30 यूनिट रक्त संग्रह

गुमला। विश्व रक्तदान दिवस के5 अवसर पर गुमला ब्लड बैंक परिसर में मारवाड़ी युवा मंच गुमला एवं प्रेरणा शाखा के संयुक्त तत्वावधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने स्वयं रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया, जिससे कार्यक्रम में एक प्रेरणादायक संदेश गया। शिविर के दौरान मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों द्वारा कुल 30 यूनिट रक्तदान किया गया, जिससे जिला रक्तकोष की रक्त उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इससे भविष्य में मरीजों को समय पर रक्त मिलने में सुविधा होगी। शिविर के शुभारंभ अवसर पर मंच के सचिव शंकर अग्रवाल, अध्यक्ष अंचल अग्रवाल तथा रोहित खंडेलवाल द्वारा उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

गुमला में मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान तेज

स्कूलों में पोस्टर-पेंटिंग प्रतियोगिता के ज़रिए बच्चों को किया जागरूक

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। निषिद्ध मादक पदार्थों के उपयोग के विरुद्ध जिला प्रशासन, गुमला द्वारा चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत शनिवार को जिले के उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पेंटिंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के तत्वावधान में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो ने बताया कि यह रचनात्मक गतिविधि उपायुक्त के निर्देशानुसार तथा राज्य स्तरीय कार्ययोजना के तहत आयोजित की गई, जिसमें जिला परियोजना कार्यालय के श्री दिलदार सिंह का समन्वय रहा। इससे पूर्व अभियान के अंतर्गत प्रभातफेरी, स्लोगन राइटिंग और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी हो चुका है। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव और उससे बचाव के उपायों के प्रति सजग करना, तथा उनके रचनात्मक विचारों को सकारात्मक अभिव्यक्ति देना है। विद्यालय स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को 26 जून को आयोजित होने वाले केंद्रीय कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

नदी में डूबने से 10 वर्षीय बच्ची की दर्दनाक मौत

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड अंतर्गत मालम नवाटोली गांव में शनिवार को एक हृदय विदारक घटना सामने आई, जहां नदी में डूबने से 10 वर्षीय आरोही खलखो की दर्दनाक मौत हो गई। आरोही अपने मामा और अन्य बच्चों के साथ मछली पकड़ने और नहाने गई थी, तभी यह हादसा हो गया।जानकारी के अनुसार, आरोही ग्राम जारी की रहने वाली थी और वर्तमान में अपनी नानी के घर मालम नवाटोली में रहकर आरसी मध्य विद्यालय मालम नावटोली, चैनपुर में कक्षा 5 की छात्रा थी।

11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व विद्यालयों में कराया जा रहा योगाभ्यास

सिसई (गुमला)। शनिवार को प्रखण्ड क्षेत्र के कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय पंडरानी, सिसई में योग गुरु ने कराया योगाभ्यास। योग गुरु गजराज महतो जी के सानिध्य में विद्यालय के छात्राओं व शिक्षिकाओं ने योग किया। 11 वां अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस का थीम है। एक पृथ्वी , एक स्वास्थ्य। आयुष मंत्रालय के प्रोटोकॉल के अनुसार प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, वज्रासन, ताड़ासन, अनुलोम विलोम सहित सभी आसन व प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। योग गुरु ने कहा कि प्रतिदिन योग करने से शरीर स्वस्थ बना रहता है कभी कोई बीमारी नहीं होती है। सभी लोग योग को अपने जीवनशैली में आत्मसात कर ले तो हमेशा स्वस्थ रहेंगे। आज के परिवेश में मोटापा, डायबिटीज, हाई लो ब्लड प्रेशर, माइग्रेन, हार्ट अटैक टीबी, केंसर जैसी अनेकों गंभीर व जानलेवा बीमारियां बढ़ती जा रही हैं, इनसे बचाव के लिए हमसभी को प्रतिदिन योग करना चाहिए। जब सब लोग स्वस्थ होंगे तभी स्वस्थ भारत,समृद्ध भारत, का सपना साकार हो सकता है। करें योग रहें निरोग के नारों के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

पालकोट ग्रामीण बैंक के पास जर्जर बिजली पोल बना खतरा, बड़ा हादसा कभी भी संभव



पालकोट (गुमला)। पालकोट प्रखंड अंतर्गत बघिमा खास स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा के समीप वर्षों पुराना एक बिजली पोल टूट कर जर्जर अवस्था में खड़ा है, जिसे सिर्फ बिजली के तारों के सहारे बांध कर टिकाया गया है। यह स्थिति न केवल खतरे से भरी है, बल्कि बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण भी दे रही है। यहाँ प्रतिदिन बैंकिंग कार्यों हेतु बड़ी संख्या में ग्रामीणों की आवाजाही होती है, जिनमें बच्चों से लेकर वृद्धों तक की भारी भागीदारी रहती है। यह बैंक क्षेत्र की एकमात्र ग्रामीण शाखा है, जहां लोग सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पोल की हालत इतनी खराब है कि किसी भी समय गिरकर जानमाल की भारी क्षति पहुंचा सकता है। स्थानीय ग्रामीण रूपेश साहू ने बताया कि ग्रामीणों में इसको लेकर भय और चिंता का माहौल है। उन्होंने प्रशासन और बिजली विभाग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों ने आग्रह किया है कि संबंधित विभाग इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द पोल की मरम्मत या प्रतिस्थापन कराएं, ताकि कोई दुर्घटना घटने से पहले ही रोकी जा सके और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

रफ्तार का कहर: बाइक व सवारी पिकअप की सीधी टक्कर, एक की मौत, पांच घायल

गुमला। शुक्रवार देर रात करीब 10 बजे, गुमला-छत्तीसगढ़ मुख्य मार्ग पर बकसपुर गांव के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में 35 वर्षीय युवक सत्यम शिवम की मौके पर मौत हो गई, जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब बाइक पर सवार सत्यम और उसका साथी आजम खान घर लौट रहे थे। तभी रफ्तार में आ रही एक सवारी पिकअप ने सामने से बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सत्यम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आजम खान की स्थिति गंभीर बनी हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची रिम्स रेफर किया गया है। इस हादसे के बाद पिकअप वाहन सड़क से 30 मीटर दूर जाकर एक गड्ढे में गिर गया, जिससे उसमें सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल यात्रियों की पहचान बसिया थाना क्षेत्र के निमंती सुरीन, उसकी 3 वर्षीय बेटी निशा सुरीन, 25 वर्षीय अलवीना सुरीन और 48 वर्षीय मरियम कुल्लू के रूप में हुई है। सभी एक शादी समारोह से लौट रहे थे और छत्तीसगढ़ के घोलेंगे गांव से बसिया वापस जा रहे थे। पिकअप में कुल 20 लोग सवार थे। घटना की सूचना मिलते ही रायडीह पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को गुमला सदर अस्पताल भेजा गया, जहां घायलों का इलाज जारी है।

मार्गदर्शन गुमला में सशस्त्र बल जवानों के लिए तनाव प्रबंधन कार्यक्रम आयोजित

प्रोफेसर ने दी सकारात्मक जीवन की प्रेरणा

- छात्राओं के लिए भी आयोजित हुआ "खुश रहने की कला" सत्र

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। सशस्त्र सीमा बल गुमला यूनिट में तनाव प्रबंधन और सकारात्मक जीवन शैली को लेकर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन ब्रह्माकुमारीज संस्था, शिव दर्शन भवन की संचालिका रजोगुणी शांति दीदी जी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ, जिसमें राजस्थान मुख्यालय से पधारे ब्रह्माकुमार प्रोफेसर डॉ. राजेश अरोड़ा ने जवानों को तनाव से मुक्ति और आंतरिक शक्ति जागृत करने के विविध उपाय बताए।

डॉ. अरोड़ा ने कहा कि "21वीं सदी को तनाव की सदी कहा जा सकता है, क्योंकि जीवन में भागदौड़, अपेक्षाएं और प्रतिस्पर्धा ने मानसिक शांति को प्रभावित किया है।" उन्होंने बताया कि ब्रह्माकुमारीज संस्था से जुड़ने के बाद जब उन्होंने मस्तक के बीच एकाग्रता की विधि को अपनाया, तो उन्होंने आंतरिक ऊर्जा और शांति का गहरा अनुभव किया। विज्ञान भी मानता है कि मस्तिष्क के बीच ऊर्जा का एक केंद्र है, और परमात्मा उसी ऊर्जा का अनंत स्रोत हैं।

इस दौरान सेकंड इन कमांडेंट श्री विनय कुमार ओझा, डिप्टी कमांडेंट दिव्यजीत सम्राट, असिस्टेंट कमांडेंट नवीन जी सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी और ब्रह्माकुमारीज परिवार के सदस्य – बीके सुचिता, बीके सुशीला, बीके कुसुम, बीके मालती, बीके शिव भाई, बीके मंगल भाई, अशोक भाई, अमित भाई, पंकज भाई आदि उपस्थित रहे।

इसी क्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में भी छात्राओं के लिए विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें ध्यान, आत्म-संवाद, भावनात्मक नियंत्रण, इच्छा शक्ति और सम्मान जैसे मूल्यों पर प्रेरणादायक गतिविधियाँ कराई गईं। छात्राओं ने कार्यक्रम के बाद बताया कि राजयोग ध्यान और सकारात्मक सोच ने उन्हें जीवन की चुनौतियों का सामना मुस्कान के साथ करने की प्रेरणा दी। छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे जीवन की परिस्थितियों को समझदारी से स्वीकार कर खुश रहकर अपने उत्तरदायित्व निभाएंगी।

जवानों को कराया ध्यान का अभ्यास

प्रो. अरोड़ा ने कहा कि शांति और खुशी बाहरी नहीं, बल्कि हमारे भीतर है। उन्होंने जवानों को ध्यान की विधियों से यह अनुभव कराया कि सकारात्मक सोच, क्षमा, संतोष और आत्मस्वीकृति से मन को स्थिर किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जिसने भी आपके जीवन में दुःख दिया है, उन्हें क्षमा कर दीजिए, आपका मन स्वतः हल्का हो जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सीमा बल के अधिकारियों को ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया गया।

मामला सरकारी है



डॉ आकांक्षा चौधरी

अभी बिहार झारखंड के कस्बों और गांवों में हर जगह नए सरकारी भवन निर्माण का कामकाज चल रहा है। जहां जाइए, चाहे वह पथ निर्माण विभाग द्वारा संचालित हो, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हो या सरकारी स्कूल कालेज के भवन निर्माण विभाग का नाम हो, वहां आपको जीर्णोद्धार कार्य होता हुआ दिखाई देगा। हर जगह जेसीबी की बड़ी बड़ी मशीनें बस कुछ गड्ढे खोदते भरते नज़र आ जाएगीं। वैसे एक और बात गौरतलब है कि पुराने भवनों को ध्वस्त करने का कोई प्रावधान नहीं है। इस बाबत किसी ठेकेदार से या संबद्ध विभाग के किसी कर्मचारी से पूछो, तो जवाब मिलेगा कि सरकारी मामला है जनाब, ऊपर की बात है।

वैसे भी विभागों के पास इतनी संपत्ति है, इतनी जमीनें हैं तो उसका हो भी क्या! सही तो है कि नए भवनों का निर्माण हो रहा है। पुराने भवन तो ऐसी जीर्ण अवस्था में दिखते हैं कि यदि उसे कोई दुधमुंहा बच्चा अपनी कनिष्ठ उंगली से छू दे, तो भरभरा कर ढह जाए। पर, फिर भी यह सवाल उसी स्थान पर तटस्थ भाव से खड़ा है कि नए भवनों के निर्माण आदेश के साथ पुराने भवनों के ध्वस्त होने का आदेश निर्गत नहीं होता है क्या? पुराने भवन ज्यों के त्यों मुंह बाए खड़े भन्ना रहें हैं। उनमें शाम के बाद हर तरह के निशाचर प्राणी पाए जाते हैं। कोई पिल्ला बारिश में भींग कर उनमें शरण लेता है, कभी कोई भटकता सांढ या भटकती गाय ठहर जाती है। इन जीवों की रहने दें तो कुछ और मानव प्रजाति के भटकते जीव वहां अपना ठौर ठिकाना जमा लेते हैं। कुछ तो भांति भांति के व्यसन और कुकर्म का अड्डा ही बना लेते हैं इन भवनों को।

देखिए, यदि पुराने भवनों का जीर्णोद्धार किया जाए, तो नवनिर्माण से आधे से कम लागत में काम निपट जाएगा। पर, फिर अमुक मंत्री के चाचाजी के साले साहब को नव भवन निर्माण का टेंडर कैसे मिलता! और तो और सीमेंट कंपनी से मंत्री, संतरी, सीनियर, जूनियर इंजीनियर, विभाग का क्लर्क, मंत्री जी का भतीजा, उनके ड्राइवर, चपरासी आदि सबका बंधा हुआ हिस्सा उन्हें कैसे नसीब होता?

अरे भई, समझिए मामला सरकारी है! यदि कभी किसी स्थान पर बंटवारे में गड़बड़ी हुई, तो फिर पूरा टेंडर ही कैंसल। प्रक्रिया फिर से शुरू। देखिए, सरकारी मामला है पूरी पारदर्शिता के साथ होना चाहिए। बेइमानी नहीं होनी चाहिए। जिसका जितना प्रतिशत बंधा हुआ रेट है, उतना मिलेगा। उससे बढ़कर मिल सकता है, पर रेट घटेगा नहीं।

निश्चिन्त रहें, यदि मामला अवैध तालाब, नदी भराव का है, अवैध खनन का है या अवैध तरीके से टेंडर जारी होने का, तो समझिए काम सही चल रहा है। यदि किसी रोड बनने में बालू, गारे या तारकोल का गबन नहीं हुआ, तो मतलब ऊपर से नीचे लाइन में कहीं कुछ लिंक मिसिंग है। उस लिंक को ज्यादा शेयर की सप्लाई चाहिए। तो अब सरकारी मामले में टांग क्यों अड़ाना? आप नए भवन, सड़क, अस्पताल को देखकर एंजॉय किजिए, ख्वामखाह पुराने भवन की तरफ़ उंगली क्यों कर रहे हैं!!

पिता के 'आलोक' से हुआ जीवन ज्योतिर्मय

आलोक तुलस्यान

हम सबकी जीवन यात्रा में माता पिता का आशीर्वाद और सहयोग सर्वाधिक होता है। बच्चों के लिए माता पिता धरती पर जीवंत भगवान का स्वरूप होते हैं। मेरी जीवनयात्रा में भी मेरे पिता स्वर्गीय दामोदर प्रसाद तुलस्यान का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रायः पिता का प्रेम,उनका ममत्व ,परिवार रूपी नेह नीड़ के लिए उनका मूक समर्पण, और जीवन प्रबंधन की उनकी छोटी बड़ी सीखें अनदेखी रह जाती हैं। बहुत कम लोग महसूस करते हैं कि प्रत्येक पिता के भीतर एक माँ होती है जो बिना प्रतिदान की इच्छा के परिवार को संघर्ष के तूफ़ानों के बीच उसी प्रकार संभालती है जिस प्रकार ओजोन की परत धरती के नाज़ुक हृदय को सूरज की पराबैंगनी किरणों से संभालती है। मेरा मानना है कि पिता से धन से अधिक मूल्यवान जो धन मिलता है वह चरित्र की पूँजी, आचरण की प्रेरणा और विचार की अनमोल विरासत होती है ।सब कुछ इन्हीं से मिलता है। मुझे भी मेरे पिता ने आचरण का महनीय पाठ पढ़ाया जिसने जीवन के झंझावातों में सदैव मेरी सुरक्षा की है, पथ पर पाथेय की तरह मुझे ऊर्जा दी है। पिता के चारित्रिक आलोक ने इस आलोक का जीवन ज्योतिर्मय कर दिया। पिता जी से पहला सबक मेरे लिए यह था कि दिनचर्या में सजगता और आत्मानुशासन होना चाहिए। वे कहते थे कि बिना अनुशासन के महान लक्ष्य हासिल नहीं किये जा सकते। सुबह सुबह हम दोनों बगीचे की सैर करते थे। प्रकृति की आनंदमय पाठशाला में बाबूजी मुझे जीवन के सबक पढ़ाते थे। थोड़ा बड़ा हुआ तो बाबूजी ने मुझे छोटे छोटे पारिवारिक और सामाजिक उत्तरदायित्व सौंपने प्रारंभ कर दिए। मुझे समाज और जीवन से परिचित कराने का यह उनका अनूठा तरीका था ताकि मैं जीवन में संबंधों की महिमा और जिम्मेदारियों के भार का मूल्य जान सकूँ। युवावस्था में अपनी पढ़ाई के लिए मुझे कलकत्ता(अब कोलकाता) में निवास करना पड़ा। यहाँ उनकी उपस्थिति मुझे सुंदर लिखावट वाले उनके पत्रों के रूप में मिलती थी। उनके पत्र मुझे सामर्थ्य और सकारात्मक ऊर्जा से भर देते थे वैसे ही जैसे निबिड़ अंधकार को अरुणोदय आलोक से भर देता है। व्यवहार की तरलता, व्यक्तित्व की सरलता, कर्म की निष्ठा और विचार की श्रेष्ठता - ये सब कुछ मुझे पिता जी से ही प्राप्त हुआ। वे प्रतिदिन रामायण की चौपाई का पाठ करते थे। गीताप्रेस से प्रकाशित 'तत्वविवेचनी गीता' की एक प्रति मुझे देकर उन्होंने मेरा परिचय इस अनूठे ग्रंथ रत्न से करवाया। इस तरह धार्मिकता और आध्यात्मिकता का संस्कार बीजरूप में मुझे अपने पिता से ही मिला। बासठ वर्ष की अल्पायु में मेरे पिता ने शरीर त्याग दिया। यह मेरे पूरे परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति थी लेकिन यहाँ भी भगवान की ओर से एक मार्गदर्शक की व्यवस्था थी। भगवान ने मेरे ससुर श्री सोहन लाल गाडोदिया के रूप में पितृछाया का आशीर्वाद मेरे ऊपर बनाये रखा। धीरे धीरे वे ही मेरे लिए पितृछाया बन गए। वे मुझे 'आलोक बाबू' कहकर बुलाते थे। ससुर जी के मार्गदर्शन ने मेरी प्रगति के रथ को विस्तार दिया। उन्होंने हमेशा इस बात का ध्यान रखा कि मैं अपनी माताजी को समय दूँ, उनके पास बैठूँ और उन्हें धन आदि के उपहार दूँ। वे कहते थे पति की छाया से वंचित होने पर स्त्री असहाय हो जाती है। बहुत सूक्ष्म दृष्टि ही ऐसा देख सकती है। माँ के पास बैठने का अर्थ उनके न रहने पर अब ज़्यादा अच्छे से समझ आता है। एक बात जब मेरी माताजी ने पितृ देवताओं की स्मृति में भागवत कथा करवाने का सुझाव दिया तो मेरे पितातुल्य ससुर ने मुझे इस कथा को अविलंब प्रारंभ करने का सुझाव दिया। जीवन के राजपथ पर सदैव ससुर जी की जामवंत जागृति ने मुझे संवारा और संभाला है। आज लौकिक रूप से दोनों पिताओं की भौतिक उपस्थिति आस- पास नहीं है लेकिन पितृछाया का स्नेह और आशीर्वाद मुझे अनवरत अनुभव होता है।

बेवजह की वजह न बनाया करो

पूनम शर्मा स्नेहिल

बेवजह की वजह न बनाया करो।
दिल को दिल से यू हीं मत लड़ाया करो।।
बात से बात बनती है जग में सदा।
आस के दीप को बस जलाया करो।
बात करनी है दिल की करो शौख से।
बात ही बात में मत रुलाया करो।।
बात की बात है बात
में बात हो।
बात करके हमें मत
सताया करो।।
बात से याद की हर
कड़ी है जुड़ी।
छल न बातों में अपने
युँ लाया करो।।
जग में रूठे अगर कोई भी तो यहां।
बात ही बात में फिर मनाया करो।।
बात ही बात में बन रही दूरियां।
खार बातों में अपनी न लाया करो।।
बात करने से ही दिल के रास्ते खुले।
बात में जख्म दे के न जाया करो।।
बात में आस हो थोड़ा विश्वास हो।
बात में तुम मधु-रस मिलाया करो।।
दिल है नाजुक बड़ा हर किसी का यहां।
दे उसे चोट मत तुम रुलाया करो।।
बात से जिंदगी है बने ये हंसी ।
बात बातों में मरहम लगाया करो।।
रख अधर पर हंसी बाटना तुम खुशी।
दिलनशी की तरह मुस्कुराया करो।।

पितृ आशीष

खुशबू बरनवाल 'सीपी'

पितृ सर्व मिले आशीष, रख
पावन मर्म तू।
मिलता सब आशीर्वाद, कर
सार्थक कर्म तू ।।
मधु बोल रखे जो पास, दुनिया
तब मान दे।
पितृ प्यार सदा है खास, सुत
साधन ध्यान दे ।।
पितृ से सपने
साकार, स्व प्रयास
रखें सदा।
मिलता उसमें
आकार, बढ़
जीवन में तदा ।।
पितृ जीवन के
मुस्कान, मन
कोमल साथ में।
सबका रखते हैं ध्यान, सब
तात स्व हाथ में ।।
पितृ जीवन के सम्मान, मत
त्याग करो कभी।
कर प्रेम निराशा छोड़, सुविधा
तब दे सभी ॥

घमंड का बक्सा फूटा लड्डू

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

पंडित रामबिलास दुबे जी की चाल-चलन वैसा था, जैसा किसी घड़ीसाज की दुकान में बंधी दीवार घड़ी का होता है-जो खुद चलती है पर दूसरों को रुकवा देती है। उनका चेहरा ऐसा जैसे व्रत वाली दादी का कटोरा- थोड़ा पीला, थोड़ा टेढ़ा, और अंदर से घमंड का हलवा लबालब। गाँव के चौपाल से लेकर सरकारी दफ्तर तक, उनकी हँसी गूंजती थी-"अरे हम जैसे लोग तो ज़ात के खंभे हैं, जो जिस दिन गिरेंगे, धरती हिल जाएगी।" लोग हँसते तो थे, लेकिन वो हँसी वैसी थी जैसे बिन नमक की खिचड़ी-खा तो ली पर रस कहाँ?

रामबिलास जी को अपनी योग्यता पर इतना भरोसा था कि यदि मथुरा से कोई बाबा भविष्यवाणी करे कि "अगले जन्म में आप बकरी बनेंगे," तो वो कह देते-"बकरी नहीं, कम से कम शेरनी बनाओ, इतनी योग्यता तो है।" उन्होंने कभी कोई नौकरी नहीं की, क्योंकि नौकरियाँ उन्हें छोटा बनाती थीं, और वो तो जन्मजात 'बड़ा' थे। अपने घर के सामने तख्ती टाँग रखी थी-"स्वघोषित विद्वान, परामर्श शुल्कः केवल सम्मान।"

उनका घमंड इतना चौड़ा था कि अगर सड़क पर फैल जाए तो जेसीबी भी रिवर्स ले ले। मोहल्ले के बच्चे तक उन्हें देख हँसते थे, पर वो सोचते-"मेरे व्यक्तित्व से प्रभावित हैं।" एक दिन भोर में एक बालक ने पूछा-"पंडितजी, आप कभी रोए हैं?" वो मुस्कराकर बोले-"हमने तो दूसरों को रुलाया है, खुद कहाँ रोए!" और वहीं कहीं ऊपर, बादलों ने बरसना शुरू कर दिया। शायद ईश्वर भी हँसी में डूबा रो पड़ा।

वो दिन भी आया जब उनके पुत्र लल्लन ने आईआईटी निकाल ली। मोहल्ला गूंज उठा, पर रामबिलास जी की आँखें कह रही थीं-"मेरे जीन्स का कमाल है, वरना ये लड़का तो अमरूद चुराते पकड़ा गया था बचपन में।" उन्होंने तुरंत गेट पर नया बैनर लगाया-"आईआईटी पिता-रामबिलास दुबे जी।" मोहल्ले वाले हैरान-"अरे ये क्या टाइटल हुआ?" पर पंडितजी ने समझाया-"अब बेटा नहीं, ब्रांड बना है।" कुछ दिन बाद वही बेटा अमेरिका निकल गया, और रामबिलास जी का अहंकार सातवें आसमान पर। अब वो पान की दुकान पर जाकर कहते-"मसाले वाला पान देना, पर नथुनों से नीचे मत जाना, हमारी अमेरिका वाली नाक है!"

एक दिन गाँव में मेले की घोषणा हुई। रामबिलास जी को मंच संचालन का न्योता नहीं मिला। वो भड़क उठे जैसे कोई नटवरलाल को चेक बुक न दे। बोले-"ये अपमान नहीं, कला का क़त्ल है!" उन्होंने खुद ही माइक थाम लिया, जैसे जनता उनके शब्दों की गुलाम हो। बोले-"आपके सामने खड़ा हूँ, भारत का बुद्धि-गंगाजल!" और एक बच्चा पीछे से चिल्लाया-"तो फिर भैया बाल्टी कहाँ है?" और पूरा मैदान हँसी से गूंज उठा। पर रामबिलास जी मुस्कराते रहे-"बच्चे नासमझ हैं, विद्वता का स्वाद क्या जानें!"

धीरे-धीरे वो अकेले पड़ने लगे। मोहल्ले में नए पोस्टर लगे-"आईएएस मामा, सीए चाचा, एमबीए मौसी," पर उनके पोस्टर की स्याही सूख चुकी थी। बेटा भी अमेरिका में ग्रीन कार्ड से शादी कर बैठा, और महीने दो महीने में 'ओके' व्हाट्सएप करता। एक दिन पंडितजी ने कहा-"हमारी विद्वता ही तो है, जो सबने रास्ता पकड़ा।" एक बुज़ुर्ग बोला-"नहीं, आपकी नफ़ासत से सबने रास्ता बदल लिया।" पहली बार पंडितजी की मूँछें झुक गईं, जैसे बुढ़ापा भी शर्मिंदा हो।

घमंड का अंतिम चरण तब शुरू हुआ जब एक सरकारी योजना आई-"गाँव के बुजुर्गों को सम्मान।" नामांकन में उनका नाम नहीं था। उन्होंने खुद आवेदन दिया, प्रमाण भी जोड़े-"मुझे खुद पर गर्व है," "मैं खुद को ही गुरु मानता हूँ," "सभी ने मुझसे सीखा, चाहे मज़बूरी में सीखा हो।" अधिकारी ने हँसते हुए फ़ाइल अलग कर दी-"साहब, इनका आत्मसम्मान तो पहले ही हज़ार किलोमीटर लंबा है, सम्मान देंगे तो ब्रह्मांड चुक जाएगा!" पंडितजी चुपचाप घर लौटे। पहली बार वो आईने के सामने देर तक खड़े रहे-जैसे अतीत भी उनसे आँख चुरा रहा हो।

आखिरी दृश्य एक सरकारी दफ्तर में हुआ। किसी सामाजिक योजना में गाँव का नाम आया, और दिल्ली से अफसर आए। सभी पूर्व अध्यापक, समाजसेवी बुलाए गए, रामबिलास जी भी गए। मंच पर बैठे अफसर ने माइक उठाया-"किसी ने गाँव को आकार दिया?" और वहाँ बैठे बृद्ध बोला-"हाँ, दिया तो था, पर इतना झुककर नहीं कि बच्चा चढ़कर नाच जाए!" रामबिलास जी मुस्कराए नहीं, पहली बार पलकों में पानी था। मन ही मन बोले-"काश घमंड की जगह प्रेम बाँटा होता, तो आज ये मंच मेरा होता।"

शाम हुई, और रामबिलास जी लौटे उस घर में, जहाँ दीवारों पर अब भी पुराने कैलेंडर लटके थे-एक पर लिखा था-"संतोष सबसे बड़ा धन है।" उन्होंने धीरे से उस कैलेंडर को देखा, और कहा-"काश इसे पहले पढ़ लिया होता।" उसी रात दिल ने अंतिम हलचल की, और सुबह मोहल्ले में एक पोस्टर लगा-"पंडित रामबिलास दुबे जी स्वर्गवास।" नीचे लिखा था-"आईआईटी पिता नहीं, एक भटके हुए आत्मसम्मान के यात्री।" लोग आए, पर हँसी नहीं थी, आँखें नम थीं। और एक छोटा बच्चा जो कभी 'बाल्टी' कहकर हँसा था, बोला-"वो पंडितजी चले गए, पर उनके जैसे कोई हँसाया नहीं।"

अंततः, घमंड गया, सम्मान बचा।
पर बहुत देर बाद, बहुत अकेले में।

आज का दोहा

सोचो क्यों निष्फल हुए, जितने किए प्रयोग।
क्यों बदले माहौल में फिर से बदले लोग।।

सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

फादर्स डे पर

सत्या सिन्हा

बाबुल.....मैं तेरी ही बिटिया कहलाऊँ
अमरबेल-सी फैल गई है मेरी गृहस्थी, हर
कोने को बड़े ही करीने से सजाया है, कहने
को तो मालकिन
कहलाती, पर
जिम्मेदारी की
मकड़जाल में
खुद फँसकर रह
जाती।
तू भले ही
मुझे दूसरे की
अमानत समझे, पर मेरी हर गलतियों की तार
तुझ तक खींच लाती।
हुनर दिखाकर शाबाशी भले ही नहीं पाती,
पर गलती होने पर झट से बाबुल की
बिटिया कहलाती।
राजा जनक जब न दे सके बिटिया को वास,
तो बाबा कौन बताए बिटिया को खास ?
भूले-बिसरे किस्सों को संदूक में रख जाती,
पर बाबुल बार-बार मैं तेरी ही
बिटिया कहलाती।
विदा होते समय आँगन में छोड़ आई थी जो
नाम, अब नई पहचान से जानी जाऊँगी।
इस बात को मैं कब और कैसे झूठलाती ?
पर बाबुल बार-बार मैं तेरी ही
बिटिया कहलाती।
कमाकर जो कुछ भी लाऊँ, इस नये संसार में
लगाऊँ, तेरी दवा-पानी को पूछ लिया तो खुद
को कठघरे में खड़ा पाऊँ ?
वाद-विवाद में चुप रहूँ तो समझदार,
बोलूँ तो संस्कारों की टिप्पणी पाऊँ ?
पर बाबुल बार-बार मैं तेरी ही बिटिया कहलाऊँ।
कोई कुछ भी कहे, पर आज मैं सच्ची
बात बताऊँ?
तेरे दिए हुनरों से जिंदगी की रंगीन तस्वीर
बनाऊँ, कहकर नहीं, कुछ करके भी दिखाऊँ,
बाबा बार-बार मैं तेरी ही बिटिया कहलाऊँ।

काव्य कोना

समानता में अंतर

उद्भावना रचनाशीलता की बात करना
उद्भावना के लिए भी उद्भव का ज्ञान होना
चाहिए।
भाषा और भाषा में अंतर की बात
सौहार्द और प्रेम की भाषा समान है।
मन में भाव हो तो भाव समझ आयेगी
भावविहीन को भाव कहाँ से आयेगा ।
गरुड़ और गुरुर में गजब की समानता है
उड़ने की कला में दोनों माहिर हैं,
एक उड़ता है और जमीन पर आ जाता है,
दुसरा उड़ता है और उड़ता ही रहता,
बलात्, नहीं लाते जमीन पर जब तक।

नाग मणि

बचपन और गर्मी की छुट्टियां

पद्मा मिश्रा

बीते हुए समय.में बचपन की प्यारी सुधियां, फिर याद आ रही हैं,गर्मी की छुट्टियां ।
ऊंचे पहाड़ों को हम छोड़कर चले थे,
अपने गृहनगर में बसाने अपनी दुनिया।
फिर याद आ रही हैं,गरमी की छुट्टियां ।

सचमुच सुदूर नैनीताल में स्कूल के दिन जितने निराले,यादगार होते थे उससे कहीं ज्यादा प्यारी लगती थी गर्मी की छुट्टियां,जिनका इंतजार रहता था हमें कि कब स्कूल बंद हों और हम.अपने गृहनगर बनारस की ओर चलें। परीक्षओं के बाद ठीक 20 मई को मेरा स्कूल बंद होता और 7 जुलाई को खुला करता था। अब इतनी लंबी गर्मी की छुट्टिया हमे किसी मनपसंद त्योहार की तरह ही बहुत अच्छी लगती थीं। बनारस जाने का मतलब हम भाई बहनों के लिए नैनीताल की ठंडी वाले कोट, शाल, जूतों,कनटोपों से आजादी का भी प्रतीक होता था। नये कपडे खरीदे जाते,नयी खाने की चीजें बनती घर में और पिताजी सेब, आडू खुबानी की छोटी पेटियां भी खरीद लेते थे। ट्रेन से हम काशीपुर से मुरादाबाद फिर वहां से ट्रेन बदल कर बनारस। ट्रेन का नाम अब याद नहीं रहा। बनारस वाले घर में बाबा गांव के अपने बगीचे के लंगडे आम लाकर रखे रहते थे। रेवडी चिवडा, आम के अंचार से पूरा कमरा भरा रहता था। हमारी खुशी का ठिकाना नहीं होता था तब। आज जब हम विज्ञापन देखते हैं न कि मेहमानो का स्वागत पान पराग से करो, सचमुच तब याद आता था कि बच्चों का स्वागत लंगड़े आम से करो। यह कल्पना भी आज होठों पर हंसी ले आती है। बिना हाथ पांव धोये, यात्रा की। थकान मिटाये बिना हम तीनो आमों पर टूट पडते थे। शाम को सहेलियों से मिलना होता था, हम सब मिलकर मकान मालिक की आइसक्रीम फैक्ट्री से खूब आइसक्रीम खाते थे। मकान मालिक की बेटी दुर्गेश मेरी प्रिय सहेली थी इसलिए कोई रोकने टोकने वाला भी नहीं था। भोर होते ही पंचगंगा घाट जाना, स्नान कर पंडा जी से तिलक लगवाकर पक्के भक्त बने हम जब लौटते तो कचौडी गली में कचौड़ी जलेबी का नाश्ता आज भी बहुत याद आता है। आह, कितने प्यारे थे वो दिन ।इस बार हमारे प्रवास का आखिरी समय मेरे ननिहाल में बिताना था। छोटी-मौसी की शादी थी। पहली बार गांव की शादी में शामिल होना किसी उत्सव से कम नहीं था। मौसा जी एयरफोर्स में कार्यरत थे और बारात में सीधे अपनी ड्यूटी से ही आने वाले थे। नानाजी ने उनके स्वागत में चूने से पुती दीवारों पर चित्रकारी करने का काम हम बच्चो को सौंप दिया। हमने कमल का फूल, कलश, मोर बनाया, स्वागतम लिखा, जिसे देखकर अनगढ़ चित्रकारी की भी तारीफ मिली थी।

विवाह में एक ओर मौसा जी को हल्दी लगती तो दूसरी ओर मौसी को। एक बार इधर चुमावन तो फिर दूसरी तरफ। बहुत मजा आ रहा था। अंतत; छुट्टिया बीत गयीं, जैसे कोई प्यारा सपना देखते हुए अचानक आंखें खुल जाती हैं वैसी ही अनुभूति लेकर हम लौटते थे। लेकिन ढेर सारा आनंद, खुशी,उर्जा अपनी झोली में बाधकर। आज भी बच्चों की छुटटिया होती हैं पर उम्र के इस पड़ाव पर वो बचपन की खुशियां लौटकर कभी नहीं आयीं।

कबीर का काव्य

रीना सिन्हा सलोनी

कबीर दास एक महान संत, कवि और समाज सुधारक थे इसलिए उन्हें संत कबीर दास भी कहा जाता है। कबीरदास का काव्य और विचार सामाजिक न्याय और समानता के संदेश को बढ़ावा देते हैं इसीलिए वो आज भी विभिन्न धर्मों के लोगों के लिए प्रासंगिक हैं. कबीर दास एक विधवा ब्राह्मणी के पुत्र थे और एक गरीब नीरू और नीमा नामक निःसंतान जुलाहे दंपति ने उनका पालन पोषण किया। ग़रीबी के कारण उनकी शिक्षा नहीं हो सकी फिर भी उनकी रचनाओं में जीवन की गहरी समझ , सूझबूझ और विविध भाव और रंग दिखते हैं।

मसि कागद छूयो नहीं, कलम गयो नहिं हाथ।

शिक्षित न होने के कारण कबीर दास ने अपने ग्रंथ स्वयं नहीं लिखे बल्कि उन्होंने उन्हें अपने मुँह से बोला और उनके शिष्यों ने उन्हें लिखा जो की बीजक नामक से संग्रहित है।

कबीर दास की कृतियाँ एक अद्भुत साहस से भरी थी। उनके काव्य में विभिन्न धर्मों और संप्रदायों की झलक दिखती है ।उस काल में जब हमारा समाज धर्म, कर्मकांड और पाखंड से भरा था तब कबीर दास जी ने इन सब चीजों का अपनी रचनाओं में खुल कर विरोध किया। उन्होंने असत्य, अंधविश्वास और कुरीतिओं को सिरे न सिर्फ़ नकारा बल्कि अपनी रचनाओं के माध्यम से उनका विरोध भी किया। उनकी रचनाएँ सरल शब्दों में और मर्म पर चोट करने वाली थीं। उन्हों बोलचाल की भाषा में ही अपनी बात कही जो इतनी सटीक थी की कड़वी होते हुए भी उनके आलोचकों का मुँह बंद करने में सक्षम थीं।

उन्होंने न सिर्फ़ हिंदू धर्म बल्कि मुस्लिम धर्म की कुरीतिओं पर भी चोट किया। हिंदू धर्म की मूर्ति पूजा का विरोध करते हुए वो एक साखी में कहते हैं -

पाहन पूजे हरि मिले, तो मैं पुजौपहार।
था ते तो चाकी भली, जासे पीसी खाय संसार॥

अर्थात्, पत्थर पूजने से अगर भगवान मिल जाते तो मैं पहाड़ को पूजूँ और कर्म को प्रधानता देते हुए कहते हैं की इससे तो अच्छी पत्थर की चक्की है जिसको पीसने से कम से कम पेट भर ख़ाना मिलता है।

इसी प्रकार मुस्लिम धर्म पर चोट करते हुए लिखते है की

काँकर पाथर जोड़ के, मस्जिद लिया बनाए
ता चढ़ी मुल्ला बांग दे, बहरा हुआ खुदाए

मतलब पत्थर की ऊँची मस्जिद बना कर ऊपर बैठ कर चिल्लानें से क्या फ़ायदा , क्या खुद बहरा है, वो हमारी बात यूँ भी सुन सकता है।

इन सब दोहों और साखियों के कारण लोग उन्हें निर्गुण के उपासनाक मानने लगे थे। धर्म के अलावा समाज में फैले जात पात का विरोध करते हुए वो कहते हैं -

जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान।
मोल करो तलवार का, पड़ी रहन दो म्यान।।

अर्थात व्यक्ति की योग्यता उसकी जात से नहीं बल्कि उसके ज्ञान से की जाती है ।

कबीर दास नें अपने काव्य में जीवन की बड़ी से बड़ी सीख कम शब्दों में दी है जो इतनी सटीक है की वो आज भी सार्थक है । वाई कहते हैं-

निंदक नियरे राखिए, आँगन कुटि छवाए
बिन साबुन बिन पानी के, निर्मल होत सुहाए

अर्थात् अगर कोई आपकी निंदा करता है तो वो आपकी ग़लतियाँ बता रहा है जिन्हें दूर कर आप अपनी छवि सुधार सकते हैं ।

कबीर दास जी ने जीवन के दर्शन पर भी लिखा है । वो कहते हैं -

आय हैं सो जाएँगे, राजा रंक फकीर ।एक सिंहासन चढ़ी चले, एक बँधे जात जंजीर।।

इसका अर्थ है की जो इस जग में आया है उसका जाना निश्चित है चाहे वो राजा हो रंक या फ़क़ीर , फिर भी हम धन दौलत के पीछे भागते हैं।

अतः उनकी रचनाओं को देखते हुए यह पता चलता है की उनका व्यक्तित्व बिल्कुल मस्तमौला और सत्य कहने वाला था। उन्होंने अपनी कृतियों के माध्यम से समाज को जागृत करने और सुधारने की कोशिश की । उनकी यही सभी धर्मों के प्रति सहिष्णुता रखने वाली छवि उन्हें सबसे अलग बनाती है। अपनी उदारवादी और व्यापक सोच के कारण से

कबीरदास ने अपने दोहों और पदों से समाज को एक नई दिशा दी है।

हिंदी साहित्य के महान कवि होने के साथ ही कबीर दास विद्वंत विचारक, भक्तिकाल के प्रमुख कवि और अच्छे समाज सुधारक थे जिन की काव्य कृतिया आज के समय में प्रासंगिक हैं।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

केदारनाथ के दर्शनार्थियों की संख्या 10 लाख के पार हुई

एजेंसी। उत्तराखण्ड

इस बार यात्रा में प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था को सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए टोकन सिस्टम लागू किया है, जिससे श्रद्धालुओं को कम समय में दर्शन का लाभ मिल रहा है। बाबा केदारनाथ के कपाट दो मई को आम श्रद्धालुओं के लिए खोले गए थे और तब से अब तक रिकॉर्ड संख्या में भक्त दर्शन कर चुके हैं।इन दिनों पवित्र केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, जो अपनी आध्यात्मिक भावनाओं को व्यक्त करने के लिए यहां आ रहे हैं। चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 10 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा केदारनाथ के दर्शनों के लिए पहुंच चुके हैं। हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु चुनौतीपूर्ण पहाड़ी रास्ते को पार कर बाबा केदारनाथ के चरणों में दर्शन करने पहुंच रहे हैं। शाम की आरती में धाम में हजारों श्रद्धालु एक साथ आते हैं, जिससे मंदिर परिसर भक्ति और दिव्यता से भर जाता है। हर तरफ हर-हर महादेव के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है।

● मंदिर में आरती के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी

इस बार यात्रा में प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था को सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए टोकन सिस्टम लागू किया है, जिससे श्रद्धालुओं को कम समय में दर्शन का लाभ मिल रहा है। बाबा केदारनाथ के कपाट दो मई को आम श्रद्धालुओं के लिए खोले गए थे और तब से अब तक रिकॉर्ड संख्या में भक्त दर्शन कर चुके हैं। इस समय केदारनाथ धाम में मौसम की भी कई कठिनाइयां देखने को मिल रही है। इसके बाद भी केदारनाथ में भारी भीड़ हो रही है। प्रशासन ने पैदल मार्ग, टेंट, स्वास्थ्य व सुरक्षा संबंधित सुविधाओं को बेहतर बनाया है। इससे हर श्रद्धालु को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

केदारनाथ में श्रद्धालुओं की भीड़, दर्शन में लग रहा कम समय

दो मई को केदारनाथ के कपाट खुलेंगे इसके बाद अबतक 10 लाख से अधिक श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंच कर दर्शन कर चुके है। लोगों की आस्था में किसी तरह की कमी नहीं देखने को मिल रही है। हर दिन हजारों की संख्या में भक्त केदारनाथ पहुंच रहे है। शाम की आरती में भी भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे है। अब गर्भगृह तक पहुंचने में भी लोगों को कम समय लग रहा है। व्यवस्था अच्छी होने से दर्शन करने का समय काफी कम हुआ है। बता दें कि इन दिनों मंदिर दिन-रात खुला हुआ है। भक्त लगातार बाबा के दर्शन करने पहुंच रहे है।

अयोध्या बनेगा स्मार्ट और सुरक्षित शहर, लगेंगे 1000 सीसीटीवी कैमरे

एजेंसी। अयोध्या

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में भगवान राम की नगरी अयोध्या को स्मार्ट और सुरक्षित शहर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अयोध्या नगर निगम ने योगी सरकार की स्मार्ट सिटी पहल के तहत एक महत्वाकांक्षी मास्टर प्लान तैयार किया है, जिसके अंतर्गत इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर (आईसीसीसी) स्थापित किया जाएगा। योगी सरकार के नियोजन विभाग ने इस योजना को मंजूरी दे दी है और जल्द ही इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू होगी। इस परियोजना के लिए 56 करोड़ रुपए की लागत से अयोध्या और फैजाबाद में एक हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। पुलिस विभाग के सहयोग से शहर के संवेदनशील और प्रमुख स्थानों पर कैमरे स्थापित किए जाएंगे, जिससे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी। योगी सरकार की इस पहल के तहत सिविल लाइंस में नगर निगम और अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) के संयुक्त कार्यालय में एक अत्याधुनिक कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, जहां से पूरे शहर की निगरानी की जाएगी। यह कंट्रोल रूम न केवल सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि शहर की विभिन्न समस्याओं जैसे जलभराव, खराब स्ट्रीट लाइट्स और पेयजल संकट की त्वरित मॉनिटरिंग और समाधान में भी सहायक होगा।

सपा विधायक व उनके परिजनों की 23 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क

एजेंसी। आजमगढ़

उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में जिला प्रशासन ने समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक और पूर्व सांसद रमाकांत यादव और उनके परिजनों की 23 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति गिरोहबंद अधिनियम (गैंगस्टर एक्ट) के तहत कुर्क कर ली। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रमाकांत यादव पर आरोप है कि उन्होंने कथित तौर पर अपराध के जरिए स्वयं और परिजनों के नाम यह संपत्ति अर्जित की। अधिकारियों के मुताबिक कथित बाहुबली विधायक रमाकांत यादव के खिलाफ आज आजमगढ़ में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के निर्देश पर जिले की पुलिस और प्रशासन ने कुर्की की एक बड़ी कार्रवाई की। जिला प्रशासन ने अपराध जगत से अवैध तरीके से अर्जित 23 करोड़ 42 लाख 81 हज़ार 400 रुपये की संपत्ति को कुर्क कर लिया। यादव जिले में एक जहरीली शराब कांड मामले में आरोपी है तथा फतेहगढ़ जेल में बंद हैं। आजमगढ़ जिले के अहरौला थाना क्षेत्र में फरवरी 2022 में जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत हुई थी और कई लोग गंभीर रूप से बीमार हुए थे।

मणिपुर में बड़ी कार्रवाई: 328 बंदूकें10 ग्रेनेड और 7 डेटोनेटर बरामद

एजेंसी। इंफाल

मणिपुर पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों ने बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाकर भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए हैं। विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर मणिपुर पुलिस, केंद्रीय अर्धसैनिक बल (सीएपीएफ), भारतीय सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीमों ने घाटी के पांच जिलों के बाहरी इलाकों में एक साथ छापेमारी की। इस अभियान में कुल 328 हथियार बरामद किए गए, जिनमें 151 एसएलआर, 65 इंसास राइफल, 73 अन्य प्रकार की राइफलें, 5 कार्बाइन गन, 2 एमपी-5 गन और कई अन्य घातक हथियार शामिल हैं। इसके अलावा, सुरक्षा बलों को 10 ग्रेनेड, 7 डेटोनेटर, लैथोड बम और भारी मात्रा में जिंदा कारतूस (एसएलआर, इंसास, एके, .303) के साथ मैगज़ीन भी मिली हैं। मणिपुर पुलिस के एडीजीपी ने बताया कि 13-14 जून की रात को शुरू किए गए तलाशी अभियान में पांच जिलों के बाहरी इलाकों से यह हथियार बरामद किए गए हैं। बरामद हथियारों में एक एसएलआर, 5 राइफल, मोर्टार, और फ्लेयर गन जैसी उन्नत तकनीक के हथियार और उपकरण शामिल हैं, जो इस गुप्त शस्त्रागार की गंभीरता और खतरनाक प्रकृति को दर्शाते हैं।

पुलिस ने इस सफलता को राज्य में कानून-व्यवस्था बहाल करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि सभी सुरक्षा एजेंसियों के बीच मजबूत समन्वय के चलते यह अभियान सफल हो सका।

एयर इंडिया हादसे की जांच को लेकर हाई लेवल कमेटी गठित

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत सरकार ने एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 की दुर्घटना की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की है।यह फ्लाइट अहमदाबाद से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे जा रही थी, जो 12 जून को उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई।इस विमान में सवार 242 लोगों में से केवल एक व्यक्ति ही जीवित बचा। दुर्घटना में 241 लोगों की जान चली गई, जो हाल के वर्षों में सबसे बड़े हवाई दुर्घटनाओं में से एक है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा है कि समिति दुर्घटना के पीछे के कारणों का पता लगाएगी और जांचेगी कि क्या गलत हुआ। समिति मौजूदा सुरक्षा नियमों की समीक्षा भी करेगी और भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नए तरीके सुझाएगी। समिति विभिन्न एजेंसियों द्वारा चल रही अन्य जांचों की जगह नहीं लेगी, बल्कि नीतियों और सुरक्षा दिशानिर्देशों को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगी।इस उच्च स्तरीय टीम का नेतृत्व केंद्रीय गृह सचिव करेंगे। इसमें नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारतीय वायु सेना, नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, इंटेलिजेंस ब्यूरो और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। गुजरात सरकार, अहमदाबाद पुलिस, आपदा प्रतिक्रिया प्राधिकरण और फोरेंसिक साइंस के विशेषज्ञ भी इस टीम का हिस्सा होंगे। जरूरत पड़ने पर पैनल में अतिरिक्त विमानन विशेषज्ञ, कानूनी सलाहकार या जांचकर्ता शामिल किए जा सकते हैं। समिति के पास उड़ान डेटा, कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डिंग, विमान रखरखाव लॉग, एटीसी (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) लॉग और गवाहों के बयान जैसे महत्वपूर्ण रिकॉर्ड तक पहुंच होगी। यह समिति दुर्घटना स्थल का दौरा भी करेगी और इसमें शामिल लोगों से बात करेगी, जिसमें क्रू मेंबर्स, एयर ट्रैफिक कंट्रोलर और रेस्क्यू टीम शामिल हैं।

● केंद्रीय गृह सचिव करेंगे, सदस्य विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी

● गुजरात सरकार, पुलिस, आपदा प्राधिकरण, फोरेंसिक विशेषज्ञ भी शामिल

अहमदाबाद विमान दुर्घटना के भयावह दृश्य, फोरेंसिक की टीम जुटी जांच में

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे को लेकर प्रत्यक्षदर्शी आकाश पटनी ने कहा कि वह मंजर बहुत ही भयावह था, जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। शनिवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान प्रत्यक्षदर्शी आकाश पटनी ने कहा, "गुजरात हाउसिंग बोर्ड के एक नंबर ब्लॉक में रहता हूं। जो घटना हुई है उसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं। वो एक भयानक मंजर था। मैं उस दिन घर पर था। कपड़े उतारने के लिए पत्नी के साथ छत पर गया था। इस दौरान हमने देखा कि एक प्लेन हमारी तरफ आ रहा है। हमारा शरीर कांपने लगा। प्लेन सबसे पहले एक पेड़ से टकराया। इसके बाद हॉस्टल की बिल्डिंग पर गिरा। चारों तरफ फैले धुएं के कारण हमें कुछ देर के लिए दिखना तक बंद हो गया था। जैसे-तैसे हम छत से नीचे की ओर आए। धमाका इतना जोरदार था कि आस-पास की बिल्डिंग में रहने वाले लोग भी घर से बाहर एक सुरक्षित जगह पर जमा हुए।" पटनी ने उस मेस की भी बात की जिस पर विमान गिरा था। बोले, "रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान हम भी वहां गए थे। खाने की प्लेट में खाना वैसा का वैसा ही था। इसके बाद लोगों ने यह समझा कि छात्र खाना ही खाने वाले थे। लेकिन, खाना खाने से पहले यह भयावह हादसा हो गया।"अहमदाबाद विमान हादसे में शनिवार को घटना स्थल पर एनडीआरएफ, सीआईएसएफ और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं। राज्य के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा, "फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी में कई अधिकारियों के साथ एक बैठक हुई, जिसमें विशेष रूप से गुजरात के फोरेंसिक वैज्ञानिकों की टीम पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो पिछले दो रातों से बिना आराम किए दिन-रात अथक परिश्रम कर रहे हैं ताकि परिवारों के लिए डीएनए मिलान में तेजी लाई जा सके। राज्य के प्रयासों के अलावा, भारत सरकार द्वारा भी बड़ी संख्या में फोरेंसिक विशेषज्ञों को सहायता के लिए भेजा गया है।

● भयानक मंजर

नीट यूजी-2025 रिजल्ट आउट होने से पहले फर्जीवाड़े का भंडाफोड़

एजेंसी। मुंबई

● सीबीआई ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट यूजी 2025 के उम्मीदवारों को ठगने की साजिश रचने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के अधिकारियों से संबंध होने का झूठा दावा कर उम्मीदवारों और उनके अभिभावकों से मोटी रकम वसूलने की कोशिश की। सीबीआई ने 9 जून को मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। आरोपियों ने दावा किया कि वे नीट यूजी 2025 के स्कोर में हेरफेर कर सकते हैं। इसके लिए उन्होंने प्रति उम्मीदवार 90 लाख रुपये की मांग की, जिसे बाद में बातचीत के बाद 87.5 लाख रुपये तक कम कर लिया। उन्होंने अभिभावकों को यह भी आश्वासन दिया कि परिणाम की आधिकारिक घोषणा से छह घंटे पहले बढ़े हुए अंकों का विवरण दे देंगे। सीबीआई को सूचना मिली कि एक आरोपी मुंबई के परेल स्थित होटल आईटीसी ग्रैंड सेंट्रल में अभिभावकों से मिल रहा था। जांच में पता चला कि मुख्य आरोपी सोलापुर का रहने वाला है, जबकि दूसरा आरोपी नवी मुंबई में एक प्रवेश परामर्श फर्म चलाता है। इनका एक अन्य व्यक्ति से भी संपर्क था, जो पुणे में ऐसी ही कंसल्टेंसी संचालित करता है।

लालू अपमानित करने वाले नेता, लोकतंत्र में 'राजा' बनने की कोशिश कर रहे : भाजपा

एजेंसी। पटना

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन के अवसर पर भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर उनके पैरों के पास रखे जाने को लेकर बयानबाजियों का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। भाजपा के साथ जदयू इस मामले को लेकर राजद पर हमलावर है। इस घटना पर भाजपा के नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लालू यादव अपमानित करने वाले ही नेता हैं। पटना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि लालू यादव इस लोकतंत्र में जिस तरह से राजा बनने का प्रयास कर रहे हैं, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा, "बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर को जिस तरह से अपमानित करने का काम किया गया, वह लोकतंत्र के लिए काला अध्याय है।"बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इस मामले पर कहा, "लालू यादव आपराधिक मानसिकता वाले हैं। वे आर्थिक अपराधी ही नहीं, सामाजिक अपराध के भी पोषक रहे हैं। वह नरसंहार के नायक रहे हैं। ऐसी मानसिकता वाले लोगों का सामाजिक न्याय के प्रणेता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के साथ व्यवहार दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है।" उन्होंने कहा कि वह बिहार को बदनाम करने वाले लोग हैं।

विमान के पिछले हिस्से से एयर होस्टेस का शव मिला

अहमदाबाद। हादसे के तीसरे दिन शनिवार सुबह दुर्घटनाग्रस्त विमान के पिछले हिस्से से एक एअर होस्टेस का शव मिला है। दुर्घटनाग्रस्त विमान जिस हॉस्टल की छत से टकराया, हादसे के समय वहां मौजूद रहे 4 एमबीबीएस छात्रों की मौत की पुष्टि भी हुई है। हादसे के शिकार लोगों के शवों की पहचान के बाद परिजनों को सौंपे जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शवों की पहचान के लिए परिजनों से डीएनए सैंपल लिए जाने में भी काफी तेजी आई है। विमान हादसा स्थल पर राहत कार्य तीसरे दिन भी जारी है। इसके लिए काफी संख्या में राहतकर्मियों की टीम मौके पर लगातार काम कर रही है। इस दौरान आज सुबह अहमदाबाद फायर ब्रिगेड की टीम ने बचाव उपकरणों की मदद से क्षतिग्रस्त विमान के पिछले हिस्से का मलबा काट कर एक युवती का शव बरामद किया, जिसके एयर होस्टेस होने का अनुमान है। हॉस्टल की छत पर क्षतिग्रस्त विमान का हिस्सा गिरने से उस समय वहां मौजूद 4 एमबीबीएस छात्रों की मौत की पुष्टि हो गई है।

अहमदाबाद विमान दुर्घटना में किसान के बेटे और एमबीबीएस के प्रथम वर्ष के छात्र की मौत

मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले के एक किसान का बेटा आर्यन राजपूत डॉक्टर बनने की पढ़ाई कर रहा था, लेकिन बृहस्पतिवार को अहमदाबाद में एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 19 वर्षीय आर्यन की मौत हो गई। आर्यन राजपूत उन लोगों में शामिल था, जिनकी मौत बी जे मेडिकल कॉलेज और सिविल अस्पताल के परिसर में हुई, जब लंदन जाने वाला बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस महानिरीक्षक अरविंद सक्सेना ने पीटीआई- को बताया कि आर्यन का पार्थिव शरीर शुक्रवार देर रात ग्वालियर पहुंचेगा। जिग्सावली गांव के रहने वाला आर्यन राजपूत अहमदाबाद के कॉलेज में प्रथम वर्ष का छात्र था और कॉलेज के छात्रावास में रहता था। जिग्सावली गांव के सरपंच पंकज राजपूत ने बताया कि उनके पिता रमेश सिंह राजपूत किसान हैं। उन्होंने बताया कि आर्यन 31 मई को घर जाने के बाद हाल ही में छात्रावास लौटा था।

रातोंरात 38 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार, सीएम हिमंता ने दी जानकारी

एजेंसी। गुवाहाटी

असम के मुस्लिम बहुल धुबरी में हनुमान मंदिर को अपवित्र करने के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। पुलिस ने जबरदस्त एक्शन लेते हुए 38 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने शनिवार सुबह खुद इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया साइट "एक्स" पोस्ट में लिखा, "धुबरी प्रतिबंधित मांस कांड में रात भर में 38 लोग गिरफ्तार। धुबरी में बकरीद के अगले दिन कुछ लोगों ने कथित तौर पर हनुमान मंदिर के सामने गो मांस रखा था। इसके बाद दोनों समुदायों के लोगों ने बैठक की, शांति समिति ने भी चर्चा की और मामला सुलझ गया। हालांकि अगले दिन परिसर में ये फिर दोहराया गया, जिससे धुबरी में तनाव की स्थिति पैदा हुई। अशांति फैलाने के लिए कथित तौर पर पथराव किया गया। धुबरी को बांग्लादेश का हिस्सा बताने वाले पोस्टर भी चिपकाए गए थे। इस घटना के बाद असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने शूट एंड साइट का ऑर्डर दिया था। मुख्यमंत्री ने धुबरी जिले में सांप्रदायिक शांति और सद्भाव को बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के लिए "देखते ही गोली मारने" का आदेश जारी किया। शुक्रवार को धुबरी का दौरा करने वाले हिमंता ने कहा, "मैंने पुलिस को निर्देश दिया है कि धुबरी जिले में सांप्रदायिक शांति और सद्भाव को बनाए रखने में कोई भी गड़बड़ी पैदा करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

अहमदाबाद और वडोदरा के कॉफिन मेकर ताबूतों का ऑर्डर मिलने पर भावुक हो गये

अहमदाबाद। नियति भी कैसे कैसे खेल खेलती है। अहमदाबाद विमान हादसे के बाद कई ऐसी कहानियां सामने आ रही हैं जो लोगों के मन में गहरा असर छोड़ जा रही हैं। वडोदरा के एक ताबूत निर्माता को एअर इंडिया ने जब 100 ताबूत बनाने का ऑर्डर दिया तो उसे समझ नहीं आया कि इतना बड़ा ऑर्डर मिलने पर खुश होये या दिल को दहलाने वाली मानवीय त्रासदी के चलते गम में ही डूबा रहे। वडोदरा के कॉफिन मेकर अरनेश रजवाड़ी ने मीडिया को बताया कि एअर इंडिया के एक मैनेजर का फोन आया कि अरनेश भाई जल्दी से 100 ताबूत चाहिए इसलिए हमारे सारे कारीगर काम पर जुट गये। वहीं अहमदाबाद में सिविल अस्पताल के बाहर जब 47 वर्षीय निलेश वाघेला अपने ट्रक में 20 ताबूत लेकर पहुँचे तो उन्होंने कहा कि लोग सीमाओं और वीज़ा की बातें करते हैं। लेकिन ताबूत पासपोर्ट नहीं माँगते। मौत में सब एक जैसे दिखते हैं। निलेश ने बताया कि वह रोज़ 7 ताबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि AI-171 विमान दुर्घटना के चलते 274 लोगों की मृत्यु हुई इसलिए उन्हें अचानक 100 ताबूतों का ऑर्डर मिला तो उन्हें समझ नहीं आया कि मांग कैसे पूरी करें। उन्होंने कहा कि मेरे पास पहले से ही 50 से ज़्यादा तैयार ताबूत स्टॉक में थे। इसलिए काम थोड़ा आसान हो गया। उन्होंने बताया कि मैं अक्सर मृतकों के पार्थिव शरीर विदेश, जैसे लंदन, अमेरिका, भेजने में मदद करता हूँ। लेकिन इस बार कुछ अलग महसूस हो रहा है।

आज का राशिफल

मेष : लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। बिगड़ा कार्य बनेगा।

वृष : आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। शुभ कार्यों में व्यय होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

मिथुन : पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। यश में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। मेहमानों का आगमन होगा।

कर्क : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

सिंह : संतान पक्ष की समस्या खत्म होगी। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर नजर रखिए। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

कन्या : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। धन लाभ की संभावना।

तुला : जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन लेन-देन में सतर्क रहें।

वृश्चिक : परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान हैं अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें।

धनु : घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। नये लोगों से मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगा।

मकर : भावुकतावश निर्णय न लें। मन में चंचलता बढ़ेगी। कर्ज देने से बचें। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य में गिरावट से इक्षचता रहेगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी।

कुंभ : सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। पुराना विवाद समाप्त होगा। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं।

मीन : आय के नये स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंग। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

इतिहास का मोड़ ऐतिहासिक है 15 जून 1947 का दिन, जब एक सपना दो टुकड़ों में बंट गया था

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने दी थी देश के बंटवारे को मंजूरी

● भारत और पाकिस्तान के रूप में दो अलग राष्ट्रों के गठन का प्रस्ताव

एजेंसी। नई दिल्ली

ठीक 78 साल पहले 15 जून 1947 को भारत के इतिहास में एक ऐसा दिन दर्ज हुआ, जिसने न केवल देश की भौगोलिक सीमाओं को बदला, बल्कि लाखों लोगों की जिंदगियों को हमेशा के लिए प्रभावित किया। यह वह दिन था, जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने ऐतिहासिक अधिवेशन में ब्रिटिश शासन की माउंटबेटन योजना के तहत भारत के बंटवारे को मंजूरी दी। यह फैसला न केवल एक राजनीतिक निर्णय था, बल्कि यह उस दर्द का प्रतीक बन गया, जिसने भारत और पाकिस्तान के रूप में दो नए राष्ट्रों को जन्म दिया।कांग्रेस के उस अधिवेशन में माहौल गंभीर था। नेताओं के बीच गहन विचार-विमर्श हुआ। गांधी जी, जो बंटवारे के सख्त खिलाफ थे, उन्होंने इसे "देश का विच्छेद" कहा।लेकिन सांप्रदायिक तनाव, खासकर पंजाब और बंगाल में बढ़ती हिंसा ने कांग्रेस को यह कठोर निर्णय लेने के लिए मजबूर किया। मुस्लिम लीग, जिसका नेतृत्व मोहम्मद अली जिन्ना कर रहे थे, अलग राष्ट्र की मांग पर अडिग थी। ऐसे में कांग्रेस ने यह मान लिया कि बंटवारा ही एकमात्र रास्ता है, जो देश को और रक्तपात से बचा सकता है।

इस फैसले के बाद भारत की आजादी की तारीख 15 अगस्त 1947 तय की गई। लेकिन बंटवारे की यह मंजूरी केवल कागजों पर एक निर्णय नहीं थी। इसके परिणामस्वरूप लाखों लोग बेघर हुए, हजारों ने अपनी जान गंवाई और सांप्रदायिक दंगों ने देश के कई हिस्सों को झकझोर दिया। पंजाब और बंगाल जैसे क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पलायन हुआ, जिसने इतिहास की सबसे बड़ी मानवीय त्रासदियों में से एक को जन्म दिया। आज जब हम इस ऐतिहासिक घटना को याद करते हैं तो यह हमें उन बलिदानों की याद दिलाता है, जिन्होंने आज के भारत को आकार दिया।

आजादी के साथ बंटवारे का दर्द

1947 का वह दौर आजादी की आस का समय था। ब्रिटिश शासन अपने अंतिम पड़ाव पर था और भारत की आजादी का सपना साकार होने वाला था। लेकिन इस आजादी की कीमत थी देश का विभाजन। ब्रिटिश वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन की ओर से प्रस्तावित माउंटबेटन योजना में भारत को दो हिस्सों, भारत और पाकिस्तान, में बांटने की बात कही गई थी। महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे नेताओं के सामने एक कठिन विकल्प था या तो बंटवारे को स्वीकार करें, या देश को और लंबे समय तक सांप्रदायिक हिंसा और अस्थिरता में झोंक दें।

ईरान-इजराइल के बीच हवाई संघर्ष तेज तेल अवीव और तेहरान में भीषण विस्फोट

तेहरान (ईरान)/तेल अवीव (इजराइल) (हि.स.)

इजराइल की सैन्य कार्रवाई से प्रतिशोध की आग में झुलस रहे ईरान के जवाबी हमले से स्थिति और विस्फोटक हो गई है। अब से कुछ देर पहले ईरान की राजधानी तेहरान और इजराइल की राजधानी तेल अवीव पर भीषण विस्फोट हुए हैं। दोनों देशों ने मिसाइल और ड्रोन दागकर लोगों को थर्रा दिया।

अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन की खबर के अनुसार, इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ने के कारण तेल अवीव और तेहरान में और भीषण विस्फोट हुए हैं। ऐसा लग रहा है कि ईरानी मिसाइलों ने यरुशलम में भारी तबाही मचाई है। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने माना है कि ईरान की मिसाइलें इजराइल में गरजी हैं।

ईरान दागेगा 1800 मिसाइलें, नेतन्याहू को सुरक्षित स्थान पर किया गया शिफ्ट

इजरायल के हमले के जवाब में ईरानी सेना ने तेल अवीव में तबाही मचाना शुरू कर दिया है। ईरान ने इजरायल पर 150 बैलेस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। इनमें से छह मिसाइलें राजधानी तेल अवीव में गिरी जिसमें एक महिला की मौत हो गई। वहीं 63 अन्य घायल हो चुके हैं।

एफ-35 फाइटर जेट मारकर गिरा दिया, ईरान का बड़ा दावा, आईडीएफ ने बताया झूठ

मीडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने दावा किया कि उसने दो उन्नत इजरायली एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों को मार गिराया है और उस दिन पहले हुए घातक इजरायली हमले का बदला लेने के लिए कई ड्रोन को रोका है। इस हमले में कथित तौर पर कई शीर्ष ईरानी सैन्य कमांडर, परमाणु वैज्ञानिक और महिलाओं और बच्चों सहित नागरिक मारे गए। तेहरान के अनुसार, यह हमला ज़ायोनी शासन द्वारा किया गया था। एक ऐसा शब्द जिसका इस्तेमाल ईरानी अधिकारी आमतौर पर इज़राइल का वर्णन करने के लिए करते हैं।

शिमला के रिज पर भिड़े टूरिस्ट, दोनों ओर से चले लात-घूंसे

शिमला । शिमला के रिज पर शनिवार की दोपहर बाद कुछ टूरिस्टों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते यह मारपीट में तब्दील हो गई। कुछ देर के लिए दोनों ओर से लात घूंसे चले। वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव कराया। तब तक दो पुलिस जवान भी वहां पहुंच गए। इसके बाद दोनों पक्षों को शांत करवाया गया। वहां मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बना दिया, जो अब सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है।इस पर लोग तीखी प्रतिक्रिया दे रहे हैं, क्योंकि दुनियाभर में मशहूर पर्यटन स्थल पर इस तरह के लड़ाई-झगड़े कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हैं। इसे लेकर जब सदर थाना में बात की गई तो पुलिस ने बताया गया कि अब तक कोई शिकायत नहीं मिली है। हिमाचल के पर्यटन स्थलों पर इस तरह की मारपीट आम हो गई है। 11 जून की रात को हरियाणा के टूरिस्ट ने कुल्लू में साडा बैरियर पर वहां तैनात होमगार्ड कर्मी से धक्का मुक्की और खुद बैरिकेड हटाया था। उन्होंने बिना बूम बैरियर उठाए अपनी गाड़ी भी आगे निकाल दी थी। यही नहीं उसने गन तक कर्मचारी पर तान दी थी।

एयर इंडिया हवाई जहाज क्रैश के चलते टाटा कंपनी समूह की साख को लगा झटका

- अब उसे यात्रियों का भरोसा जीतने के लिए शिकायतों पर रीयल टाइम एक्शन लेना होगा

ब्यूरो

नई दिल्ली। यदि बेशर्म उद्योगपति होता तो लोग मान लेते कि इसकी कंपनियां व धंधे तो ऐसे ही हैं। लापरवाही , बदइंतजामी , धांधली का तो इसके चोली -दामन संबंध वाला इतिहास है। लेकिन मामला टाटा कंपनी समूह का है। जिसका देश - विदेश में बहुत साख है। इस साख को अहमदाबाद से लंदन जाने वाली एयर इंडिया की हवाई जहाज के क्रैश होने के बाद झटका लगा है।

शेयर का गिरना तो अलग बात है , यहां मामला उस साख का है जिसके लिए टाटा समूह जाना जाता है। इसके पहले तो केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को टूटी सीट देने, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले को फ्लाइट ट्रैकर पर ग़लत जानकारी देने तथा ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वॉर्नर के बिना पायलट वाली फ्लाइट समेत कमेडियन वीर दास व एक बुजुर्ग दंपति को व्हीलचेयर ना देने के अलावा अन्य कई यात्रियों की शिकायतों के बाद टाटा समूह के सामने अब इस प्लेन क्रैश से एयर इंडिया की बिगड़ती छवि को संभालने की चुनौती आ गई है। इसके लिए टाटा समूह सतर्क हो गया है। क्योंकि अब उसे यात्रियों का भरोसा जीतने के लिए शिकायतों पर रीयल टाइम एक्शन लेना होगा। एयरक्राफ्ट के मेंटेनेंस को और बेहतर करने की भी योजना बनने लगी है।

मालूम हो कि 55 हजार करोड़ रुपए से भी ज़्यादा के घाटे में चल रही एयर इंडिया को जनवरी 2022 में टाटा समूह ने खरीदा था। उसके बाद कंपनी ने नए एयरक्राफ्ट खरीदने के ऑर्डर दिए गए। पुराने एयरक्राफ्ट का इंटीरियर व लोगो बदला गया। एयर होस्टेस की सर्विस पर भी बहुत काम किया गया।लेकिन नए मैनेजमेंट के आने से कुछ परेशानियाँ भी शुरू हुईं। नए मैनेजमेंट ने पुराने स्टाफ पर कड़ाई करना शुरू कर दिया।तमाम कर्मचारियों को वीआरएस दे दिया गया। तमाम ऐसे कर्मचारी थे जो ग्रुप बाजी करते हुए मनमानी कर रहे थे। नए मैनेजमेंट ने उन्हें बाहर कर दिया। कुछ कर्मचारी अन्य कंपनी में चले गये। पहले तो एयर इंडिया के पास देश के लगभग हर सेंटर पर अपने इंजीनियर होते थे। लेकिन, जब से एआईईएसएल अलग हुई, तब से इंजीनियरिंग ग्राउंड पर कई तरह की कमी आई है। प्रशिक्षण कोर्स भी छोटे कर दिए गए। अन्य कई मामलों में कम समय वाला तरीका अपनाया जाने लगा है। इन सब पर अब कंपनी को ध्यान देकर सुधारना होगा।

यदि आप अपना पेशाब रोकते हैं तो हो सकती है 5 बीमारियां

पेशाब रोके रहना सेहत के लिए बहुत हानिकारक हो सकता है

स्वास्थ्य

ब्यूरो

नई दिल्ली। गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विशेषज्ञों के अनुसार पेशाब को बार-बार रोकने से शरीर को कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। होता यह है कि काम में व्यस्त होने के चलते, यात्रा के दौरान या सार्वजनिक जगहों पर साफ टॉयलेट न मिलने के कारण हम में से ज्यादातर लोग पेशाब रोक लेते हैं, लेकिन लंबे समय तक या फिर बार-बार पेशाब रोके रहना सेहत के लिए बहुत हानिकारक हो सकता है। यह आदत मूत्र मार्ग को तो नुकसान पहुंचाती ही है, कई गंभीर बीमारियों का भी कारण बन सकती है। वैसे तो डाक्टर एक दिन में तीन लीटर पानी पीने की सलाह देते हैं, क्योंकि पानी पीने से किडनी फिल्टर होने के साथ-साथ शरीर से विषैले पदार्थ को बाहर निकालने का काम करती है। लेकिन तमाम लोग शरीर में ऑटोमेटिक होने वाले इस काम में बाधा डालते हैं और कामकाज में व्यस्त होने के चलते पेशाब को ज्यादा देर तक रोके रखते हैं। वे नहीं जानते हैं कि शरीर के टॉक्सिन, खतरनाक बैक्टीरिया और एक्स्ट्रा सॉल्ट मूत्र के मार्फत बाहर आते हैं। यूरिनरी ब्लैडर भरने पर मस्तिष्क को मूत्र रिलीज करने का मैसेज मिलता है, लेकिन यदि इसे रोक दिया जाए तो कई गंभीर बीमारी होने का खतरा रहता है। यह आदत आपकी किडनी, ब्लैडर व यूरिनरी सिस्टम के लिए बहुत नुकसान पहुंचा सकती है।बार-बार पेशाब रोकने से मूत्राशय में बैक्टीरिया होने लगते हैं, जो धीरे-धीरे यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन का कारण बनते हैं। इसके चलते जलन, बार-बार पेशाब आना, बदबूदार पेशाब और बुखार आदि हो सकता है। यदि समय रहते यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन का इलाज न हो, तो यह किडनी को प्रभावित करने लगते हैं और किडनी की समस्या का खतरा अधिक बढ़ जाता है।पेशाब रोकने से ब्लैडर (मूत्राशय) पर ज्यादा दबाव पड़ता है, जिसके चलते ब्लैडर की मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। इससे ब्लैडर धीरे-धीरे अपनी मूल क्षमता खो देता है और ओवरफ्लो इनकॉन्टिनेंस जैसी समस्या होने लगती है जिसमें पेशाब टपकने लगता है।लंबे समय तक या फिर बार-बार पेशाब रोकने से मूत्र का दबाव ऊपर की ओर जाकर किडनी पर पड़ता है। इससे हाइड्रोनेफ्रोसिस या किडनी इंफेक्शन हो सकता है जो धीरे-धीरे किडनी फेलियर का कारण भी बन सकता है।लंबे समय तक मूत्र रोकने से किडनी में मिनरल्स जमा होने लगते हैं, जो बाद में पथरी का रूप ले सकते हैं। यदि यूरिन को बार-बार रोकते हैं, तो यह समस्या बढ़ सकती है और किडनी स्टोन से लेकर कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसी स्थिति में ज्यादा पानी पीएं ताकि किडनी स्टोन बनने से रोका जा सके। जब भी यूरिन आए, उसे रोकने की बजाय तुरंत वॉशरूम जाएं। इन समस्याओं से बचने के लिए ज्यादा पानी पीएं, स्वास्थ्यकर भोजन लें और शरीर की जरूरतों को अनदेखा न करें। इससे यूरिनरी हेल्थ को बेहतर बना सकते हैं और इन बीमारियों से बच सकते हैं। जब भी पेशाब लगे , उसे रोकें नहीं , मूत्रालय जाएं।

घर में फंदे पर लटके मिले मां और दो बच्चे

डिंडौरी । डिंडौरी में एक घर में मां और दो बच्चों के शव फंदे पर लटके मिले। पिता जब घर लौटे तब पता चला। बच्चों के हाथ-पैर बंधे थे। पिता ने उन्हें नीचे उतारा, लेकिन तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने घर सील कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना मेहदवानी थाना क्षेत्र के कुम्हारिन टोला में शुक्रवार रात की है। राजेंद्र प्रजापति गांव में फुल्की चाट का ठेला लगाता है। रात करीब 8 बजे जब वह काम से लौटा तो घर में टीवी चल रहा था। रोज की तरह सब कुछ सामान्य लग रहा था। कमरे में देखा तो पत्नी मधु प्रजापति (35), बेटी शिवानी (12) और बेटा आदित्य (10) फंदे पर झूल रहे थे। पुलिस को सूचना दी गई। एएसआई सुनील पटेल ने बताया, एफएसएल की टीम और डॉग स्क्वाड को जांच के लिए बुलाया गया है। घर के बाहर पुलिस बल तैनात है। एसपी वाहिनी सिंह और एसडीओपी मुकेश अविंदा मौके पर पहुंचे।

- दोनों बच्चों के हाथ-पैर बंधे थे

व्हिसलब्लोअर ने बोइंग को दी थी 787 विमानों में खतरों के बारे में चेतावनी

ब्यूरो

नई दिल्ली। कई व्हिसलब्लोअर ने बोइंग के 787 ड्रीमलाइनर के बारे में गंभीर सुरक्षा चिंता जताई हैं, जिससे विमान के उत्पादन व असेंबली प्रक्रियाओं में संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) द्वारा जांच शुरू हो गई है। आरोपों , अनुचित विनिर्माण प्रथाओं से लेकर कर्मचारियों के खिलाफ प्रतिशोध के दावों तक ने बोइंग की सुरक्षा संस्कृति व परिचालन निरीक्षण की जाँच को तेज कर दिया है।कंपनी में 17 साल तक काम करने वाले एक बोइंग इंजीनियर सालेहपुर ने आरोप लगाया है कि ड्रीमलाइनर के धड़ के कुछ हिस्सों को अनुचित तरीके से एक साथ बांधा गया था, जिससे विमान की संरचनात्मक अखंडता से समझौता हो सकता है और इसका जीवनकाल कम हो सकता है। सालेहपुर के अनुसार, उन्होंने विमान के पुर्जों पर कर्मचारियों को "टार्जन की तरह कूदते" देखा ताकि संरेखण को मजबूर किया जा सके और 2020 से शुरू होने वाले तीन साल की अवधि में बार-बार इन प्रथाओं के बारे में चिंता जताई। उनका दावा है कि उनकी चेतावनियों को खारिज कर दिया गया और उन्हें "चुप रहने" का निर्देश दिया गया। जॉन बार्नेटः एक पूर्व गुणवत्ता नियंत्रण इंजीनियर जॉन बार्नेट ने पहले भी इसी तरह के मुद्दों को चिह्नित किया था। बार्नेट ने आरोप लगाया कि उत्पादन के दबाव में, कर्मचारी असेंबली लाइन पर घटिया पुर्जे लगा रहे थे और उन्होंने विमान के ऑक्सीजन सिस्टम में दोषों की पहचान की थी - जिससे यह संभावना बढ़ गई कि उड़ान में चार में से एक आपातकालीन श्वास मास्क विफल हो सकता है। बार्नेट के परिवार ने उनकी मृत्यु के बाद पीटीएसडी, अवसाद और चिंता का हवाला देते हुए मुकदमा दायर किया है, उनका दावा है कि वे बोइंग के आचरण से जुड़े थे। स्पिरिट एयरोसिस्टम्स के ठेकेदार स्ट्रोम द्वारा नियोजित एक मैकेनिक रिचर्ड क्यूवास ने 2023 में स्पिरिट के विचिटा, कंसास, सुविधा में 787 विमानों के आगे के दबाव वाले बल्कहेड में छेदों की अनुचित ड्रिलिंग देखने की सूचना दी। उन्होंने अक्टूबर 2023 में बोइंग व स्पिरिट दोनों को "घटिया विनिर्माण और रखरखाव प्रक्रियाओं" का हवाला देते हुए एक शिकायत प्रस्तुत की, और कई महीनों बाद उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया। ये विवरण एफएए को प्रस्तुत की गई व्हिसलब्लोअर शिकायतों की बढ़ती संख्या में से हैं, जिनमें से कई विनिर्माण मानकों व निरीक्षण प्रोटोकॉल में कथित खामियों से संबंधित हैं। जनवरी 2024 की एक घटना के बाद से जिसमें उड़ान के दौरान 737 मैक्स से एक डोर प्लग अलग हो गया था, एक दर्जन से अधिक व्हिसलब्लोअर आगे आए हैं। एक ने बताया कि बोइंग ने विनियामकों से दोषपूर्ण या गैर-अनुपालन वाले भागों को छिपाने का प्रयास किया, इस डर से कि ऐसे घटक सेवा में विमान पर लगाए गए हो सकते हैं। बढ़ती चिंताओं के जवाब में एफएए ने पिछले साल बोइंग की सुविधाओं का छह सप्ताह का ऑडिट किया। ऑडिट में उत्पादन प्रथाओं में कई मुद्दे सामने आए और कंपनी की सुरक्षा संस्कृति में "अंतराल" का हवाला दिया गया, जिसमें प्रबंधन और फ्रंटलाइन कर्मचारियों के बीच अलगाव और सुरक्षा संबंधी चिंताओं की रिपोर्ट करने पर प्रतिशोध का व्यापक डर शामिल है। बोइंग ने कहा है कि उसे 787 ड्रीमलाइनर की सुरक्षा और स्थायित्व पर "पूरी तरह भरोसा" है। फिर भी, व्हिसलब्लोअर के दावे और संघीय निरीक्षण निकायों के निष्कर्ष कंपनी की आंतरिक सुरक्षा प्रथाओं और गुणवत्ता नियंत्रण के बारे में सवाल उठाते रहते हैं। अहमदाबाद से उड़ान भरने के तुरंत बाद एयर इंडिया ड्रीमलाइनर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद बोइंग इंडिया ने एक संक्षिप्त बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि वह स्थिति पर नजर रख रहा है। बोइंग इंडिया ने कहा, "हमें शुरुआती रिपोर्टों की जानकारी है और हम और जानकारी जुटाने के लिए काम कर रहे हैं।

कहा था, ये 'विनाशकारी' हो सकते हैं

अमेरिका में 2 सांसदों को घर में घुसकर गोली मारी

मिनेसोटा । अमेरिका के मिनेसोटा के दो डेमोक्रेटिक सांसदों को उनके घरों में गोली मार दी गई। पहली घटना में डेमोक्रेटिक स्टेट रिप्रेजेंटेटिव मेलिसा हॉर्टमैन और उनके पति मार्क की मौत हो गई है। दूसरी घटना में डेमोक्रेटिक स्टेट सीनेटर जॉन हॉफमैन और उनकी पत्नी येवेट को कई गोलियां मारी गई हैं। दोनों घायल हैं। दोनों की सर्जरी हुई है और डॉक्टरों को उम्मीद है कि वे बच जाएंगे। मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज ने घटना को लेकर कहा, 'दोनों सांसदों पर हमला राजनीति से प्रेरित लग रहा है। मेलिसा एक शानदार जनसेवक थीं। उनकी जगह कोई नहीं ले सकता। पुलिस ने बताया कि हमलावर अभी भी फरार है।

न्यूरालिंक अगले वर्ष तक ब्लाइंड साइट टेस्टिंग में सफल हो जाएगा?

ब्यूरो

- यह होने पर अंधे व्यक्ति को ब्लाइंड साइड डिवाइस से उसके दिमाग के उस हिस्से को एक्टिवेट किया जाएगा , जो देखने से जुड़ा है

नई दिल्ली। एलन मस्क की न्यूरोटेक्नोलॉजी कंपनी न्यूरालिंक बंदरों में ब्रेन इम्प्लांट की टेस्टिंग कर रही है। वह यह टेस्टिंग मनुष्यों को "सुपर पावर" देने के लिए कर रही है। इसका मुख्य उद्देश्य दृष्टिहीन रोगियों को दृष्टि देना हो सकता है। कंपनी के ब्लाइंडसाइट डिवाइस के मुख्य उद्देश्य में इन्फ्रारेड साइट्स जैसी "सुपर ह्यूमन कैपेबिलिटी" को इनेबल करना शामिल है। जिन बंदरों पर ब्रेन इनप्लांट की टेस्टिंग की जा रही है, उनमें से एक को वो चीज दिखाई दी है, जो कि असल में वहां पर थी ही नहीं। इसका मतलब है कि इस डिवाइस के जरिए उन चीजों को भी देखा जा सकता है, जो वहां मौजूद नही हैं। न्यूरालिंक के इंजीनियर जोसेफ ओ डोहर्टी ने एक कॉन्फ्रेंस में बताया है कि ब्लाइंड साइड डिवाइस से बंदर के दिमाग के उस हिस्से को एक्टिवेट किया गया है, जो देखने से जुड़ा है। यानी यह डिवाइस दिमाग को नकली चीजें देखने में मदद करती है। टेस्टिंग के दौरान, बंदर ने अपनी आंखें उस दिशा में घुमाई, जहां रिसर्चर उसे कुछ दिखाना चाहते थे।ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार इसका ट्रायल इंसानों पर इसी साल हो सकता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि न्यूरालिंक की ब्लाइंडसाइट पर की जा रही टेस्टिंग की यह पहली जानकारी सामने आई है। इससे पहले, कंपनी ने इस बारे में कोई खास जानकारी नहीं दी थी। हालांकि मस्क ने पहले ही बता दिया था कि ब्लाइंडसाइट को कई साल से बंदरों पर टेस्ट किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा था कि इंसानों पर इसका ट्रायल इस साल के अंत तक शुरू हो सकता है। बता दें कि अभी तक इस डिवाइस को अमेरिका में मानव पर उपयोग के लिए अप्रूवल नहीं मिला है।

11 दिन बाद कैंसर की सर्जरी करवा कर घर लौटीं दीपिका कक्कड़...

38 वर्षीय ससुराल सिमर का की अभिनेत्री ने ट्यूमर को हटाने के लिए मुंबई के एक अस्पताल में 14 घंटे की सर्जरी करवाई, जिसके दौरान डॉक्टरों ने उनके पित्ताशय और लीवर के एक हिस्से को भी हटा दिया। टेलीविजन अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ को स्टेज 2 लीवर कैंसर की सर्जरी के बाद शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट में बताया। 38 वर्षीय ससुराल सिमर का की अभिनेत्री ने ट्यूमर को हटाने के लिए मुंबई के एक अस्पताल में 14 घंटे की सर्जरी करवाई, जिसके दौरान डॉक्टरों ने उनके पित्ताशय और लीवर के एक हिस्से को भी हटा दिया। मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में एक सप्ताह से अधिक समय तक निगरानी में रहने के बाद, दीपिका ने साझा किया कि ट्यूमर को सफलतापूर्वक हटा दिया गया है। हालांकि, उनका उपचार जारी है, और पूरी तरह से ठीक होने के लिए और अधिक चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता है।

परिवार और डॉक्टर लगातार उनकी स्थिति पर नज़र रख रहे हैं

दीपिका को अस्पताल से छुट्टी मिली

शोएब इब्राहिम ने अपने लेटेस्ट व्लॉग में बताया कि दीपिका को 11 दिन बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। दीपिका की सेहत के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा, "उन्हें 11 दिन बाद अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और वे चेक-अप के लिए आई हैं। पिछले कुछ दिन मेरे और मेरे परिवार के लिए बेहद मुश्किल रहे हैं, लेकिन हम सभी की प्रार्थनाओं और समर्थन के लिए आभारी हैं। यह सिर्फ़ एक हिस्सा है, अभी बहुत कुछ बाकी है। अभी सब कुछ ठीक है, लेकिन हमने सिर्फ़ एक मील का पत्थर पार किया है। अभी भी बहुत कुछ बाकी है, जिस पर हमें गौर करना है। जैसा कि डॉक्टर हमें बताते हैं, हम उसका पालन करते रहेंगे।

कहानी फिल्म जगत की

बाबूलाल मरांडी ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान की हालत पर खड़े किए सवाल, कहा

मुख्यमंत्री पहले मौजूदा रिम्स की हालत सुधारें

बोले नेता प्रतिपक्ष

- रिम्स की हालत सुधरने के बाद ही नए रिम्स की दिशा में बढ़ाएं कदम
- रिम्स जैसा प्रतिष्ठित संस्थान बना राजनीति और भ्रष्टाचार का अड्डा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) की हालत पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा है कि पहले मौजूदा रिम्स की हालत सुधारें, फिर नए रिम्स के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाएं।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट 'एक्स' में आगे लिखा है कि राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स के जर्जर भवन लगातार दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। दीवारों से गिरता प्लास्टर, दरारें और जलजमाव न केवल मरीजों, बल्कि डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की जान को भी खतरे में डाल रही हैं। हाल ही में एमजीएम अस्पताल, जमशेदपुर में हुई दुर्घटना के बावजूद राज्य सरकार ने इससे कोई सबक नहीं लिया है।

बाबूलाल मरांडी ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और विभाग के अपर मुख्य सचिव को भी निशाने पर लिया है। स्वास्थ्य मंत्री और विभागीय सचिव ने रिम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थान को राजनीति और भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है। मुख्यमंत्री से आग्रह है कि रिम्स की बदतर स्थिति को सुधारने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि रिम्स की जर्जर दीवारें हेमंत सरकार की नाकामी की गवाही दे रही हैं। हर गिरती ईंट, टपकती छत हेमंत सरकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार का जीता-जागता सबूत है।

हमारे विकास कार्यों से बाबूलाल को हो रही जलन : डॉ इरफान

रांची। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बाबूलाल मरांडी के ट्वीट पर तंज कसा है। उन्होंने अपने 'एक्स' हैंडल पर शनिवार को पोस्ट साझा करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में रिम्स का रीडेवलपमेंट तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं देना हमारा संकल्प है। लेकिन बाबूलाल मरांडी को राज्य का विकास कार्य रास नहीं आ रहा है। इससे बाबूलाल को जलन हो रही है। बाबूलाल बेवजह सरकार के काम पर टीका टिप्पणी करते रहते हैं। लेकिन, याद रहे भाजपा कि बाबूलाल की टीका टिप्पणी से यूपीए गठबंधन के विकास का संकल्प नहीं रुकेगा। बल्कि, यह विकास कार्य और दोगुने जोश के साथ होगा। ज्ञात हो कि बाबूलाल मरांडी ने ट्वीट कर रिम्स में जमे जल जमाव, गिरती उजड़ती दीवारें सहित कई खामियों को वीडियो के माध्यम से दिखाया था। बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधते हुए इरफान अंसारी ने कहा कि भ्रष्टाचार की जननी भाजपा है। उन्होंने कहा कि हमारे जैसे बेदाग और जमीन पर काम करने वाले लोगों पर भाजपा अंगुली उठाती है। यह शर्मनाक बात है।

यूनेस्को की को-चेयरपर्सन नियुक्त होने पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई

नवीन मेल संवाददाता

रांची। शनिवार को रांची में कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में दुमका के सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ. सोनाझारिया मिंज ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डॉ. सोनाझारिया मिंज को यूनेस्को की को-चेयरपर्सन नियुक्त होने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि डॉ. सोनाझारिया मिंज यूनेस्को की सह-अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए आदिवासी भाषा, संस्कृति, विरासत जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को मजबूती प्रदान करेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं समस्त झारखंडवासी एवं विशेष तौर पर आदिवासी समुदाय की ओर से आपको शुभकामनाएं देता हूं। यह राज्य के आदिवासी समुदायों के लिए बहुत गर्व की बात है कि आपके द्वारा किए जाने वाले कार्य से आदिवासी समुदाय के मुद्दे, उनके आत्मनिर्णय के अधिकार एवं ज्ञान प्रणाली को वैश्विक मंच प्रदान होगा।

जेसीईसीई की परीक्षा को लेकर लगेगी 8 परीक्षा केंद्रों पर निषेधाज्ञा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीईसीई), रांची की ओर से (कृषि एवं अन्य समवर्गी पाठ्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने रविवार को परीक्षा केंद्रों पर जिला प्रशासन ने निषेधाज्ञा लगा दिया है। इसे लेकर प्रशासन ने आठ परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लगा दिया है। यह परीक्षा रविवार की सुबह सात बजे से लेकर दोपहर 1.45 बजे तक होगी। वहीं पीसीएम ग्रुप की परीक्षा सुबह 11.45 बजे से दोपहर तीन एवं पीसीएमबी ग्रुप की परीक्षा सुबह 10.30 बजे से दोपहर तीन बजे तक होगी। परीक्षा केंद्रों पर कदाचारमुक्त संचालान के लिए विधि व्यवस्था के लिए उपायुक्त और एसएसपी सह डीआईजी, विधि व्यवस्था शाखा की ओर से पुलिस बल और पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। इस संबंध में प्रशासन की ओर से कहा गया है कि परीक्षा में शामिल होनेवाले छात्र, उनके अभिभावक या असामाजिक तत्व परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ लगाकर विधि व्यवस्था भंग करने की कोशिश कर सकते हैं। इस आशंका को देखते हुए सदर एसडीओ ने धारा-163 के अंतर्गत शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी कर दी है।

इन आठ परीक्षा केंद्र पर होगी परीक्षा

विवेकानन्द विद्या मंदिर, सेक्टर-दो, धुर्वा, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जेपी मार्केट, धुर्वा, डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल, बुटी मोड, बरियातु, संत अन्ना इंटरमिडिएट कॉलेज, पुरुलिया रोड, संत जॉन्स हाई स्कूल, कर्बला टैंक रोड, संत अलोईस इंटरमिडिएट कॉलेज, डॉ कामिल बुल्के पथ, सुलाईन इंटर कॉलेज, डॉ कामिल बुल्के पथ और संत अलोईस हाई स्कूल, डॉ कामिल बुल्के पथ शामिल हैं।

झारखंड में जैविक उत्पादों की अपार संभावनाएं : कृषि मंत्री

नवीन मेल संवाददाता

रांची। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड में जैविक खेती की असीम संभावनाएं हैं। यहां अगले 10 साल में जैविक उत्पाद के बाजार में 20 प्रतिशत का ग्रोथ हो सकता है। इसके लिए एसओपी बनाकर किसानों को घोषित जैविक राज्यों का दौरा कराना होगा। ताकि झारखंड के किसान जैविक खेती की उपयोगिता को समझने के साथ इसके बाजार को समझ सकें। मंत्री हॉटल बीएनआर में ओफाज के सौजन्य से आयोजित बायर और शेलर मीट-2025 के कार्यक्रम में बोल रही थीं।

मंत्री कहा कि जब देश में जैविक उत्पाद का बहुत बड़ा बाजार जैविक बाजार के ग्रोथ की संभावना है। ऐसे में ये जान लेना जरूरी है कि झारखंड इस दौड़ में कहां रहेगा। आज का यह आयोजन एक छोटी सी शुरुआत जरूर है पर इसका उद्देश्य बहुत बड़ा है। झारखंड के जैविक उत्पादों को खरीददारों से जोड़ने का प्लेटफॉर्म ओफाज ने मुहैया कराया है। इसमें क्रेता-विक्रेता और सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। झारखंड जैसे राज्य जहां 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, वहां जैविक खेती की अपार संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

पर्यावरण व मिट्टी की उर्वरक क्षमता को बचाए रखने के लिए जैविक खेती जरूरी : विभागीय सचिव

वहीं मौके पर विभागीय सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने कहा कि पर्यावरण और मिट्टी की उर्वरक क्षमता को बचाए रखने के लिए जैविक खेती जरूरी है। आधुनिक युग में भी आज लोग खुद को स्वास्थ्य रखने के जैविक उत्पाद का सेवन करना चाहते हैं। किसानों के लिए जैविक उत्पाद आर्थिक लाभ का बेहतर विकल्प है। बाजार में जैविक उत्पाद की कीमत दूसरे उत्पाद से अधिक है। कार्यक्रम में आम और जैविक उत्पाद की प्रदर्शनी लगाई गई थी। स्टॉल पर रसीले आम की खरीददारी के लिए लोगों का तांता लगा रहा। मंत्री ने भी स्टॉल में लगे उत्पादों का जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि सिक्किम ने जैविक उत्पाद राज्य के तौर पर अपना नाम दर्ज करा लिया है। पहले से कई और राज्य भी इस दिशा में बेहतर काम कर रहे हैं। झारखंड को भी जैविक उत्पाद के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जैविक उत्पाद किसान के घर तक सीमित ना रहे, बल्कि उसे बाजार तक पहुंचाने और उससे अधिक से अधिक आर्थिक लाभ पहुंचाने पर काम करना होगा।

मौके पर ओफाज के सीईओ विकास कुमार, भूमि संरक्षण विभाग के निदेशक अशोक सम्राट, एपेक्स सोसाइटी से राकेश कुमार, अभिनव मिश्रा, केन्या के साथ-साथ भारत के कई राज्यों की कंपनियों के प्रतिनिधि सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

झारखंड लोक कलाकार संघ की रांची में हुई बैठक

- अधिक से अधिक कला दलों को जोड़ने और संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा
- बैठक के बाद संघ के प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक, संस्कृति को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड लोक कलाकार संघ के सचिव सह अंतरराष्ट्रीय छऊ नृत्य कलाकार प्रभात कुमार महतो की अध्यक्षता में झारखंड लोक कलाकार संघ की एक आवश्यक बैठक संघ कार्यालय चापुटोली रांची में हुई। संगठन में अधिक से अधिक कला दलों को जोड़ने और संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई।

बैठक समाप्ति के बाद संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक, संस्कृति सांस्कृतिक कार्य निदेशालय से मिलकर 27 जून से 05 जुलाई तक जगन्नाथपुर रथ मेला में जगन्नाथ महोत्सव का आयोजन कर अधिक से अधिक पारंपरिक कला दलों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यथाशीघ्र आवेदन आमंत्रित करने, भाग लेने वाले सभी कला दलों के मानदेय वृद्धि एवं आयोजन समिति में झारखंड लोक कलाकार संघ के प्रतिनिधि को शामिल करने के लिए ज्ञापन सौंपा। इसकी प्रतिलिपि मंत्री पर्यटन कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड एवं विभागीय सचिव को भी दी गई। बैठक में संघ के सचिव एवं नटराज कला केंद्र चोगा से प्रभात कुमार महतो, केंद्रीय युवा सरना संगम समिति खूंटी से लखन गुड़िया, वनांचल कला केंद्र लोहरदगा से दीप नारायण सिंह, अंकुर कला जथा लातेहार से अरविंद कुमार, गूंजे झारखंड कला केंद्र सुंदरपुर पालकोट गुमला से राजेश बड़ाइक, मां दुर्गा छऊ नृत्य दल बूंदी रांची से लखींद्र महतो, पांच परगनिया सांस्कृतिक दल बुंडू से विश्वनाथ महतो, मनभावन कला केंद्र भरनो गुमला से कालिंदी कुमारी, मुंडा अखाड़ा दशम फॉल रांची से सोमा मुंडा आदि बहुत सारे कला दल के दल नेता उपस्थित थे। संचालन कार्यकारिणी सदस्य लखन गुड़िया ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शहाबुद्दीन अंसारी ने किया।

भाषा के नाम पर राज्य की जनता को लड़वा रही हेमंत सरकार : अमित मंडल

- हेमंत सरकार की मंशा बेरोजगारों को नौकरी देने की नहीं है
- यह अबुआ सरकार नहीं, बबुआ सरकार है
- भाषाओं को हटाकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ क्यों कर रही है सरकार

नवीन मेल संवाददाता

रांची। प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक अमित मंडल ने कहा कि हेमंत सरकार भाषा के नाम पर राज्य की जनता को लड़वा रही है। हेमंत सरकार की मंशा नहीं है कि राज्य के बेरोजगार युवाओं को नौकरी मिले। यह सरकार अबुआ नहीं बबुआ सरकार है। भाषा और पहचान से हेमंत सरकार ने खिलवाड़ किया है।

वे शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की मूल संस्कृति, भाषाओं और जनजातीय पहचान को खत्म करने की साजिश हेमंत सरकार कर रही है।

मंडल ने कहा कि झारखंड की स्थानीय भाषाओं को नजरअंदाज कर हटाया गया. खूंटी से मुंडारी,पलामू-गढ़वा से भोजपुरी, गोड्डा से अंगिका और कुड़ुख, जनगणना फॉर्म से इन भाषाओं को बिना जनसंख्या गणना क्यों हटाया गया. भाजपा किसी भाषा के विरोध में नहीं, लेकिन अंगिका, भोजपुरी और मुंडारी जैसी भाषाओं को हटाने के इस कृत्य का हम कड़ा विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि अंगिका में शपथ लेने वाले विधायक और मंत्री मौजूद हैं, तो फिर अंगिका को क्षेत्रीय भाषा में क्यों नहीं माना जा रहा? 2016 के जेटेट में अंगिका थी, फिर अब क्यों नहीं? गोड्डा की जनता को अपमानित करने के उद्देश्य से अंगिका को परीक्षा से हटाया गया।

हेमंत सरकार जेटेट को जानबूझकर उलझा रही है, ताकि बहाना बनाकर युवाओं को नौकरी से वंचित किया जा सके। अमित मंडल ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि भाषाओं के साथ यह अन्याय जारी रहा तो भाजपा और जनजातीय समाज मिलकर सड़क से लेकर विधानसभा तक जनआंदोलन चलाएंगे।

सत्ता पक्ष के मंत्री-विधायक एवं सांसद से पूछा कि मंत्री राधाकृष्ण किशोर बतायें कि पलामू-गढ़वा में मगही बोली जाती है या नहीं। अंगिका में शपथ लेने वाली दीपिका पांडे सिंह को पता नहीं की गोड्डा में अंगिका भी बोली जाती है। मंत्री संजय यादव को भी नहीं पता क्या की गोड्डा में अंगिका बोलने वालों की बहुलता है। सांसद कालीचरण मुंडा बताएं कि खूंटी में मुंडारी बोली जाती है या नहीं, यदि हां तो उसे हटाया क्यों गया।

स्वास्थ्य मंत्री का जनता दरबार 17 को

रांची। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी आगामी मंगलवार (17 जून) को जनता दरबार लगाएंगे। जनता दरबार कांग्रेस भवन में दिन में 11:00 बजे से शुरू होगा। इस दौरान मंत्री संबंधित विभाग और जनहित से जुड़ी समस्याओं एवं शिकायतों को सुनेंगे। यह जानकारी शनिवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने दी।

संजय सिंह यादव ने प्रदेश राजद अध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में वर्ष 2025-28 के लिए संगठनात्मक चुनाव हो रहे हैं। इसके तहत शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए विधायक संजय सिंह यादव ने तीन सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रदेश राजद महासचिव कैलाश यादव के अनुसार, राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के निर्देश पर विधायक संजय सिंह यादव ने अध्यक्ष पद के लिए राज्य निर्वाचन अधिकारी गिरधारी गोप के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया है। इस अवसर पर राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, महिला अध्यक्ष रश्मि प्रकाश, महासचिव श्रीराम यादव, सुनीता चौधरी, मो इरफान अंसारी, मनोज पांडेय, आबिद अली, प्रणय कुमार बबलू, मदन यादव, चंद्रशेखर भगत, जनार्दन राय, केडी सिंह सहित पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

22 जून को बलिदान दिवस होगा ऐतिहासिक : सुदेश महतो

नवीन मेल संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो 22 जून को आयोजित बलिदान दिवस की तैयारी में लगे कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने में स्वयं जुट गए हैं। उन्होंने शनिवार को अपने बुकरू स्थित आवास में कांके विधानसभा और शुक्रवार की देर रात ओरमांझी में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। सुदेश महतो ने कहा कि आगामी 22 जून को रांची में आयोजित बलिदान दिवस ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि शहीदों के बलिदान और आंदोलनकारियों के संघर्ष की बदौलत झारखंड बना है। बैठक को मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, युवा नेता संजय मेहता आदि ने भी संबोधित किया।

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष महतो कहा कि कार्यकर्ता प्रत्येक पंचायत और ग्राम का दौरा कर लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात में राज्य की राजनीतिक दिशा ठीक नहीं हैं। राज्य में भ्रष्टाचार और लूट का बाजार गर्म है। जनसमस्याओं का समाधान करने में पदाधिकारियों की रुचि नहीं दिखती। युवाओं को रोजगार का सपना दिखाकर हेमंत सरकार सो गई है। ऐसे माहौल में आजसू पार्टी सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाएगी। कांके विधानसभा की बैठक में रांची जिला कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष लाल अमन शाहदेव, जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू, पार्वती देवी, सत्यनारायण मुंडा, नागेश्वर महतो, रूपलाल महतो, संजीव महतो, अभिषेक राज हेरेंज, मीना देवी, सूरज मिश्र, मोजिबुल रहमान, किशोर महतो, विकास चौहान, रामविलास गोप, शत्रुघ्नमहतो, राजेश उरांव, रूपाश्री गाड़ी, कमला देवी, अजीत कश्यप, मनोज महतो, सचिन महतो, दीपक दुबे आदि उपस्थित थे।

पृष्ठ एक के शेष

एक्सिओम-4 मिशन की लांचिंग अब...

मिशन की लांचिंग की तिथि अब 19 जून के लिए पुनर्निर्धारित की गई है। स्पेस एक्स टीम ने पुष्टि की कि लांचिंग को पहले स्थगित करने वाले सभी मुद्दों का उचित समाधान कर लिया गया है। यह मिशन 19 जून को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से फाल्कन-9 रॉकेट पर उड़ान भरेगा। यह मिशन भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसमें भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन एवं अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय दल में शामिल हैं। ज्ञात हो कि एक्सिओम-4 मिशन को 11 जून की शाम को लांच किया जाना था, लेकिन तकनीकी खराबी के चलते इसे रोकना पड़ा था। इससे पहले यह मिशन 29 मई, 8 जून और 10 जून को भी किसी न किसी कारण के चलते टाला जा चुका है।

लोहरदगा में 30 लाख के गांजे के साथ एक...

में संदीप साहू ने इस अवैध कारोबार में लोहरदगा थाना क्षेत्र के राजा उर्फ रवि साहू की संलिप्तता की जानकारी दी। इस आधार पर राजा साहू के घर पर भी छापेमारी की गई, जहां से 3.5 किलोग्राम गांजा चूर्ण बरामद हुआ। इस संबंध में बगडू थाना में कांड संख्या 14/25, दिनांक 13.06.2025, धारा 20(बी)(2)(सी)/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं, राजा साहू के विरुद्ध लोहरदगा थाना में कांड संख्या 89/25, धारा 20(बी)(2)(ए)/32 एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल राजा साहू पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगी हुई है। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि इस कार्रवाई से नशा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का पदार्फाश हुआ है और जिले में इस तरह के अवैध कारोबार पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और ऐसे अवैध कारोबार पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। छापामारी टीम में वरीय पुलिस उपाधीक्षक समीर कुमार तिर्की, पुलिस निरीक्षक, किस्को संदीप रंजन, थाना प्रभारी, बगडू नरेश कुमार यादव, बृन्दा उरांव, लालजीत तुरी, रिचर्ड सोरेन, मरयानूस कुजूर, नीरज कुमार मिश्र (तकनीकी शाखा), निर्मल मार्शल मिंज, बुधराम सिंह गुंडा, भरत सिंह, राजीव मुखियार, लक्ष्मण उरांव, अनुज साहू, संजय गोप आदि शामिल थे।

ऑनलाइन बैठक | मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलों के डीईओ के साथ की बैठक, कहा

मतदाताओं को अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर करें सूचीबद्ध

- सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की अधिकतम संख्या 1200 के अंदर होगी
- मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ेगी, नए बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर नियुक्त होंगे

नवीन मेल संवाददाता

त्रुटि रहित मतदाता सूची के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन हो

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि आगामी मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम के पूर्व संशोधन गतिविधि के लिए सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने स्तर पर तैयारी कर लें। त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए ससमय कार्यों का निष्पादन करें।

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार ने शनिवार को कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से स्पष्ट निर्देश है कि सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए अधिकतम वोटरों की संख्या 1200 के अंदर ही रखनी है। इस कारण राज्य में मतदान केंद्रों की संख्या में वृद्धि होगी। इसके लिए नए मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। साथ ही, ऐसे मतदान केंद्रों के लिए नए बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर भी नियुक्त किए जाएंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शनिवार को रांची स्थित निर्वाचन सदन से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त एवं उप जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ ऑनलाइन बैठक कर रहे थे। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) से कहा कि मतदाताओं को अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर सूचीबद्ध करें। इसके लिए पदाधिकारी अपने जिले के सभी मतदान केंद्रों के लिए नक्शा, गुगल अर्थ व्यू मैप और की-मैप भी तैयार करा लें।

ऑनलाइन बैठक में सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, सभी उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं मुख्यालय से उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

शूटिंग विश्व कप

आर्य-अर्जुन ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

म्यूनिख (आईएएनएस)। आर्य बोरसे और अर्जुन बाबूता की भारतीय जोड़ी ने शनिवार को आईएसएसएफ विश्व कप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में चीन के जिफेई वांग और लिहाओ शेंग को 17-7 से हराकर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। नॉर्वे के जीनेट हेग ड्यूस्टैड और जॉन-हरमन हेग ने यूएसए के सेगेन मैडालेना और पीटर मैथ्यू फियोरी पर 16-14 से मामूली जीत के बाद कांस्य पदक जीता। भारतीय निशानेबाजों ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और चीनी जोड़ी को चुनौती देने का कोई मौका नहीं दिया। बोरसे और बाबूता ने पहले 635.2 के क्वालिफिकेशन स्कोर के साथ स्वर्ण पदक मैच में अपना स्थान सुरक्षित किया था, जो वांग और शेंग के 635.9 से थोड़ा पीछे था - यह एक ऐसा अंक है जो क्वालिफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड भी है। क्वालिफिकेशन में बाबूता ने 317.7 का स्कोर बनाया, जबकि बोरसे ने 317.5 का स्कोर बनाकर मजबूत प्रदर्शन किया। अन्य भारतीय जोड़ी, एलावेनिल वलारिवन और अंकुश जाधव, 631.8 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन में छठे स्थान पर रहे।

केरला ब्लास्टर्स ने गोलकीपर अर्श अनवर शेख के साथ तीन साल का कॉन्ट्रैक्ट किया

कोच्चि (आईएएनएस)। केरला ब्लास्टर्स ने युवा गोलकीपर अर्श अनवर शेख के साथ तीन साल का करार किया है। अनवर शेख 2028 तक क्लब के साथ जुड़े रहेंगे। अर्श को देश के सबसे होनहार गोलकीपर्स में से एक माना जाता है। वह मोहन बागान सुपर जायंट से ब्लास्टर्स में शामिल हुए हैं, जहां उन्होंने टीम में खास जगह बनाई और इंडियन सुपर लीग, डूरंड कप, सुपर कप और एएफसी कप सहित प्रतिष्ठित घरेलू और महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं में शानदार अनुभव हासिल किया। छत्तीसगढ़ में जन्मे अर्श ने भारतीय फुटबॉल में अपनी खास पहचान बनाई है। उन्हें मजबूत सजगता, दबाव में संयम और अपने शानदार डिफेंस के लिए जाना जाता है। माना जा रहा है कि अर्श अनवर शेख ब्लास्टर्स सेटअप में एक आत्मविश्वासी और महत्वाकांक्षी मानसिकता लेकर आ सकते हैं। केरला ब्लास्टर्स से जुड़ने के बाद अर्श ने कहा, "मैं केरला ब्लास्टर्स एफसी से जुड़कर बहुत खुश हूं। यह क्लब ऐसी जगह से है, जहां फुटबॉल को बहुत प्यार किया जाता है। मैंने हमेशा देखा है कि फैंस कितने भावुक हैं। मैं अपने करियर के इस नए अध्याय का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। यहां मेरे लिए सीखने, अनुभव हासिल करने और एक खिलाड़ी के रूप में विकसित होने के लिए सही माहौल है।

डब्ल्यूटीसी फाइनल में साउथ अफ्रीका पहली बार वर्ल्ड चैंपियन

ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया 27 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट जीता

एजेंसी । लंदन

साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जीत ली है। टीम ने शनिवार को डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हरा दिया। साउथ अफ्रीका क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट में पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बना है। इतना ही नहीं, टीम ने 27 साल के बाद कोई आईसीसी टूर्नामेंट जीता है। टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। लंदन के द लॉर्ड्स स्टेडियम में मैच के चौथे दिन लंच से पहले साउथ अफ्रीका ने 282 रन का टारगेट 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ऐडन मार्करम ने 136 रन बनाए, जबकि टेम्बा बावुमा ने 66 रन की पारी खेली। काइल वेरियन ने 84वें ओवर में मिचेल स्टार्क के खिलाफ सिंगल लिया और अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी।

वे 4 रन बनाकर डेविड बेडिंघम (21 रन) के साथ नॉटआउट रहे। ऐडन मार्करम प्लेयर ऑफ द मैच रहे। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 218 रन बनाते हुए साउथ अफ्रीका को 282 रन का टारगेट दिया था। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 212 और साउथ अफ्रीका ने 138 रन बनाए। यहां कंगारू टीम को 74 रन की बढ़त मिली थी।

टेस्ट की गदा के साथ साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा और उनकी बेटी

एमएलसी 2025

रोमांचक मुकाबले में टेक्सास सुपर किंग्स ने बाजी मारी

नई दिल्ली (आईएएनएस)

टेक्सास सुपर किंग्स ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के दूसरे मुकाबले में एमआई न्यूयॉर्क के खिलाफ तीन रन से जीत दर्ज की। इसी के साथ टेक्सास ने अपने नए सीजन की शुरुआत शानदार तरीके से की है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी टेक्सास सुपर किंग्स ने 20 ओवरों में छह विकेट गंवाकर 185 रन बनाए। टेक्सास के लिए डेवोन कॉनवे ने 44 गेंदों में सर्वाधिक 65 रन जड़े। उनकी इस पारी में पांच छक्के और दो चौके शामिल रहे। कॉनवे के अलावा केल्विन सैवेज ने 34 गेंदों में नाबाद 53 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें चार छक्के और दो चौके शामिल रहे। इन दोनों बल्लेबाजों के दम पर टीम ने मजबूत स्कोर खड़ा किया। विपक्षी टीम की ओर से माइकल ब्रेसवेल ने दो विकेट चटकाए, जबकि एहसान आदिल, नवीन-उल-हक और सनी पटेल के नाम एक-एक विकेट रहा।

मॉडलिंग के कई ऑफर ठुकरा चुकी हैं टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा

नई दिल्ली (आईएएनएस)

टेबल टेनिस जगत में भारत को खास पहचान दिलाने में मनिका बत्रा का बड़ा रोल रहा है। 15 जून 1995 को दिल्ली में जन्मी मनिका तीन भाई-बहन में सबसे छोटी हैं। तीन बार की ओलंपियन मनिका दिल्ली के नारायणा विहार की रहने वाली हैं। उनके पिता का नाम गिरीश बत्रा और मां का नाम सुषमा बत्रा है। बड़ी बहन आंचल और बड़े भाई साहिल को टेनिस खेलता देखकर मनिका को भी इस खेल में रुचि जागी। उन्होंने महज चार साल की उम्र में ही टेबल टेनिस खेलना शुरू कर दिया था। इतनी छोटी-सी उम्र में मनिका की स्किल्स बेहद शानदार थी।

खिताबी मुकाबले में भिड़ेंगे कोलाज ग्रुप और मद्रास क्रिकेट क्लब

नई दिल्ली (आईएएनएस)

50वें गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (पंजी.) का खिताबी मुकाबला कोलाज ग्रुप और मद्रास क्रिकेट क्लब के बीच खेला जाएगा। सेंट स्टीफंस क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए पहले सेमीफाइनल में कोलाज ग्रुप और दिल्ली चैलेंजर के बीच मुकाबला हुआ। दिल्ली चैलेंजर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, लेकिन यह निर्णय कोलाज ग्रुप के बल्लेबाजों की विस्फोटक पारी के आगे गलत साबित हुआ। अंकित कुमार ने टूर्नामेंट की सबसे शानदार पारियों में से एक खेलते हुए केवल 39 गेंदों पर नाबाद 117 रन (5 चौके, 14 छक्के) बनाए। उनका साथ दिया समर्थ सेठ ने, जिन्होंने 34 गेंदों में 56 रन (10 चौके, 1 छक्का) की तेजतर्रार पारी खेली। इन दोनों की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत कोलाज ग्रुप ने टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर 257/8 (20 ओवर) बनाया।दिल्ली चैलेंजर की ओर से प्रशांत चौधरी ने सबसे

बढ़िया गेंदबाजी की और 4 विकेट 33 रन देकर हासिल किए। जवाब में दिल्ली चैलेंजर ने बड़े लक्ष्य का पीछा करने की पूरी कोशिश की। कप्तान ललित यादव ने मोर्चा संभालते हुए 33 गेंदों में 63 रन (6 चौके, 3 छक्के) बनाए।उनका साथ दिया गौरव गौर ने, जिन्होंने 24 गेंदों में 54 रन (6 चौके, 3 छक्के) बनाये। प्रियम गर्ग ने 11 गेंदों में 29 रन (2 चौके, 3 छक्के) और प्रशांत चौधरी ने 11 गेंदों में 28 रन (4 छक्के) बनाए।

दिल्ली जीएम ओपन

अभिजीत गुप्ता ने चौथा खिताब जीतकर रचा इतिहास

नई दिल्ली। भारतीय ग्रैंडमास्टर अभिजीत गुप्ता 21वें दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट (दिल्ली जीएम ओपन) 2025 के निर्विवाद चैंपियन बनकर उभरे। उन्होंने 10 में से 8.5 अंक हासिल कर एशिया के सबसे प्रतिष्ठित ओपन शतरंज इवेंट में रिकॉर्ड चौथा खिताब जीता। 36 वर्षीय गुप्ता ने 10 राउंड में अजेय रहते हुए शानदार प्रदर्शन किया। बेलारूसी जीएम मिहेल निकितेंको पर राउंड 9 में उनकी निर्णायक जीत ने उन्हें बढ़त दिलाई और आईएम अरोण्यक घोष के खिलाफ अंतिम राउंड में ड्रॉ ने उन्हें सीधे खिताब पर पहुंचा दिया।निकितेंको (2520, बेलारूस) 8 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, उन्होंने भारतीय जीएम दिप्तयान घोष (2573) को टाईब्रेक में पछाड़ दिया।

एमसीसी ने बाउंड्री कैच नियम बदला

लंदन (आईएएनएस)

बिग बैश लीग में मैट रेनशॉ, माइकल नीसर और टॉम बैंटम के बाउंड्री पर लिए गए कैच अब इस महीने के अंत से वैध नहीं रहेंगे। अपडेट किए गए नियम के अनुसार, जिसे इस महीने आईसीसी की खेल स्थितियों में और फिर अक्टूबर 2026 में एमसीसी के नियमों में शामिल किया जाएगा। यानि हवा में उड़ने वाला क्षेत्ररक्षक सीमा से परे गेंद को केवल एक बार छू सकता है और कैच को सही करार दिए जाने के लिए उसे मैदान के अंदर वापस आना होगा। नेसर द्वारा किया गया "बनी हॉप" - सीमा के बाहर हवा में उड़ने के दौरान दूसरे संपर्क के रूप में गेंद को हथेली से ऊपर उठाना और साथ ही मैदान के अंदर फेंकना अब वैध नहीं होगा। बीबीएल 2023 के दौरान, ब्रिसबेन हीट के लिए खेल रहे नेसर सिडनी

सिक्सर्स के जॉर्डन सिल्क की ओर से लॉन्ग ऑफ पर लगाए गए एक लॉफ्टेड ड्राइव का पीछा कर रहे थे। नेसर ने गेंद को दोनों हाथों से पकड़ा लेकिन उनकी गति ने उन्हें रस्सी के पार पहुंचा दिया। बाउंड्री नियम के अनुसार, नेसर ने शुरुआत में हवा में गेंद को उछाला, बाउंड्री के बाहर उतरे, फिर से कूदे और कैच को पूरा करने के लिए मैदान में वापस कूदने से पहले दोनों पैरों को हवा में रखते हुए गेंद को वापस मैदान में ले गए। सिल्क को आउट करार दिया गया और वह अपना सिर हिलाते हुए वापस चले गए। नेसर ने कहा था कि वह साथी हीट खिलाड़ी रेनशॉ द्वारा गाबा में बीबीएल 2020 के दौरान होबार्ट हरिकेंस के मैथ्यू वेड के कैच को पकड़ने के प्रयास से प्रेरित थे। वेड के लॉफ्टेड स्ट्रोक का जवाब देते हुए रेनशॉ अपने बाएं ओर वाइड लॉन्ग ऑन की ओर भागे और गेंद को सीमा रेखा के अंदर पकड़ लिया। फिर वह अपना संतुलन खो बैठे और रस्सी के ऊपर से कूद गए लेकिन इससे पहले उन्होंने उस गेंद को ऊपर उछाल दिया। यह महसूस करते हुए कि गेंद सीमा रेखा के बाहर गिरेगी, उन्होंने गेंद को वापस खेल में लाने के लिए फिर से छलांग लगाई ताकि बैंटन कैच पूरा कर सके।

व्यापार/लाइफ व साइंस

हमारी अर्थव्यवस्था विश्वास-आधारित शासन के साथ नई ऊंचाइयों को छू सकती है : वित्त मंत्री

नई दिल्ली (आईएएनएस)

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत पिछले 11 वर्षों में स्ट्रक्चरल सुधारों ने भारत के व्यापक आर्थिक बुनियादी ढांचे को नया आकार दिया है।

वित्त मंत्री ने एक मीडिया आर्टिकल में लिखा कि भारत का सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरना कई अनुकूल कारकों पर आधारित है। साथ ही यह अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों जैसे बैंकों, कॉरपोरेट्स, परिवारों, सरकार और एक्सटर्नल सेक्टर की बैलेंस शीट को मजबूत करने के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है। वित्त मंत्री सीतारमण ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "पिछले 11 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था का 'ट्विन डेफिसिट प्रॉब्लम से फाइव-बैलेंस शीट लाभ' तक परिवर्तन पीएम मोदी के नेतृत्व में ठोस नीतिगत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि "जब हम 2014 में सत्ता में आए तो हमारी सबसे पहली प्राथमिकता विकास को पुनर्जीवित करना था। जीएसटी, आईबीसी, आरईआरए और महामारी के वर्षों के दौरान, पीएलआई योजना और ईसीएलजीएस जैसे संरचनात्मक सुधार पेश किए गए, ताकि क्रेडिट-योग्य एमएसएमई को कोरोना से उबरने में मदद मिल सके। वित्त मंत्री ने अपने आर्टिकल में बताया कि वित्त वर्ष 2013-14 में पूंजी निवेश जीडीपी के 1.7 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 3.2 प्रतिशत हो गया। 11 वर्षों में, 88 हवाई अड्डों का संचालन किया गया, 31,000 किलोमीटर रेल पटरियां बिछाई गईं, मेट्रो नेटवर्क का चार गुना से अधिक विस्तार किया गया, बंदरगाह की क्षमता दोगुनी हो गई और राष्ट्रीय राजमार्ग की लंबाई 60 प्रतिशत बढ़ गई।

वित्त मंत्री ने अपने आर्टिकल में भारत की गरीबी उन्मूलन में महत्वपूर्ण प्रगति को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने विश्व बैंक के लेटेस्ट आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि भारत ने पिछले दशक में अपनी अत्यधिक गरीबी दर को कम करने में प्रगति की है और देश में अत्यधिक गरीबी दर 2011-12 में 27.1 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 5.3 प्रतिशत दर्ज की गई है। वित्त मंत्री के अनुसार, यूपीआई द्वारा शुरू की गई डिजिटल भुगतान क्रांति से लेकर मुद्रा ऋण द्वारा प्रकट उद्यमशीलता की लालसा तक, पिछले 11 वर्षों ने दिखाया है कि जब हम विश्वास-आधारित शासन को नियामक बोझ में कमी और सार्वजनिक वस्तुओं के विस्तार के साथ जोड़ते हैं तो हमारी अर्थव्यवस्था नई ऊंचाइयों को छू सकती है।

> *पिछले 11 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था का 'ट्विन डेफिसिट प्रॉब्लम से फाइव-बैलेंस शीट लाभ' तक परिवर्तन पीएम मोदी के नेतृत्व में ठोस नीतिगत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि "जब हम 2014 में सत्ता में आए तो हमारी सबसे पहली प्राथमिकता विकास को पुनर्जीवित करना था।*

लगातार 35वें महीने मासिक शिकायत निपटान 1 लाख के पार: केंद्र

नई दिल्ली । केंद्र सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मई महीने में केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों द्वारा कुल 1,24,101 शिकायतों का निवारण किया गया और लगातार 35वें महीने केंद्रीय सचिवालय में निपटान 1 लाख के पार हो गया। प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) के अनुसार, 1 से 31 मई तक केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों में शिकायतों के निपटान में औसत समय 16 दिन था। केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) की मई की मासिक रिपोर्ट में लोक शिकायतों के प्रकार और श्रेणियों तथा निपटान की प्रकृति का विस्तृत विश्लेषण दिया गया है।

राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन को 2025 में 5.41 लाख शिकायतें मिलीं, 23% दक्षिणी राज्यों से : निधि खरे

नई दिल्ली (आईएएनएस)

उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव निधि खरे ने कहा कि राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन को 2025 में 5.41 लाख शिकायतें मिलीं, जिनमें से 23 प्रतिशत शिकायतें दक्षिणी राज्यों से थीं, जो मजबूत क्षेत्रीय जुड़ाव को दर्शाता है। भारत सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग ने उपभोक्ता शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए चेन्नई में 'दक्षिणी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में उपभोक्ता संरक्षण' पर एक क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए खरे ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर दर्ज 28.54 लाख शिकायत के मामलों में से केवल 5.62 लाख मामले पेंडिंग हैं, जबकि दक्षिणी राज्यों में यह संख्या केवल 13.34 प्रतिशत है। उन्होंने

दक्षिणी राज्यों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि कर्नाटक और केरल आयोगों ने दर्ज मामलों से अधिक मामलों का निपटारा किया है और कई जिला आयोगों ने लगातार तीन वर्षों में 100 प्रतिशत से अधिक डिस्पोजल रेट हासिल किया है। इसके अलावा, वर्चुअल कोर्ट के माध्यम से 11,900 से अधिक मामलों की सुनवाई की गई। अपने मुख्य भाषण में खरे ने इस बात पर जोर दिया कि डिजिटल युग में अनुकूलनीय कानूनी और डिजिटल तंत्र की आवश्यकता है। उन्होंने राइट टू रिपेयर पोर्टल, ई-जागृति और राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन को मजबूत बनाने जैसी पहलों के महत्व को रेखांकित किया, जो मुकदमे से पहले के चरण में उपभोक्ता शिकायतों के निवारण का त्वरित और परेशानी मुक्त तरीका है। उन्होंने एआई-पावर्ड यूनिफाइड प्लेटफॉर्म ई-जागृति को लेकर कहा कि इसमें ई-दाखिल और कॉन्फोनेट जैसी प्रमुख प्रणालियों का इंटीग्रेशन किया गया है, जो चैटबॉट-बेस्ड रजिस्ट्रेशन, बहुभाषी पहुंच और कानूनी पेशेवरों और दिव्यांग यूजर्स के लिए सहायता जैसी सुविधाएं प्रदान करता है। इसके अलावा, खरे ने डार्क पैटर्न, फर्जी समीक्षा और भ्रामक विज्ञापनों पर अंकुश लगाने के लिए केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) द्वारा उठाए गए नियामक कदमों पर भी प्रकाश डाला।

विदेशी निवेशकों ने इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों में 3,346 करोड़ रुपए से अधिक का किया निवेश

नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा ब्याज दरों में कटौती के बाद निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ और इसी के साथ विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों में 3,346.94 करोड़ रुपए का निवेश किया। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई सप्ताह के पहले तीन कारोबारी सत्रों, 9 जून से 13 जून के दौरान भारतीय इक्विटी बाजार में सक्रिय खरीदार रहे। बाजार में सकारात्मक माहौल मुख्य रूप से आरबीआई द्वारा रेपो दर को 50 आधार अंकों से घटाकर 5.5 प्रतिशत करने के फैसले से जुड़ा था, जिसे कई लोगों ने आर्थिक विकास को समर्थन देने और बाजार में लिक्विडिटी में सुधार के स्पष्ट संकेत के रूप में देखा। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि ब्याज दरों में इस आश्चर्यजनक कटौती ने विदेशी निवेश को आकर्षित करने में बड़ी भूमिका निभाई है, क्योंकि यह केंद्रीय बैंक के विकास समर्थक दृष्टिकोण को दर्शाता है। 6 जून को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के निर्णय का निवेशकों ने स्वागत किया है। निवेशकों ने इसे अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और कॉर्पोरेट आय में सुधार के लिए समय पर उठाया गया महत्वपूर्ण कदम माना। एक ओर जहां वैश्विक कारक बाजार की गतिविधियों को प्रभावित करना जारी रखते हैं, वहीं दूसरी ओर भारत अपनी मजबूत बुनियादी बातों, नीति समर्थन और बढ़ती अर्थव्यवस्था के कारण विदेशी निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना हुआ है।

एसबीआई का होम लोन 0.50% सस्ता हुआ

- अब 7.50% इंटरेस्ट पर मिलेगा कर्ज, यहां समझें ईएमआई कितनी कम हो जाएगी

मुंबई । स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने लोन की ब्याज दरों में 0.50% की कटौती की है। इस कटौती के बाद SBI से सभी तरह के लोन लेना अब सस्ता हो गया है। अब SBI की होम लोन की ब्याज दर सालाना 7.50% से शुरू होंगी। आरबीआई ने हाल ही में रेपो रेट को 6.00% से घटाकर 5.50% किया है। जिसके बाद बैंकों ने भी एफडी और लोन की ब्याज दरों में कटौती शुरू कर दी है।